वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 09 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 68, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

फरवरी में इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश सर्वाधिक

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है। } 11

सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस की शुरुआत

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। } 12

वाराणसी में महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते पुजारी

महाशिवरात्रि के महापर्व पर औद्योगीकरण का नया युग शुरू

योगी ने बांसगांव को दी 222 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि धुरियापार समेत गोरखपुर के जिस दक्षिणांचल को लेकर यह मान लिया गया था कि यहां कुछ हो ही नहीं सकता, उसी गोरखपुर के दक्षिणांचल में महाशिवरात्रि के पावन महापर्व पर औद्योगीकरण के युग का शुभारंभ हो गया है। धुरियापार के ऊसर में पूर्वी उत्तर प्रदेश और गोरखपुर के पहले सीबीजी प्लांट के रूप में उद्योग बनकर तैयार है। यह प्लांट नौजवानों को रोजगार दिलाने तथा अन्नदाता किसानों की आय ...शेष पृष्ठ 10 पर

गोरखपुर में पहले सीबीजी प्लांट का उदघाट्न करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

यूपी में होंगे 100 सीबीजी प्लांट : हरदीप पुरी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में धुरियापार सीबीजी प्लांट समेत कुल दस सीबीजी प्लांट लगाया गया हैं। लेकिन आने वाले समय मे यूपी में ही सौ सीबीजी प्लांट होंगे। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री पुरी शुक्रवार को धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीबीजी प्लांट पर्यावरण की रक्षा, किसानों की आमदनी बढ़ाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता ...शेष पृष्ठ 10 पर

एलपीजी गैस सिलेंडर पर 100 रुपये की छूट

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने दी बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की और समाज सेवी सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने जैसी कुछ प्रमुख घोषणाएं की गईं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनकी सरकार के कई उपायों ने महिलाओं को कैसे सशक्त बनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की कटौती की घोषणा से नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। मोदी ने कहा कि रसोई गैस को और अधिक किफायती बनाकर सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

महिला को फ्री गैस सिलेंडर सौंपते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (फाइल फोटो)

प्रधानमंत्री ने की क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरुआत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) से क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट शुरू करने और भारत की संस्कृति, विरासत और परंपराओं पर दुनिया के साथ कहानियों को साझा करने का आग्रह किया।

मोदी ने यहां भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें। ग्रीन चैंपियन श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया। उन्होंने कहा आइए, हम सब मिलकर क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरुआत करें। आइए, हम भारत से,

प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार सम्मेलन में विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते प्रधानमंत्री मोदी

11 को चुनावी बॉण्ड की याचिका पर सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगी, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किये गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समयसीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की जानबूझकर अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष न्यायालय की मामला सूची के अनुसार, पीठ इन दो याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

घर बैठे वोट डाल सकेंगे 85 साल से ऊपर के मतदाता

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव में 85 साल से ऊपर के मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इस सम्बंध में भारत निर्वाचन आयोग ने नए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। नए नियमों के तहत प्रदेश के बुजुर्ग घर बैठे मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार 85 वर्ष से ऊपर की आयु वाले मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे पहले 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों को पोस्टल बैलेट की सुविधा मिली हुई थी। प्रदेश के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाता स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने के लिए निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के पांच दिवसों के अंदर संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु ...शेष पृष्ठ 10 पर

शराब पीने से मना किया तो पत्नी को जिंदा जलाया

बदायूं। जनपद में एक व्यक्ति ने शराब पीने से मना करने पर अपनी पत्नी को कथित तौर पर पेट्रोल छिड़ककर जला दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महिला को बचाने के प्रयास में उसकी सास भी गंभीर रूप झुलस गई। महिला की चीख सुनकर आए पड़ोसियों ने किसी तरह आग बुझाई और पुलिस को मामले की सूचना दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि गुजरिया थाना क्षेत्र के नैथुआ गांव निवासी मुनीश सक्सेना शराब पीने का आदी है और वह अक्सर अपनी पत्नी शन्नो (40) के साथ मारपीट किया करता था।

वायनाड से फिर चुनाव लड़ेंगे राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का है, जो एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने लोकसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़, केरल और कई अन्य राज्यों की 39 सीट के लिये उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई थी। राहुल गांधी के अलावा इस सूची में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा, थरूर तिरुवनंतपुरम और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनाव लड़ेंगे।

> ❍ लोस चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी

वेणुगोपाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी मोड में है। इस मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा भी मौजूद थे। माकन ने कहा कि यह सूची युवाओं और अनुभवी नेताओं का शानदार मिश्रण है। ऐसी अटकलें ...शेष पृष्ठ 10 पर

125 देशों ने भारत पर जताया विश्वास : जयशंकर

आजादी के बाद भारत पर कई बार आक्रमण हुए लेकिन किसी देश ने नहीं दिया साथ

एजेंसी

तोक्यो। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ग्लोबल साउथ में भारत के नेतृत्व पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि इस मंच के 125 देशों ने भारत पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर विचार के लिए पिछले साल भारत द्वारा आहूत दो बैठकों में चीन शामिल नहीं हुआ। यहां भारत-जापान साझेदारी पर निक्की फोरम को संबोधित करते हुए भारत के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखते हैं।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। जयशंकर ने कहा कई मुद्दों पर ये देश एक-दूसरे के प्रति सहानूभूति रखते हैं। कोविड से यह भावना बढ़ गयी, क्योंकि ग्लोबल साउथ के कई देशों को लगा कि वे टीका मिलने के मामले में कतार में सबसे पीछे खड़े हैं। जब भारत जी20 का अध्यक्ष बना, तब भी उन्हें लगा कि उनकी चिंताएं जी20 के एजेंडे में भी नहीं है। उन्होंने कहा इसलिए हमने ग्लोबल साउथ के नेताओं के साथ दो बैठकें कीं, क्योंकि हम इन 125 देशों की बात सुनना चाहते थे और फिर जी20 के समक्ष कई मुद्दे रखे, जो इन 125 देशों के सामूहिक विचार थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश जानते हैं कि असल में क्या हो रहा है, उनके लिए कौन बोल रहा है और उनके मुद्दों पर कैसे बातचीत की जा रही है। जयशंकर ने कहा वे यह नहीं मानते कि यह महज संयोग है कि भारत की अध्यक्षता में अफ्रीकी संघ को जी20 की सदस्यता मिली। इसलिए ग्लोबल साउथ हम पर यकीन करता है। उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के शामिल न होने के संदर्भ में कहा पिछले साल उनकी (ग्लोबल साउथ की) चिंताओं को सुनने के लिए हमने जो दो शिखर सम्मेलन आयोजित किए, मुझे नहीं लगता कि चीन उसमें उपस्थित हुआ था। रूस के साथ भारत के संबंधों और यूक्रेन में युद्ध की उसकी आलोचना पर विदेश मंत्री ने कहा कई बार विश्व राजनीति में, देश एक मुद्दा, एक स्थिति, एक सिद्धांत चुनते हैं और वे इसपर इसलिए जोर देते हैं कि वह उनके अनुकूल होता है। लेकिन अगर कोई सिद्धांत पर गौर करे तो भारत में हमलोग किसी अन्य देश के मुकाबले बेहतर जानते हैं। उन्होंने कहा आजादी मिलने के तुरंत बाद, हमने आक्रमण देखा, हमारी सीमाओं में बदलाव की कोशिश हुई और बल्कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

विदेशमंत्री एस जयशंकर के साथ जापान के प्रधानमंत्री फोमियो किशिदा

आज का मौसम

अधिकतम	:	21.00 डिसे.
न्यूनतम	:	15.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ माघ मेला सम्पन्न (पृष्ठ-02)
- विद्युत उत्पादन में यूपी बनेगा नंबर वन (पृष्ठ-02)
- भारत में आम चुनाव से पहले एफटीए संभव (पृष्ठ-11)
- विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 625.63 अरब डॉलर (पृष्ठ-11)
- ओडिशा ने 80,125 करोड़ की परियोजना मंजूर (पृष्ठ-11)

विशेष खबर अंतरिक्ष कार्यक्रम में अहम योगदान दे रही इंडियन एयरफोर्स : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

वायु सेना की चार इकाई राष्ट्रपति मानक व रंग पुरस्कार से सम्मानित

जिला संवाददाता

गाजियाबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग (प्रेजिडेंड्स स्टैंडर्ड एंड कलर्स) पुरस्कार से सम्मानित किया। गाजियाबाद में हिंडन वायु सेना स्टेशन में आयोजित एक समारोह में 45 स्क्वॉड्रन और 221 स्क्वॉड्रन को राष्ट्रपति के मानक और 11 बेस रिपेयर डिपो तथा 509 सिग्नल यूनिट को राष्ट्रपति के रंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भारतीय वायुसेना के इतिहास में यह पहला अवसर है जब वायुसेना की चार इकाइयों को एक साथ इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है और वह न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है। मुर्मू ने भारतीय वायुसेना की चार इकाइयों को राष्ट्रपति मानक एवं रंग (प्रेजिटेंड्स स्टैंडर्ड एंड कलर्स) पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उन्हें विश्वास है कि अधिक से अधिक महिलाएं वायुसेना में भर्ती होंगी और राष्ट्र की सेवा करेंगी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा में भारतीय वायुसेना का योगदान स्वर्णाक्षरों में अंकित है। यह हर्ष की बात है कि भारतीय वायुसेना न केवल हवाई क्षेत्र की रक्षा कर रही है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी अहम योगदान दे रही है।

मुर्मू ने कहा कि जल, थल और नभ की रक्षा करने के अलावा आज साइबर क्षेत्र तथा प्रयोगशालाओं की रक्षा करना भी आवश्यक है। समारोह के बाद अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई है कि भारतीय वायुसेना पिछले कुछ वर्षों से उन्नत प्रौद्योगिकियां अपना रही है। वायुसेना की 45 स्क्वॉड्रन को फ्लाइंग डैगर्स के नाम से भी जाना जाता है। इसकी स्थापना 1959 में हुई थी। इस स्क्वॉड्रन ने 1960 में पुर्तगाली शासन से गोवा की आजादी के लिए ऑपरेशन विजय में भाग लिया था।

दिल्ली पुलिस के उपनिरीक्षक ने नमाजियों को मारी लात, सस्पेंड

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में सड़क पर नमाज अदा कर रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर लात मारने वाले उपनिरीक्षक को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना जुमे की नमाज के दौरान अपराह्न करीब दो बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए सड़क अवरुद्ध कर दी थी। कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई। इस कथित कृत्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कथित वीडियो में देखा जा सकता है कि एक उपनिरीक्षक सड़क पर नमाज अदा करते हुए लोगों को लात मार रहा है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम के मीणा ने कहा आज हुई घटना में, वीडियो में दिख रहे पुलिस चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। मीणा ने कहा कि घटना के संज्ञान के आते ही पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले दिन में, डीसीपी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

C M Y K

सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु : योगी

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में महिलाओं को मुख्यमंत्री ने दिया सिलाई मशीन का उपहार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही हैं, उनमें सर्वाधिक संख्या महिलाओं से जुड़ी हैं। सरकार और समाज के लिए महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सर्वोपरि होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

इसी प्रतिबद्धता से महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी महिलाओं के सम्मान-स्वावलंबन के लिए सराहनीय योगदान दे रहा है।

सीएम योगी शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षु महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिलाई मशीन वितरित करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री, इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर में महिला को सिलाई मशीन देते सीएम योगी आदित्यनाथ

महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 221 महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की गई। नौ प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए सुरक्षा का वातावरण देकर महिलाओं के स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करना होगा। सीएम योगी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने व्यक्ति, मत, मजहब या क्षेत्र को योजनाओं का आधार नहीं बनाया। बल्कि योजनाओं का आधार गांव, गरीब, किसान, महिलाओं को बनाया गया। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मातृ वंदन सीधे महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी हैं तो शौचालय, उज्ज्वला, सौभाग्य और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के केंद्र भी महिलाएं हैं क्योंकि यदि परिवार में अभाव होगा तो सबसे अधिक दिक्कत महिला को ही होती है। पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शिल्पियों के साथ ही महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ही तरह प्रदेश सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं चलाई हैं। छात्रों के साथ छात्राओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परंपरागत पाठ्यक्रमों के संचालन करने के साथ कई सामाजिक व रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। सीएम ने कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज महिलाओं समेत सभी लोगों को स्वावलंबन की राह दिखा रहा है। यहां किसानों को पराली और गोबर बेचकर कमाई करने का नया विकल्प दिया जा रहा है तो गोपालन के लिए सरकारी प्रोत्साहन भी। गाय पालने के लिए प्रति गाय पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह सरकार दे रही है। गाय पालिए, उसका दूध पीजिए और गोबर बेचकर आमदनी भी करिए।

रेडीमेड गारमेंट की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं महिलाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण देकर सिलाई मशीन उपलब्ध कराने का महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है। यह महिला स्वावलंबन से जुड़ा अभिनव प्रयास है। प्रशिक्षण के बाद सिलाई मशीन पर काम शुरू कर ये महिलाएं रेडीमेड गारमेंट की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इस काम में एफपीओ और स्वयं सहायता समूह बनाकर काम करना फायदेमंद होगा। अपने रेडीमेड गारमेंट को मार्केट से लिंक कर महिलाएं प्रतिमाह आठ से दस हजार रुपये की आमदनी कर सकती हैं।

महिलाओं को स्वावलंबी बना रहे मोदी-योगी : रविकिशन

विशिष्ट अतिथि सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी निस्वार्थ तपस्वी हैं। दोनों नेतृत्वकताओं ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान देने के बाद उन्हें स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की अनेक सौगात भी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक महेंद्रपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीयता की विचारधारा को आगे बढ़ाने के साथ समाज को स्वावलंबी बनाने का कार्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद को विरासत में मिला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सोनबरसा की सुनीता, नंदिनी, प्रमिला, बालापार की अमीना खातून, गीता पासवान, शारदा प्रजापति तथा सिकटौर की पूजा देवी, कौशल्या देवी व काजल चौहान को सिलाई मशीन का उपहार मिला।

सीएम योगी ने पीएम का जताया आभार

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट के निर्णय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। अपने एक्स अकाउंट पर लिखते हुए मुख्यमंत्री ने इस फैसले को मातृशक्ति का सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करने वाली लोक-कल्याणकारी सौगात बताया है। सीएम ने लिखा महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रु की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुंए और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा।

डीए की मंजूरी देने पर जताया आभार

लखनऊ। मोदी कैबिनेट की ओर से शुक्रवार को केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनर्स की महंगाई राहत (डीआर) की अतिरिक्त किस्त को मंजूरी दी गई है। इसके तहत मूल वेतन/पेंशन की 46 प्रतिशत की मौजूदा दर से 4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। सीएम योगी ने इसे होली से पहले 49 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 67 लाख से अधिक पेंशनर्स को लाभान्वित करने वाला निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बड़े निर्णय के लिए आभार जताया है।

महाशिवरात्रि स्नान पर्व के साथ माघ मेले का समापन

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े वार्षिक समागम माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि का सकुशल समापन हो गया। महाशिवरात्रि पर लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से इस बार के माघ मेले को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए कई नवाचार भी किए गए। त्रिवेणी के तट पर लगे माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई।

माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक सुबह से ही संगम में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार संगम में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। उन्होंने यह भी बताया है कि 54 दिनों तक चले इस माघ मेले के 6 प्रमुख स्नान पर्वों पर 3 करोड़ 27 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। आगामी महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखकर इस बार माघ मेले का आयोजन योगी सरकार ने किया था। इसीलिए यह माघ मेला महाकुंभ के लिए नवाचार की प्रयोगशाला भी रहा। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद बताते हैं कि इस बार के माघ मेले में कई नए नवाचार किए गए। माघ मेला में पहली बार रोशनी की सतत व्यवस्था और विद्युत की बचत के लिए 165 से अधिक एलइडी सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 21 हजार शौचालय बनाए गए हैं। माघ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 10 वाटर एटीएम लगाए गए। मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर थीमैटिक और स्पाइरल लाइट का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा मेला क्षेत्र के पॉन्टून पुल में पहली बार डेलिनेटर्स लाइट्स का इस्तेमाल किया गया है। मेला क्षेत्र के दो पांटून पुल में इसका प्रयोग किया गया। सिंचाई विभाग की तरफ से मेला क्षेत्र में नदियों के पानी के बहाव से होने वाले कटाव को रोकने के लिए पहली बार जियो बैग का इस्तेमाल किया गया। माघ मेला में आने वाली श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी पहली बार प्रभावी रूप से किया गया। माघ मेला में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए पर्यटन विभाग की तरफ से भी अभिनव प्रयोग किए गए। उत्तर प्रदेश का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट भी इसी माघ मेले के समय यमुना नदी की लहरों में बोट क्लब में शुरू किया गया।

माघ मेले के आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर संगम में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने खुद इसका उद्घाटन किया। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू करने के साथ यमुना नदी में मिनी क्रूज की बोटिंग सेवा भी शुरू की गई है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि यमुना नदी में त्रिवेणी क्लब से सुजावन देव मंदिर तक मिनी क्रूज बोटिंग की सेवा शुरू की गई है। इसके लिए 240 रु लाख की लागत से दो मिनी क्रूज तैयार हुए जो पर्यटकों को यमुना नदी में जल पर्यटन की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। माघ मेले में अप्रवासी भारतीयों को हेरिटेज वॉक का मौका मिला। टूर कंपनी होली वाटर्स इंडिया जर्निज के संचालक नीलेश नारायण के मुताबिक इस बार माघ मेला आए।

मेरे दरवाजे 24 घंटे कार्यकर्ताओं व जनता के लिए खुले : अनिल कुमार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। एनडीए में निहित रालोद से विधायक प्रदेश के नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार का शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत व अभिनंदन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अनिल कुमार पार्टी प्रदेश मुख्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ा के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्रदेश मुख्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्रदेश मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एवं मनोज चौधरी, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद एवं पूर्व विधायक डॉ. अजय तोमर की उपस्थिति में प्रदेश के नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार को प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया। अपने स्वागत से अभिभूत नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। मेरे दरवाजे 24 घंटे कार्यकर्ताओं व आम जनता के लिए खुले रहेंगे और सरकार में रहकर किसानों, मजदूरों व शोषित वंचित समाज तथा अल्पसंख्यकों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने का प्रण करता हूं। उन्होंने कहा कि चौधरी ने मुझ जैसे अनुसूचित जाति के सामान्य कार्यकर्ता को मंत्री बनाकर न केवल प्रदेश के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया है, बल्कि प्रदेश के वंचित और अनुसूचित जाति के लोगों को उनका खोया सम्मान देने का काम किया है। रालोद उत्तर प्रदेश में 80 की 80 लोकसभा सीटों को जीतने के भाजपा निहित एनडीए गठबंधन के लक्ष्य को पूर्ण करने और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हैं।

रालोद कार्यालय पर नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार का माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी

महिलाओं को जोड़ने के लिए आरपीआई चलायेगी अभियान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित आरपीआई के प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) महिलाओं को जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाने जा रही है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित आरपीआई के प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसला लिया गया।

महिला मोर्चा की बैठक में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला ने कहा कि समाज में महिलाओं की भी भागीदारी उतनी ही है, जितनी एक पुरुष की। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सदन में पास हुए महिला आरक्षण बिल ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। आरपीआई इस ऐतिहासिक बिल के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज की आधी आबादी भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए लंबी सामाजिक लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा ही महिलाओं को समानता, शिक्षा, सम्मान, अधिकार और अपनी समर्थता को समझने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को मनुवादी सोच से निकाला। उनकी समाज में बराबरी के लिए कानून बनाया। आज आरपीआई बाबा साहेब के विचारों को साथ लेकर गांव-गांव, गली-गली, कस्बों, शहरों में महिलाओं को जागरूक करेगी एवं साथ जोड़ेगी। इसके लिए आगामी 10 मार्च से पूरे प्रदेश में अभियान चलेगा। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि शुक्ला ने कहा कि सामाजिक रूप से महिलाओं को बराबरी का हक दिलाने के लिए और उनके योगदान को समझाने के मकसद से हर साल 8 मार्च को अंतरराष?ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। आज महिलाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति आवाज उठाने की आवश्यकता है। हम महिला मोर्चा के माध्यम से समाज में दबी, कुचली, दलित, वंचित सहित हर वर्ग की महिलाओं को आरपीआई से जोड़ेंगे एवं उन्हें सशक्त बनाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से दुर्गावती सिंह, संजना देवी, ममता सिंह, महरून निशा, सीता सिंह, विनीता श्रीवास्तव, प्रिया अस्थाना, प्रतिभा शाही, सरोज पांडेय, रजिया, रोशन आरा, रेखा, रेनू, तारो बीबी सहित तमाम महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

विद्युत उत्पादन में यूपी बनेगा नंबर वन

- खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदान : ए.के. शर्मा
- 31 मार्च 2023 के पहले के नलकूप के बिलों के अधिभार में छूट देने के लिए लायी जायेगी योजना
- अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों की स्थापना से मिलेगी सस्ती बिजली

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। किसानों की खेती की लागत को कम करने और उनकी आय को दोगुना करने के मा. प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा प्रदेश की विद्युत उत्पान क्षमता को बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत हैं।


नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों को सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली उपलब्ध कराये जाने के उपलक्ष्य में आयोजित संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की खेती की लागत को कम करना और उनकी आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत की ढांचागत व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। किसानों के 5,001 कृषि फीडरों को पर्याप्त बिजली मिले इसलिए उन्हें अलग किया जा रहा।

ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार ने चुनाव में किसानों को मुफ्त बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा किया है। अब 01 अप्रैल, 2023 से किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिलों को माफ कर दिया गया है। साथ ही इसके पहले के बिलों के अधिभार में छूट की योजना भी लायी जायेगी। बिजली की व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के बाद यह व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही किसानों को इसका लाभ मिले इसके लिए रोडमैप बनाया जायेगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के लाखों मजरों में बिजली नहीं थी। प्रदेश सरकार ने 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण कराया। इसी प्रकार पहले 13 लाख निजी नलकूप के कनेक्शन थे, पिछले 02 वर्षों में 1.25 लाख निजी नलकूप कनेक्शन किसानों को दिये गये। प्रदेश में 3.25 करोड़ से अधिक विद्युत कनेक्शन हैं। विगत 02 वर्षों में 32.50 लाख कनेक्शन दिये गये। 5,20,400 अतिभारित ट्रांसफार्मर को हटाकर नये ट्रांसफार्मर लगाये गये। 75,000 किलोमीटर जर्जर तार को बदल कर एबी केबल लगायी गयी। 14.25 लाख से ज्यादा बिजली के पोल बदले गये। 33/11केवी के 35 उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गई तथा 205 बड़े पावर ट्रांसफार्मर को भी बदला गया। केन्द्र की आरडीएसएस योजना के तहत 17,000 करोड़ रुपये से विद्युत सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। 5,000 करोड़ रुपए से बिजनेस प्लान के तहत कार्य हो रहा। 1000 करोड़ रुपये से छोटे निकायों की बिजली को दुरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली उत्पादन को दोगुना करने के प्रयास में है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा का अंतिम दिन आज

- 22 फरवरी से शुरू हुई थी हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा
- 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा का अंतिम दिन शनिवार को है। दोनों पॉलियों में दो लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बोर्ड ने शुक्रवार को शिवरात्रि के अवकाश में भी परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी की समीक्षा की। अब तक की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हुई थी और 9 मार्च तक कुल 16 दिन तक यह परीक्षा चली। परीक्षा के दौरान कई दिन गैप भी रहा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और शुचिता के साथ संपन्न कराने में सफल रहा है।

दोनों पॉलियों में होगी परीक्षा

बोर्ड परीक्षा में शनिवार को प्रथम पाली हाईस्कूल में गुजराती, उर्दू, पंजाबी आदि विषयों की परीक्षा 3409 केंद्रों एवं इंटर की व्यवसायिक वर्ग के विषयों की परीक्षा 1091 परीक्षा केंद्रों पर होगी। इनमें हाईस्कूल में 63508 एवं इंटर में 32,475 समेत कुल 95983 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। द्वितीय पाली में इलेक्ट्रिशियन, आपदा, प्रबंधन, सोलर सिस्टम, रिपेयर व प्लम्बर विषय की परीक्षा एक केंद्र तथा इंटर की संस्कृत व कृषि वर्ग के विषयों की परीक्षा 5613 केंद्रों पर होगी। हाईस्कूल के 37 परीक्षार्थी और इंटर में 12,7941 परीक्षार्थी समेत कुल 1,27,978 परीक्षार्थी पंजीकृत है। दोनों पालियों में 2,23,924 पंजीकृत हैं। बता दें कि परीक्षा में कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें हाईस्कूल में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी थे। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि 9 मार्च की परीक्षा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भी बोर्ड कार्यालय में काम होता रहा। साथ में मूल्यांकन को लेकर भी काम शुरू हो गया है।

सराहनीय सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने वालों को मिलेंगे वित्तीय और गैर वित्तीय प्रोत्साहन, 24 घंटे मिलेगी जल आपूर्ति की सुविधा, एसटीपी निस्तारण की भी होगी व्यवस्था

आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में पहचानी जायेंगी सेमीकंडक्टर यूनिट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में योगी सरकार महत्वपूर्ण काम कर रही है। प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को योगी सरकार न सिर्फ वित्तीय प्रोत्साहन देगी, बल्कि गैर वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी।

सेमीकंडक्टर पॉलिसी के अनुसार राज्य में सेमीकंडक्टर उद्योग को आवश्यक सेवा और रख-रखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत एक आवश्यक सेवा प्रदाता के रूप में वगीर्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस अधिनियम की स्थापना कुछ सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी, जिनके बाधित होने पर लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा। ऐसे में सेमीकंडक्टर यूनिट की सफलता के लिए यह योगी सरकार का बहुत बड़ा कदम होगा।

24 घंटे होगी जल और बिजली की आपूर्ति : उच्च शिक्षा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की इसके अतिरिक्त, पॉलिसी में प्रोत्साहन के लिए कई और महत्वपूर्ण उपाय भी किए गए हैं। इसके अनुसार औद्योगिक प्राधिकरण चौबीस घंटे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएंगे तथा एसटीपी निस्तारण की सुविधा भी प्रदान करेंगे अथवा बनाएंगे। इसके साथ ही इकाई को 'ओपन एक्सेस' के माध्यम से विद्युत प्राप्त करने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं, इकाई को नवीकरणीय हरित ऊर्जा के लिए पॉवर बैंकिंग भी प्रदान की जाएगी। यह राज्य के विद्युत नियामक आयोग (ईआरसी) दिशानिदेर्शों के अनुसार शासित होगा। सरकार पावर ग्रिड में पर्याप्त अतिरिक्तता (१ी०िल्लंल्लू८) सुनिश्चित करेगी, ताकि फैब परियोजनाओं के निर्बाध संचालन के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति प्रदान की जा सके।

सातों दिन एवं तीन पालियों में हो सकेगा परिचालन

सेमीकंडक्टर इकाइयों को 24७७ परिचालन और तीन पालियों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति होगी, लेकिन इसके लिए कुछ विशेष शर्तें रखी गई हैं। इसके अनुसार जो इकाइयां महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक सावधानी पुख्ता करेंगी उन्हें इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर इकाइयों को विशिष्ट शिकायतों के कारण होने वाले निरीक्षणों को छोड़कर कई अधिनियमों और उनके तहत नियमों के अंतर्गत निरीक्षण से छूट है। इन इकाइयों को निर्धारित प्रारूपों में स्व-प्रमाणन प्रमाण-पत्र दाखिल करने की अनुमति है। इनमें फैक्ट्री अधिनियम, मातृत्व लाभ अधिनियम, दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम, अनुबंध श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम एवं रोजगार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम शामिल है।

नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी होंगे लागू

इकाइयों के प्रोत्साहन के लिए नॉन-डिस्टर्बेन्स प्राविधान भी लागू किए जाएंगे। इसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर इकाइयों को संरक्षण दिया जाएगा, ताकि उनको बाधारहित व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। इसके तहत सुनिश्चित व्यापार निरंतरता प्रदान करने के लिए इकाइयों को कुछ इम्यूनिटी भी दी गई है। इसके तहत विकासकर्ता द्वारा निवेश पूर्ण करने और संबंधित प्राधिकरण से पूर्णता प्राप्त करने के साथ ही पूरा लीज रेंट भुगतान करने के बाद किसी सेमीकंडक्टर इकाई द्वारा किसी भी मानदंड उपनियम के उल्लंघन के मामले में पट्टा विलेख निरस्त करने के लिए प्राधिकरण के निदेशक मंडल की स्वीकृति एक पूर्व आवश्यकता होगी।

एलडीए से सस्ते आवास लेकर खोल दिये दुकान व शोरूम

सुलभ आवास में खुले एटीएम, सेंटर व प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने की दुकानें

आशीष मौर्य (vol)

लखनऊ। सस्ती कीमत पर घर खरीदकर सुलभ आवास के आवंटियों ने व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी हैं। यहां अवैध तरीके से एटीएम, दुकानें और शोरूम खोल लिए हैं। कहीं मेडिकल स्टोर चल रहा है तो कहीं प्रापर्टी के खरीदने-बेचने का धंधा। आवंटियों ने कामर्शियल एक्टिविटी के लिए मकान में अवैध तरीके से बदलाव भी कर लिए हैं।

गोमती नगर विस्तार सेक्टर एक में दुर्बल व अल्प आय वर्ग के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुलभ आवासों का निर्माण कराया है। वर्ष 2010 से 2014 तक इनका आवंटन किया गया। उस समय निर्धारित मानकों के विपरीत इनका आवंटन कर दिया। लिहाजा बड़ी संख्या में आवंटियों ने एग्रीमेंट के आधार पर दूसरों को कब्जा दे दिया। एलडीए के अधिकारियों की मानें तो कई आवंटियों की ओर से अभी तक पूरा पैसा भी नहीं जमा किया गया है मगर उन्हें कब्जा दे दिया गया। अब इन्हीं आवंटियों ने दूसरों को यह आवास बेच दिए हैं। सेक्टर एक के भूतल पर बने सभी आवासों में व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं। कहीं पर एटीएम को किराये पर दे दिया गया है। तो कहीं मेस व ब्यूटी पार्लर चल रहे हैं। इसी तरह कोई नर्सिंग होम चला रहा है तो कोई फिजियोथेरेपी सेंटर। इतना ही नहीं मुख्य सड़क पर स्थित सुलभ आवास के भूतल पर रेस्टोरेंट व सेंटर चल रहे हैं। दुकानों व शोरूम को खोलने के लिए मकानों का स्वरूप ही बदल दिया गया है। कहीं दीवार तोड़ दी गई है तो कहीं बालकनी को हटाकर मुख्य गेट की ओर दरवाजा लगा लिया गया है।

एलडीए के सर्वे में मिले थे अवैध 150 कब्जे : बता दें कि कुछ समय पहले सुलभ आवास योजना के आरडब्ल्यूए की ओर से कालोनी के भवनों में अवैध कब्जों की शिकायत की गयी थी। इस पर उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के लिए 20 अधिकारियों की टीम गठित की थी। इन टीमों ने सुलभ आवास योजना के अलग-अलग ब्लॉकों में जाकर सर्वे किया था। लगभग 150 आवासों में अवैध कब्जे मिले थे। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए थे कि जिन आवासों में अवैध अध्यासियों ने अपना ताला लगाया है, उन्हें सील कर दिया जाए। वहीं, जिन आवासों में अवैध अध्यासी रहते हुए मिलें, उनमें पुलिस बल के सहयोग से खाली कराने की कार्रवाई की जाए। इस क्रम में इनवेन्ट्री बनाकर अवैध अध्यासियों के सामान की कुर्की भी की जाए। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये थे कि जिन आवासों में अवैध कब्जे हैं, उनमें बिजली कनेक्शन काटने के लिए विद्युत विभाग को पत्र भेजा जाए। उपाध्यक्ष ने आदेश दिये कि इन आवासों का आवंटन नियमानुसार निरस्त करके नये सिरे से लॉटरी कराने की कार्रवाई की जाए। लेकिन अधिकारियों व इंजीनियरों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि अधिकारियों ने 65 सुलभ आवास खाली कराये थे। इस तरह की अवैध गतिविधियां गोमती नगर विस्तार योजना के सेक्टर-1, 4 व 6 में स्थित सुलभ आवासों में चल रही हैं।



प्रो. ओंकार बने लोकपाल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं वर्तमान प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस प्रो ओंकार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट का तीन वर्षों के लिए लोकपाल नियुक्त किया गया है। प्रो ओंकार को उत्तर प्रदेश सरकार सरस्वती सम्मान से भी सम्मानित कर चुकी है। वह एक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शोधवेत्ता है। विश्वविद्यालयों में लोकपाल की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2023 के क्रमांक 6 के प्रावधानुसार छात्रों की शिकायतों का निवारण करने के लिए की गयी है।

समाजवादी शिक्षक सभा की बैठक आज

लखनऊ। समाजवादी शिक्षक सभा की बैठक 10 मार्च को सपा के प्रदेश मुख्यालय के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित होगा, जिसमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक समाजवादी शिक्षक सभा के सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित करेंगे। समाजवादी शिक्षक सभा की बैठक में प्रदेशों में मनोनीत सभी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे।

भगवान झूलेलाल की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सिन्धी समाज व चेट्टीचंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भगवान झूलेलाल की जयंती 10 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग रखी।

सभी पदाधिकारियों ने कहा कि सिंधी समाज के ईस्ट देव भगवान झूले लाल जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित होनी चाहिए। संगठन के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, संयुक्त मंत्री सतीश आडवानी, सुरेश छबलानी और श्याम कृष्णानी सहित दीपक लालवानी व हंसराज राज्यपाल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि 10 अप्रैल को सिंधी समाज अपने ईष्टदेव भगवान झूले लाल की जयंती हर्षोल्लास के साथ लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनायेगा। मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी व रतन मेघानी ने संयुक्त रूप से बताया कि सिंधी समाज उत्तर प्रदेश में 20 लाख से भी अधिक तादात में है और लम्बे समय से भाजपा के समर्थक रहे है। सिंधी समाज का यह जयंती समारोह साल का एक ही सबसे बड़ा त्योहार है जिससे पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। प्रवक्ता अशोक मोतियानी व सुरेश छबलानी ने कहा कि गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान में झूलेलाल जयंती पर पहले से अवकाश घोषित है सिर्फ उत्तर प्रदेश ही एक ऐसा राज्य है, जहां सिंधी समाज के ईष्ट देव भगवान झूले लाल की जयंती पर छुट्टी घोषित नहीं है। इसके अलावा सिंधी समाज ने यह भी उप मुख्यमंत्री से मांग की है कि सिंधी कल्याण बोर्ड का गठन भी किया जाना चहिए, जिससे सिंधी समाज की समस्यायें निपटायी जा सके।

अकबरनगर के 7 विस्थापितों ने कराया पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए लगाये गये विशेष पंजीकरण शिविर में गुरुवार को 7 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया।

इस दौरान प्राधिकरण के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी कैम्प में उपस्थित रहे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर के विस्थापितों को आवास आवंटित करने के लिए प्राधिकरण की ओर से अकबरनगर पुलिस चौकी के निकट पंजीकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। अब उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 21 मार्च तक क्षेत्र में तीन विशेष पंजीकरण शिविर स्थापित किये गये हैं। जिनमें प्राधिकरण के सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है।

गुरुवार को प्राधिकरण की टीम ने अकबरनगर की गलियों में घूमकर माइक से अनाउंसमेंट करके स्थानीय निवासियों को कैम्प में आकर भवन के लिए पंजीकरण कराने की अपील की। इस दौरान शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने योजना व पंजीकरण के सम्बंध में पूरी जानकारी प्राप्त की।

जिनमें से अकबरनगर प्रथम के अनूप कुमार रावत, राजकुमारी, अस्मां, रूख्साना एवं मुश्ताक और अकबरनगर द्वितीय के हासिम एवं अतीक अली ने समस्त दस्तावेजों के साथ 01 हजार रुपए जमा कराके आवास के लिए पंजीकरण कराया। अपर सचिव ने बताया कि आदेश के तहत प्रधानमंत्री आवास की पंजीकरण धनराशि 5,000 रुपए से घटाकर मात्र 1,000 रुपए कर दी गयी है।

शहर के दो दिवसीय दौरे पर राजनाथ सिंह

लखनऊ। लखनऊ से सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 09 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का शनिवार की शाम लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जायेंगे। रक्षा मंत्री अगले दिन 10 मार्च रविवार को लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल 3 के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे। उद्घाटन समारोह के बाद दोपहर लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे और विश्वविद्यालय खेल परिसर में आयोजित लखनऊ कौशल महोत्सव रोजगार मेला में सम्मिलित होंगे। दोपहर में ही अटल कन्वेंशन सेंटर चौक में कायस्थ समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद शाम को दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

मानवाधिकार साहित्य के रूप में स्थापित हो महिला सशक्तीकरण : डॉ अलका सिंह

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधि विवि की शिक्षिका डॉ अलका सिंह ने व्यक्त किये विचार

लखनऊ। इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजज यूनिवर्सिटी, लखनऊ के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित व्याख्यान में बोलते हुए डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने मानवाधिकार साहित्य के रूप में महिला सशक्तिकरणः कुछ सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी पहलू पर चर्चा की।

डॉ. अलका सिंह ने वर्तमान परिवेश में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और तत्संबंधी सामाजिक, राजनीतिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निर्णय के प्रत्येक स्तर पर कम से कम एक महिला का प्रतिभाग होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पॉक्सो, पॉश और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कुछ कानूनों में संशोधन के बाद औपनिवेशिक युग के बाद से विशेष रूप से भारतीय संदर्भ में हो रहे व्यापक बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर ये चर्चायें मानवाधिकार साहित्य के रूप में स्थापित होनी चाहिए क्योंकि सामाजिक विकास के इतिहास में भारतीय स्वतंत्रता के संघर्ष से लेकर हाल के विकास तक महिलाओं की भागीदारी का इतिहास शामिल है। किसी भी प्रकार का किसी भी स्तर पर भेदभाव एक व्यक्ति और समाज के सार्थक विकास में बाधक है। अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के परिसर निदेशक प्रो रजनीश अरोड़ा ने भेदभाव विषय के पर पाठ्य और आलोचनात्मक पहलुओं पर विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए चर्चा की। इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय परिसर की शिक्षिका डॉ सौम्या ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। व्याख्यान में ईएफएलयू, लखनऊ के छात्रों और संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

यूपी के शहरों का कायाकल्प करेंगी पांच प्रणालियां

विशेष संवाददाता (vol)

- ईवी पॉलिसी, जलवायु, बाढ़ प्रबंधन, डेटा मैनेजमेंट और क्षमता निर्माण में संभावनाएं तलाशेगी सरकार
- सरकार के साथ मिलकर काम करेगी वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट की टीम

लखनऊ। यूपी के शहरों में योगी सरकार ट्रिपल इंजन की ताकत के साथ काम कर रही है। प्रदेश के शहरों के कायाकल्प के अभियान को और तेज गति देने के लिए योगी सरकार ने हाल ही में दुनिया की जानी-मानी संस्था वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (डब्ल्यूआरआई) इंडिया के साथ करार किया है। सरकार अब शहरों में विकास को गति दिने के लिए पांच प्रणालियों को विकसित करने जा रही है। योगी सरकार न केवल यूपी में विकास की गति को मापेगी, साथ ही महत्वपूर्ण डब्ल्यूआरआई इंडिया के सुझावों के आधार पर आगे की दिशा और गति का निर्धारण करेगी। इसके लिए प्रदेश के वरिष्ठ सरकारी अफसरों और शहरी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वर्गों की ट्रेनिंग भी करायी जाएगी।

नगर विकास विभाग, वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया के साथ मिलकर शहरी क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की कवायद में जुट गया है। डब्ल्यूआरआई इंडिया टीम एक नॉलेज पार्टनर के रूप में योगी सरकार को अपनी सहायता और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता प्रदान करेगी। वहीं नगर विकास विभाग की ओर से टीम को हर स्तर पर सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही वर्कशॉप और ट्रेनिंग प्रोग्राम भी संचालित किये जाएंगे। डाटा प्रबंधन प्रणाली यानी डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम सीएम ग्रिड्स और अन्य राज्य में चल रही योजनाओं के तहत सड़क विकास और विस्तार जैसी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक और मॉनीटर करेगी। इसके लिए एक पूरी प्रणाली को तैयार करने में योगी सरकार की मदद करेगी। नगरीय बाढ़ स्टॉर्मवाटर मैनेजमेंट प्रणाली : डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम राज्य स्तर पर स्टॉर्मवाटर प्रबंधन के लिए रणनीति विकसित करने में सरकार की मदद करेगी। इसमें आधारभूत डेटा विश्लेषण तैयार करना और विकास के लिए आवश्यक उपकरण शामिल हैं, जैसे गैप विश्लेषण, वर्षा-अपवाह सिमुलेशन और बाढ़ मॉडलिंग। कैपिसिटी बिल्डिंग प्रणाली के तहत डब्ल्यूआरआई इंडिया की टीम नगरीय प्रशासन को जलवायु और पर्यावरण के अनुकूल विकास जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग और कैपिसिटी बिल्डिंग का भी कार्य करेगी। योगी सरकार अपने अधिकारियों और स्टेक होल्डर्स के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजिए करवाएगी। क्लाइमेट फ्रेंडली अर्बन प्लानिंग के तहत शहरों में स्थानीय अधिकारियों को क्लाइमेट फ्रेंडली अर्बन प्लानिंग करने के लिए सहायता प्रदान किया जाएगा। टीम इसके लिए अपना मार्गदर्शन और डेटा विकसित करने के लिए नगरीय विकास विभाग के साथ सहयोग करेगी।

भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ : अखिलेश यादव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी है। यूपी में आज कोई सुरक्षित नहीं है। प्रदेश में हर दिन हत्यायें हो रही है। भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ है। अपराधियों, माफियाओं को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं, बेटियों के साथ जघन्य घटनाएं हो रही है।

हमीरपुर में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी मौत की घटना से पूरा प्रदेश शर्मसार है। बच्चियों को न्याय न मिलने से अब उनके पिता ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सहारनपुर में नौ साल की बच्ची का अपहरण कर रेप किया गया। बच्ची की हालत गंभीर है। शाहजहांपुर में पिकअप चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करने से आहत एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने खुद को आग लगा ली। आजमगढ़ में ग्राम प्रधान बलराम निषाद की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया। जौनपुर में भाजपा नेता को ही दिनदहाड़े गोली मारी गयी। भाजपा सरकार में उन्हीं के नेता भी सुरक्षित नहीं है। ये घटनाएं बताती है कि उत्तर प्रदेश में न्याय का शासन खत्म हो चुका है। जनता हताश और निराश है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब एफआईआर इतनी कम होती है तब भी एनसीआरबी रिपोर्ट में यहां की कानून व्यवस्था की इतनी दुर्गति दिखाई देती है। भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश पूरी तरह से अराजकता के हवाले है।

फसल को बचाने के लिए प्रोटोटाइप तैयार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। किसानों की फसल को बचाने के तकनीकी उपाय पर भाषा विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कंप्यूटर साइंस तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने एक एआई एवं सौर ऊर्जा पर आधारित उपकरण का प्रोटोटाइप तैयार किया है जोकि किसानों की फसल को कीट पतंगों तथा पशुओं से बचाने का कार्य करेगा। यह उपकरण खेतों में आने वाले जीवों को बिना छति पहुंचाए अपना कार्य करेगा। इसकी पहुंच खेतों की निर्धारित दूरी तक ही होगी। यह उपकरण अल्ट्रासोनिक तथा इंफ्रा रेड तरंगों पर आधारित है। इसके डिजाइन का पेटेंट भारतीय पेटेंट कार्यालय से ग्रांट हो चुका है और यह विवि के नाम से प्रथम पेटेंट है जो पूरी तरह से विवि में तैयार किया गया है। यह कार्य बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सह आचार्य डॉ ममता शुक्ला के नेतृत्व में कंप्यूटर साइंस विभाग के दीपक मौर्या तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सूर्यांश मिश्रा, शाम्भवी मिश्रा, और वैष्णवी मिश्रा के ग्रुप ने तैयार किया है। इसमें विशेष सहयोग संकाय के निदेशक प्रो एसके त्रिवेदी का रहा और इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय को कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने बधाई भी दी क्योंकि अब तक की जानकारी में यह भारत का ऐसा पहला पेटेंट है, जो कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं विभिन्न सेंसर्स द्वारा संचालित होगा। इससे पशुओं को बिना कोई हानि पहुंचाये उन्हें खेतों से भगाया जा सकेगा। इसी के साथ अनाज रसायन रहित होने की संभावना बढ़ जाएगी जिससे होने वाली कई घातक बीमारियों से भी बचा जा सकेगा। अभी इसका सिर्फ प्रोटोटाइप तैयार हुआ है जिसे भविष्य में प्राप्त निधि अनुसार उपयोग के लिए बढ़ाया तथा बाजार में लाने पर भी कार्य किया जा रहा है।

कमरतोड़ महंगाई से पीड़ित महिलाएं : ममता चौधरी

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस के तत्वावधान में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। सांसद राहुल गांधी के पांच न्याय में से नारी न्याय की अवधारणा पर आयोजित कार्यक्रम के विविध रंग थे। एक तरफ जहां नारी न्याय पर विमर्श हुआ, वहीं दूसरी तरफ महिला कांग्रेस की कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। वंचित वर्ग की महिलाओं के बीच साड़ी, फल और मिठाई वितरित की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष से खाद्य महंगाई लगातार 10 प्रतिशत से ऊपर रही है। महिलाएं किस तरह से घर का चूल्हा जला रही हैं ये पीड़ा वो ही जानती है। उन्होंने कहा कि एक तो रोजगार नहीं, ऊपर से महंगाई, गरीबों पर यह दो तरफा वार बहुत कष्टदायी है। कांग्रेस पार्टी महिला हकों की सशक्त पक्षधर अपनी नेता प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रतिबद्ध है, महिलाओं को उनका हक दिलवाने के लिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शीला मिश्रा, सुशीला शर्मा, अनामिका यादव, प्रियंका गुप्ता, डॉ सुधा मिश्रा, डॉ रिचा शर्मा, मेहताब जायसी, सुषमा मिश्रा, लता द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
टेली-फैक्सः 0522-2622440, ई-मेल- nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 396/मु.अ./23-24 **अति-अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 07.03.2024

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण श्रेणी की सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 12.03.2024 को मोहरबन्द अति-अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दि0 11.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 4 बजे बाबू राज कुमार श्रीवास्तव नवीन समिति कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू. में	धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत	कार्यपूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मुल्य जी0 एस0टी0 सहित
1.	कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड में अमर विहार कालोनी लालबाग दुबग्गा रिंग रोड के अन्तर्गत श्री रामनरेश सिंह के आवास से राजेन्द्र यादव के घर तक सड़क एवं नाली का कार्य।	667653	66765	02 माह	668	120	788
2.	कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड में अमर विहार कालोनी लालबाग दुबग्गा रिंग रोड के अन्तर्गत श्री राम नाथ सिंह के घर से जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव के घर तक सड़क व नाली का निर्माण कार्य।	685178	68518	02 माह	685	123	809
3.	हैदरगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत मुनेश्वरपुरम बादशाह खेड़ा आलमनगर के अन्तर्गत श्री सत्येन्द्र यादव के घर से श्री अवधेश वर्मा के घर तक नाली व सड़क का कार्य।	840448	84045	02 माह	840	151	992
4.	हैदरगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत मुनेश्वरपुरम बादशाह खेड़ा आलमनगर के अन्तर्गत श्री शम्भु नाथ श्रीवास्तव के घर से श्री राम लखन अवस्थी के घर तक नाली व सड़क का कार्य।	842093	84209	02 माह	842	152	994
5.	हैदरगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत मुनेश्वरपुरम बादशाह खेड़ा के अन्तर्गत श्री मनीश कुमार लोधी से शिव भगवान द्विवेदी के घर से होते हुए कल्लू लोधी के घर तक नाली व सड़क का कार्य।	833802	83380	02 माह	834	150	984
6.	हैदरगंज तृतीय वार्ड के गायत्री विहार कालोनी (गली नं0-02) नरपत खेड़ा पारा के अन्तर्गत श्री सनी कुशवाहा के घर से श्री चन्दन कुमार के घर तक नाली व सड़क का निर्माण कार्य।	847168	84717	02 माह	847	152	1000
7.	चौक बाजार काली जी वार्ड के अन्तर्गत चोपटिया खेत गली के अन्तर्गत पूर्व पार्षद श्री राम कुमार अग्रवाल जी के मकान से पं0 मंगलू पाधा जी के आवास होते हुए श्री ऋषि गोड जी के मकान तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य।	842093	84210	02 माह	842	152	994

शर्तें :- निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। शासनादेश संख्या-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 तक प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

महाशिवरात्रि पर डिम्पल यादव ने किया भंडारा

लखनऊ। राजधानी के विक्रमादित्य मार्ग स्थित त्रिभुवनेश्वर महादेव मंदिर के निकट समाजवादी किन्नर सभा की ओर से आयोजित भण्डारा का शुभारम्भ शुक्रवार को मंदिर में शिवार्चन के बाद सांसद डिम्पल यादव ने प्रसाद वितरण से किया। पं लालता प्रसाद शुक्ल प्रधान पुजारी ने डिम्पल यादव से विधिवत पूजन-अर्चन कराया। समाजवादी किन्नर सभा की प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह ने भी मंदिर में पूजा की। पायल सिंह के साथ भंडारा के प्रसाद वितरण कार्यक्रम में अनीता सिंह, निक्की सिंह, ज्योति, गरिमा श्रीवास्तव तथा शालिनी द्विवेदी ने सहयोग किया। भण्डारा कार्यक्रम में मऊ से आयी किन्नर श्वेता, कुसमरा मैनपुरी की रजनी आदि भी शामिल हुई।

राहत | ऑनलाइन व यूपीआई तथा चेक से जमा करने की सुविधा

घर बैठे जमा कर सकेंगे गृहकर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम की ओर से लगातार सामान्य कर (गृहकर) वसूली का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए डिजिटाइजेशन की सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में निरन्तर सुधार व विकास किया जा रहा है। वर्तमान में गृहकरदाताओं को बकाया गृहकर का एसएमएस अलर्ट भेजने के साथ-साथ मोबाइल पर भुगतान लिंक सहित ई-बिल प्रेषित किए जा रहे हैं।

भवन स्वामियों को कार्यालय में नगद व चेक से भुगतान के अतिरिक्त कैश काउंटर पर स्थापित पेटीएम क्यू आर कोड के जरिए यूपीआई के माध्यम से गृहकर जमा करने की सुविधा प्रारम्भ करायी गयी है। इन सुविधाओं के अतिरिक्त नगर निगम की वेबसाइट पर ऑनलाइन बैंकिंग/क्रेडिट व डेबिट कार्ड तथा पेटीएम एप पर गृहकर भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही नजदीकी एचडीएफसी/आईसीआईसीआई बैंक शाखा के काउंटर पर भवन स्वामी गृहकर का भुगतान कर सकते हैं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया घर-घर से सुविधाजनक रूप से गृहकर जमा कराये जाने के लिए राजस्व निरीक्षकों को आईडी प्रदान करते हुए क्यूआर कोड (यूपीआई) एवं चेक के माध्यम से गृहकर संचयन का प्राविधान नगर निगम लखनऊ के पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत राजस्व निरीक्षक की ओर से मोबाइल पर नगर निगम लखनऊ के पोर्टल पर भुगतान के विकल्प के माध्यम से यूपीआई एवं चेक से धनराशि प्राप्त किए जाने की सुविधा भी शुरू की गई है।

भवन स्वामियों की सुविधा के लिए स्थानीय क्षेत्रों में नगर निगम के कर्मचारियों की ओर से गृहकर निर्धारण एवं वसूली कैम्प का नियमित आयोजन किया जा रहा है जिसमें गृहकर संबंधी समस्याओं का निराकरण, कर निर्धारण एवं भुगतान संबंधी कार्य सरलतापूर्वक कराये जा रहे हैं। गृहकरदाताओं की सुविधा तथा नगर निगम की गृहकर की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश 9 व 10 मार्च को समस्त जोनल कार्यालय तथा कैश काउंटर सामान्य दिवसों की भांति खुले रखे गये हैं।

एसिड अटैक सर्वाइवर्स के लिए ट्रेनिंग सेंटर की शुरुआत

लखनऊ। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में सुएज फाउंडेशन इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अहम कदम उठाया है। फाउंडेशन की ओर से एसिड अटैक सर्वाइवर्स को समर्पित चिकनकारी कढ़ाई ट्रेनिंग सेंटर का अनावरण किया गया। सपनों की उड़ान फाउंडेशन के सहयोग से इस सराहनीय पहल का उद्देश्य उन महिलाओं के बीच कौशल विकास और आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाना है, जिन्होंने बेहद नकारात्मक परिस्थितियों का सामना किया है। महापौर सुषमा खर्कवाल की मौजूदगी में आंबेडकर पार्क के पास शीरोज कैफे पर इस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर 30 जरूरतमंद महिलाओं को सहयोग दिया गया। परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने कहा कि इस तरह की पहल के जरिए महिलाओं का उत्थान तो होता ही है साथ ही उनमें सामाजिक बेहतरी और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी चट्टान की तरह खड़े होने का हौसला आ जाता है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

गला दबाकर पत्नी को उतारा मौत के घाट

- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- गोमतीनगर थाना क्षेत्र का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमतीनगर के उजरियांव में शुक्रवार को पारिवारिक कलह में पति ने पत्नी से झगड़ा करने के बाद उसकी गला दबा कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पड़ोसियों ने जब नसरीन का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर दीपक पाण्डेय ने बताया कि उजरियांव निवासी ऑटो ड्राइवर फरहान का पत्नी नसरीन से अक्सर विवाद होता था। शुक्रवार सुबह भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। जिस पर फरहान ने पत्नी को पीटने के बाद उसका गला दबा दिया था। जिससे नसरीन की मौत हो गई। पत्नी की हत्या कर आरोपी घर से भाग निकला। जहां हंगामे के बाद जब पड़ोसियों ने घर में जाकर देखा तो फरहीन जमीन पर बेसुध पड़ी थी। जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस कन्ट्रोल रूप पर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने नसरीन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद पुलिस ने घर से कुछ दूरी पर खड़े फरहान को गिरफ्तार कर लिया। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया गया कि दोनों की बीच झगड़े की जानकारी पुलिस को पड़ोसियों ने दी। उन्होंने घर में नसरीन का शव देखकर पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, फरार ऑटो ड्राइवर फरहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रहा है।

तैश में आकर कर दी हत्या: पुलिस के अनुसार पति-पत्नी के बीच रोज आर्थिक तंगी को लेकर झगड़ा होता था। शुक्रवार को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तैश में आकर पति ने पत्नी को पहले पीटा। जब इससे भी मन नहीं भरा तो उसने पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पत्नी की मौत के बाद पकड़े जाने के डर से ऑटो चालक घर से भाग निकला। पुलिस को इसकी जानकारी होते ही उसने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

हादसे में अधेड़ की मौत: सड़क हादसे में अधेड़ की मौत हो गयी। नगराम के अकरहदू गांव निवासी गोपी लाल ने बताया कि गुरुवार शाम उसका भाई श्री प्रसाद निलमथा से मजदूरी करके घर वापस आ रहा था। अकरहदू गांव के बाहर सड़क किनारे बने आंगनबाड़ी केंद्र के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी।

पत्नी की हत्या के अलग-अलग मामलों में दो पति गिरफ्तार: मड़ियांव पुलिस ने दहेज हत्या के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी पतियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने कि सुमित तिवारी निवासी ग्राम नेवादा रामपुर कला जिला सीतापुर ने आशुतोष त्रिवेदी समेत उसके परिजनों के खिलाफ बहन संध्या की मौत पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर आरोपी पति आशुतोष कुमार त्रिवेदी निवासी त्रिलोकी बिहार कॉलोनी मड़ियांव को गिरफ्तार किया गया है। उधर दूसरे मामले में शम्भूदत्त तिवारी निवासी ग्राम काशीपुर (उत्तरधौना), मिश्रिख सीतापुर ने अपनी पुत्री अंजू की मौत पर उसके पति राजन मिश्रा समेत ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी पति राजन मिश्रा निवासी न्यू रायपुर महर्षिनगर आईआईएम रोड मड़ियांव को गिरफ्तार कर लिया है।

टिन शेड के अंदर सो रहा युवक जिंदा जला, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गौतमपल्ली थाना क्षेत्र में क्रिश्चियन कब्रिस्तान के अन्दर झोपड़पट्टी में रह रहे निजी स्कूल के चपरासी संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग की चपेट में आकर उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं युवक की चीखपुकार सुनकर लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की। लेकिन वह सफल नहीं हो सके। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने इसे हादसा बताते हुये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

सोते समय लगी आग: सुशील चरन निवासी गोरा कब्रिस्तान कम्पाउण्ड आवास विकास कालोनी मान एवेन्यू थाना गौतमपल्ली ने बताया कि उसके बड़े भाई अनिल चरन उम्र करीब 48 वर्ष गोरा कब्रिस्तान कम्पाउण्ड के अन्दर बनी अपने झोपड़पट्टी में सो रहे थे। बुधवार की तड़के उनकी झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। जिसकी चीख पुकार सुनकर लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की। लेकिन उसे बचा नहीं सके। वहीं नींद में होने के कारण भाई को भी संभलने का मौका नहीं मिला। जब वह पूरी तरीके से आग की चपेट में आ गये तब उनकी नींद खुली। वहीं जानकारी के बाद मौके पर पुलिस और दमकल की एक गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि हादसा अचानक होने की वजह से युवक बाहर नहीं निकल पाया और जलकर मौत हो गई। एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत ने बताया कि क्रिश्चियन कब्रिस्तान कंपाउंड के पास टिन शेड की बनी झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल कर्मियों ने एक दमकल की मदद से आग को बुझाया। दमकल कर्मी भीतर गए तो बिस्तर पर अनिल चरण का शव पड़ा मिला। अनिल के भाई सुनील ने पुलिस को बताया कि अनिल की शादी नहीं हुई है। वो अकेले इस टिन शेड में रहता था। रात में सोते समय मच्छर की कॉइल जलाता था। पुलिस ने उसी से किसी कपड़े या बिस्तर में आग पकड़ने की आशंका जताई है। वहीं एसआई रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मृतक किसी प्राइवेट स्कूल में चपरासी की नौकरी करता था। संभवतः मोमबत्ती या मच्छर की कॉइल जलाकर सो गया। जिससे बिस्तर ने आग पकड़ ली। जिससे उसकी मौत हो गयी।

व्यापारी ने लाइसेंसी पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

- व्यापार में घाटा होने की वजह से डिप्रेशन का बताया जा रहा है शिकार पुलिस ने पिस्टल फारेंस्कि जांच के लिए भेजी
- पुलिस को मौके से नहीं मिला कोई सुसाइडनोट पुलिस को बिना सूचना दिये परिजन लेकर पहुंचे थे अस्पताल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के हुसैनगंज इलाके में स्थित डायमंड प्लाजा अपार्टमेंट में रहने वाले एक व्यापारी सुनील जेटली ने शुक्रवार शाम खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर कमरे में पहुंचे परिजनों ने व्यापारी को खून से लथपथ पड़ा देख कर पुलिस को सूचना दिये बगैर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मरने की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ततकाल शव कब्जे में लिया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घरवालों का कहना है कि खराब सेहत व व्यापार में घाटा होने के कारण वह डिप्रेशन में रहते थे। हालांकि, पुलिस ने व्यापारी की लाइसेंसी पिस्टल को कब्जे में लेकर फोरेंसिक साक्ष्य एकत्रित करना शुरू कर दिया है। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। हुसैनगंज के पुराना किला स्थित डायमंड प्लाजा अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर 102 में व्यापारी सुनील जेटली परिवार संग रहते थे। बताया जा रहा है कि काफी समय से सुनील की सेहत खराब चल रही थी। इसके अलावा व्यापार में भी उन्हें काफी घाटा हो चुका था। इसकी वजह से वह डिप्रेशन में रहने लगे थे।

परिजनों के मुताबिक शुक्रवार शाम को सुनील अपने कमरे में थे। वहीं घर के अन्य लोग अपने काम में व्यस्त थे। इसी बीच उन्हें गोली चलने की आवाज सुनाई दी। भाग कर परिजन सुनील के कमरे में पहुंचे तो देखा कि सुनील खून से लथपथ फर्श पर पड़े थे। पास में उनकी लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी, जिससे उन्होंने खुद को गोली मारी थी। आनन-फानन में परिजन उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वारदात की भनक पुलिस को लगी तो वह घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा हे कि व्यापार में घाटे को लेकर काफी समय से डिप्रेशन में रह रहे थे और किसी से कोई बात नहीं करते थे ज्यादा तर खुद को कमरे मे अकेला बंद किये रहते थे।

पति पर आग लगाकर मार डालने का आरोप

लखनऊ। चिनहट में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। महिला के मायके पक्ष ने ससुरालजनों पर दहेज न मिलने पर आग लगाकर जला देने का आरोप लगाया है। गोमतीनगर के विभवखण्ड निवासी जगवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी मधुरिमा सिंह का विवाह बीती 25 जुलाई 2017 को चिनहट के रामालय नन्दी विहार कालोनी निवासी जयदेव सिंह के साथ किया था। उन्होंने शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुरालीजन मधुरिमा सिंह को कम दहेज लाने के लिए प्रताडित करते थे और इनोवा कार की मांग करते थे।

सूचना

मैं सिद्धिशंकर तिवारी पुत्र शिवपुजन राम तिवारी कोलकेशव पो. एकौना का निवासी हुं। हमने एक रजिस्ट्री बैनामा गाटा सं 82 मौजा राऊतपार जिला गोरखपुर, जिसकी रजिस्ट्री बही न.1 जिल्द 3408 क पृष्ठ 175 से 198 तक क्रमांक सं 944 रजिस्ट्री दिनांक 5/5/2020 को हुई है। क्रमांक सं 944 के मूल प्रति की अन्तिम पृष्ठ कही खो गया है इस प्रापर्टी को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा मझगांव ब्रांच कोड 13155 में बन्धक रख लोन ले रहा हुं।

नाटक, कविता, गीत गायन से सजा महिला दिवस समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आजाद लेखक कवि सभा उत्तर प्रदेश की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य समारोह हुआ। समारोह श्री गुरु तेग बहादुर भवन चंदर नगर आलमबाग में हुआ। कार्यक्रम में बतौर अतिथि श्री गुरु नानक गर्ल्स कालेज की प्रिंसिपल मंजीत कौर, मुख्य अतिथि रवनीत कौर और दशमेश पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सरबजीत कौर ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग किया। वडेरा सिस्टर्स एवं अमृत कीर्तन अकेडमी सुमधुर गायन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रभावी भाषण, नाटक, कविता, गीत गायन की प्रस्तुतियों से प्रभावित किया। हिंदी एवं पंजाबी व्यंग्यकार इंद्रजीत कौर और हिंदी लेखिका पूजा खत्री को नव-प्रकाशित पुस्तकों के उत्कृष्ट लेखन के लिए सम्मानित किया गया। रविन्दर कौर गांधी ने सरबजीत सिंह बख्शीश ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम संयोजक त्रिलोक सिंह बहल ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव देवेन्द्र पाल सिंह बग्गा ने आभार जताया। आजाद लेखक कवि सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मोंगा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की म परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम 1909 में सोशलिस्ट पार्टी ने अमेरिका का राष्ट्रीय महिला दिवस, महिला कामगारों के 8 मार्च 1908 को न्यूयॉर्क में अपने अधिकारों के लिए किये गए विशाल प्रदर्शन की याद में प्रारंभ हुआ था। उनकी मांग थी कि महिलाओं के काम के घंटे तय हों, श्रम का पूरा वेतन मिले। महिलाओं को मतदान का अधिकार मिले। महिला दिवस को अंतरराष्ट्रीय बनाने का विचार सबसे पहले क्लारा जेटकिन नाम की एक महिला के जेहन में आया।

नवीन सीमा शुल्क गोदाम परिसर का हुआ उदघाटन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नवीन सीमा शुल्क गोदाम परिसर का भव्य उदघाटन कुर्सी रोड स्थित उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारगृह निगम के परिसर में किया गया। जिसका लोकार्पण मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक) परिक्षेत्र पटना अजय सक्सेना ने फीता काट कर किया गया। इस गोदाम में जब्तशुदा सामान के समुचित भंडारण की सुविधा है। इसके अतिरिक्त इस परिसर में जब्तशुदा वाहनों के सुरक्षित भंडारण के लिए पर्याप्त खुला स्थान है। अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों के कार्य करने हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय भी है। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य आयुक्त ने नवीन परिसर के लीज पर लेने की प्रक्रिया में अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दिखाए गए उत्साह एवं तत्परता की प्रशंसा की और राजस्व संग्रहण के मामलों में नवीन तकनीकी के इस्तेमाल और जब्तशुदा सामानों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। कार्यक्रम में रंजीत कुमार, आयुक्त, सीमा शुल्क ने बताया कि एक समुचित क्षमता वाले गोदाम की आवश्यकता पिछले काफी समय से महसूस की जा रही थी। अधीनस्थ अधिकारियों के त्वरित एवं समयबद्ध प्रयास की प्रशंसा की। अपर आयुक्त अजय कुमार मिश्र एवं गौरव चंदेल ने परिसर के निरीक्षण के उपरांत बताया कि यह गोदाम भविष्य में भी आवश्यकताओं की कसौटी पर खरा सिद्ध होगा। इस अवसर पर नंदेश्वर सिंह सहायक आयुक्त ने मुख्य अतिथि अजय सक्सेना एवं समस्त उच्च अधिकारियों की अगवानी की। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड समय में संपादित यह कार्य उच्च अधिकारियों के विश्वास एवं कुशल निर्देशन का प्रतिफल है। गोदाम परिसर को एक आदर्श गोदाम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक आरबी गुप्त ने भी अपने विचार रखे।

पुजारी समेत तीन ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। गोसाईंगंज के सीफत नगर गांव में रहने वाले एक युवक ने गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि सीफत नगर गांव में रहने वाले इंद्रलेश कुमार (35) गांव ने बाहर एक मंदिर पर रहकर पुजारी का काम करता था। उसका शव सुबह मंदिर के पास लगे नीम के पेड़ से गमछे के सहारे लटका मिला। सुबह जब लोग मंदिर दर्शन के लिए गए तो उसे लटका देखा यो पिता को सूचना दी। पिता सहदेव ने गोसाईंगंज पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम को भेज दिया। उधर काकोरी थाना क्षेत्र में ग्राम आबिदखेड़ा निवासिनी चन्द्रा देवी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उसके पुत्र मनीष उम्र करीब 35 वर्ष ने अपने चाचा स्वर्गीय राजू के मकान के कमरे में छत से लगे पंखे के कुण्डे से नायलॉन की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। एसआई राज बहादुर ने बताया कि मृतक अपने घर के सामने ही अण्डे व परचून आदि के सामान का ठेला लगाता था। जिसके एक सात वर्ष की पुत्री है।

बीए की छात्रा ने की आत्महत्या

लखनऊ। थाना वजीरगंज क्षेत्र में बीए की पढ़ाई कर रही छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तमन्ना सिंह पुत्री मनोज कुमार सिंह उम्र करीब 21 वर्ष निवासी लक्खा रामपुर अमराई जनपद बहराइच की रहने वाली थी। जो वजीरगंज के गुईन रोड पर उत्कर्ष शुक्ला के मकान में किराये पर रहकर महिला कालेज अमीनाबाद से बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। जिसने शुक्रवार की सुबह रूम पार्टनर के मन्दिर जाने के बाद कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द करके छत में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

नुक्कड़ नाटक में दिखा बेटियों से भेदभाव

लखनऊ। केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक अपराजिता का मंचन हुआ। इसमें पितृसत्तात्मक सोच, समाज की दोहरी मानसिकता एवं महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण रवैए को व्यंग्यात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया। नाटक में यह संदेश दिया गया कि बेटियों की पूजा भले न करें लेकिन अधिकार जरूर दें। कार्यक्रम में सीडीआरआई निदेशक डॉ. राधा रंगराजन एवं संस्थान के तमाम वैज्ञानिक अधिकारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

दूसरी शादी करने पहुंचे पति की बारात में पहली पत्नी ने काटा हंगामा

नगराम। न्यायालय में चल रहे मुकदमें के दौरान पति की दूसरी शादी की जानकारी मिलते ही पहली पत्नी ले बारात में पहुचं कर जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने सब को लेकर थाने आ गयी। थाना अध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि गोसाईंगंज क्षेत्र के सईफत नगर गांव निवासी कृष्णा कुमारी (25) की शादी थाना हैदरगढ़ के ककरी पंचायत का मजरा भैरमपुर गांव निवासी ओमप्रकाश उर्फ नीरज के साथ हिंदू रीत रिवाज से 16 मई 2017 को हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद अनबन हो जाने के कारण लड़की पक्ष ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराया था। जो मिडिएशन में चल रहा है। इस दौरान नीरज ने दूसरी शादी करने बारात लेकर दूल्हापुर हुसैनाबाद गांव निवासी मिथिलेश कुमारी से शादी रचाने आ पहुंचा। शुक्रवार दिन में बारात थी। जिसके बाद शाम विदाई का कार्यक्रम था। तभी वहां जानकारी मिलने पर पहुंची पहली बीवी ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

पचास हजार का इनामी गिरफ्तार, यूपी व गुजरात में था वांछित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने शुक्रवार को मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 50 हजार रुपये के इनामी रिंकू राठी को गिरफ्तार किया है। बांदा के बबेरू थाना से उसके ऊपर इनाम घोषित था। एसटीएफ को जानकारी मिली कि रिंकू राठी एक शादी समारोह में ग्रेटर नोएडा आने वाला है। इसके बाद एसटीएफ और बांदा पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी करके आरोपी को दुर्गा टाकीज के पास सूरजपुर से गिरफ्तार किया।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश के मुताबिक, रिंकू राठी वर्ष 1998 से मेरठ में ट्रांसपोर्ट एजेंसी पर करीब आठ

साल ट्रक ड्राइवर रहा। वर्ष 2010 में हरिद्वार के इंडस्ट्रियल एरिया में राठी कार्गो ट्रांसपोर्टर्स मूवर्स के नाम से ट्रांसपोर्ट खोला। इसके साथी मेरठ निवासी अमित भी उसके साथ ड्राइवर का काम करने लगा। इसके बाद से उनके अवैध शराब और नशे के कारोबारियों से सम्बंध हो गए। उन लोगों ने साथ में मिलकर अवैध शराब, मादक पदार्थ और नशीलियां गोलियां सप्लाई का काम शुरू कर दिया। इस कारोबार में उन्हें अच्छी रकम पैदा होने लगी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2018 में साथी अमित जब ट्रक लेकर गाड़ी में गद्दे लादकर कोलकाता जा रहा था। रास्ते में अमित ने बरेली से अवैध नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप ट्रक में छिपाई। जिसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ा। अमित के साथ रिंकू राठी भी जेल गया। चार माह के बाद दोनों लोग जेल से छूटे फिर मोदी नगर गाजियाबाद में राठी ट्रांसपोर्ट के नाम से एजेंसी खोल ली। हरियाणा के शराब तस्कर के साथ मिलकर हरियाणा व चंडीगढ़ में बनी अवैध शराब को गुजरात, बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भारी मुनाफे में तस्करी करने लगे।

राजस्थान पुलिस ने पकड़ा, 15 दिन में छूटा: वर्ष 2021 में अवैध शराब की तस्करी में चित्तौड़गढ़ राजस्थान पुसिल ने दबोचा। जिसमें अमित व रिंकू राठी 15 दिन जेल में रहे। 2022 में रोहतक से अवैध शराब लेकर पटना जा रहे थे। बिहार पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। वह झांसी, हरियाणा और गुजरात में भी पकड़ा गया। मौजूदा वक्त गुजरात पुलिस को रिंकू राठी की तलाश है। वर्ष 2023 में दिल्ली एनसीआर व हरियाणा में गांजा तस्करी करने लगा। बांदा पुलिस ने गांजा के साथ उसे गिरफ्तार किया था। जिसमें वह वांछित चल रहा था।

गुरुद्वारे के कमरे को किराएदार ने 14 लाख में बेचा, किया सौदा

लखनऊ। गुरुद्वारे में रहने वाले किराएदार ने कमरे का 14 लाख में बेच दिया। जिसकी जानकारी होने पर सेवादार ने महानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। न्यू हैदराबाद कॉलोनी निवासी दलजीत सिंह के मुताबिक गुरुद्वारे में आठ कमरे हैं। जिन्हें किराए पर दिया जाता है। एक कमरे के सेट में अखिलेश चंद्र पाण्डेय किराए पर परिवार के साथ रहते थे। आरोपी अखिलेश ने गुरुद्वारे में बने कमरे को पैतृक सम्पत्ति बताते हुए उसका सौदा शशि श्रीवास्तव से किया था। इसके बदले अखिलेश ने 14 लाख रुपये भी लिए। आरोपी ने फर्जी कागज बना कर कमरे का कब्जा शशि को दे दिया। फजीवाड़ा सामने आने पर दलजीत सिंह ने एतराज जताया था। जिस पर करीब 12 लाख रुपये अखिलेश ने शशि को लौटा दिए। इसके बाद वह कमरा छोड़ कर हरिद्वार चले गए, लेकिन शशि लगातार फर्जी तरीके से हासिल की गई सम्पत्ति को बेचने का प्रयास कर रही हैं। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

गौरव चौहान को मिला पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान

- महाशिवरात्रि पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में आज शिव पार्क, शिव नगर खदरा सीतपुर रोड लखनऊ में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान मिला।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद, विशिष्ट अतिथि डॉ नीरज बोरा विधायक उत्तर लखनऊ, पं. आदित्य द्विवेदी और हरीश चन्द्र अग्रवाल ने दिल्ली के ख्यातिप्राप्त साहित्यकार गौरव चौहान को पं. दूधनाथ शर्मा श्रीश सम्मान, औरैया के अजय अंजाम को पं. दीन दयाल उपाध्याय साहित्यिक सम्मान और इटावा की योगिता चौहान को डॉ रमेश रस्तोगी सम्मान से सम्मानित किया। तालियों की गड़गड़ाहट और ओम नमस्य शिवाय के जयकारों के साथ आरम्भ हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में गौरव चौहान ने सुनाया 'हमारे पास जीने का बहुत बेहतर तरीका है, अभय रहकर दिखाना शौर्य भी पुरखो से सीखा, हमारा बाल बांका कोई भी अब कर नही सकता, हमारे माथ पर तो हाथ भोलेनाथ जी का है। औरैया के अजय अंजाम की पंक्तियां थीं ' चेतक, मेरे बेटे, भैया, हा लाल !, वीर चीत्कार उठा चेतक को बाहों में भर कर वह घायल शेर पुकार, उठा चेतक तेरी सौगन्ध मुझे, दुश्मन का नाम नहीं होगा जब तक ये राणा जिंदा है, मेवाड़ गुलाम नहीं होगा और एक वचन मेरा भी है जिसकी प्रतिपूर्ति नहीं होगी, चेतक तेरे बगैर राणा की कोई मूर्ति नहीं होगी '। लखीमपुर के कवि नवल सुधांशु की बानगी थी ' चार सिक्कों की अमीरी ले ली, कुछ गुलामों ने वजीरी ले ली, सर झुकाता मैं ताज मिल जाता, सर उठाकर के फकीरी ले ली '। इटावा की धरती से आईं कवित्री योगिता चौहान की यह पंक्तियां खूब सराही गईं ' एक अंधेरे गांव से बाहर निकल कर, वक्त के दल- दल में थोड़ी दूर चल कर, दर्द की खारी नदी के तट पे बैठे, लाज के आंचल में अपना मन समेटे, हमने अपना दर्द कुछ ऐसे बिताया। रात भर उस चांद को सूरज बनाया '। प्रतापगढ़ से आईं कवयित्री साक्षी तिवारी ने सुनाया ' ये धरती माँ है इस संकल्प को लेकर निकलती हूँ, तिरंगा चूम ले आकाश इसका ध्यान रखती हूँ, मेरी माँ भारती रहती है आँठोंयाम सीने में, मैं बेटी हूँ सो माँ की पीर भी ज्यादा समझती हूँ। दिल्ली के कमल आग्नेय ने कहा ' नयन में सबके बसते जो उन्हीं सुखधाम की जय हो, जिसे जपने से मिलता मोक्ष पावन नाम की जय हो, लिये हैं हाथ में सायक, अटल आदर्श के गायक, अखिल ब्रह्माण्ड के नायक, सियावर राम की जय हो '। पं. आदित्य द्विवेदी ने कहा ' ज्ञान विज्ञान भाषा सुधा संस्कृति बाट कर विश्व में हम महकते रहें कीर्ति उत्तर प्रदेशी गगन चूमती लोग बनकर दिवाकर चमकते रहें '। सर्वेश अस्थाना की पंक्तियां थीं ' राम तुम्हारे पुत्र धर्म के सामने हम खुद को लेकर शर्मिंदा हैं, पिता को वृद्धाश्रम भेज कर आज भी बेशर्मी से जिंदा हैं '।

कार्यालय ग्राम पंचायत विरैता पाल्हीपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-07.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विरैता पाल्हीपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/आई0सी0डी0एस/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 09.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत विरैता पाल्हीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 13.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	ग्रा0 पं0 में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य।	12 लाख।	ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, सरिया, बालू व अन्य सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां0पं0- विरैता पाल्हीपुर, वि0ख0- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत भटवारा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-07.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भटवारा, वि0ख0 कूरेभार, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 09.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भटवारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 13.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	धौरहरा में दीप नारायण के घर से कृष्ण कुमार के घर होते हुए गांव के बाहर तक नाली निर्माण कार्य।	1.80 लाख।	ह्यूम पाइप, ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, गिट्टी, सरिया व अन्य निर्माण सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- भटवारा, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत कोहड़ा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-07.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोहड़ा, वि0ख0 कूरेभार, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 09.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कोहड़ा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 13.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	राम गरीब के घर से आलोक शर्मा के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य।	4.79 लाख।	इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री।

नोट- समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार लागू होंगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- कोहड़ा, वि0ख0- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

महाशिवरात्रि पर बुद्धेश्वर मंदिर में भोले बाबा के दर्शन के लिए लगी लंबी कतार

राजेन्द्र नगर महाकाल मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु

मनकामेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की लगी लंबी कतार

सभी फोटो–अमित वर्मा

बम-बम भोले के उद्घोष से गूंजा शहर, शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में कहीं हुआ रुद्राभिषेक तो कहीं महाआरती में उमड़े श्रद्धालु, जगह-जगह भंडारे का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भोर होते ही महाशिवरात्रि पर राजधानी के शिवालयों के बाहर शिवभक्तों की लंबी लाइन लग चुकी थी। मनकामेश्वर मंदिर हो या फिर बुद्धेश्वर, सभी जगह भक्त मंदिर के कपाट खुलने की बेसब्री से प्रतीक्षा करते दिखाई पड़े। जैसे ही मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले गए, बम भोले, हर-हर महादेव के उदघोषों से राजधानी गूंज उठी। हर-हर महादेव और भोले नाथ के जयकारों से हर तरफ भक्ति की सरस गंगा प्रवाहित हो रही थी। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी के मंदिरों में आस्था का सैलाब देखने को मिला। कहीं रुद्राभिषेक हुआ तो कहीं जीवित सांप शिवलिंग की शोभा बढ़ा रहे थे। महाशिवरात्रि फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। राजधानी लखनऊ प्रदेश भर शिवरात्रि का पर्व धूम धाम से मनाया जा राह है। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करने मंदिरों में उमड़ रहे हैं। गत वर्ष कोरोना की वजह से सार्वजनिक तौर पर आयोजन नहीं हुए थे। वहीं इस साल मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन रही है।

इन मंदिरों में भी उमड़े भक्त: आलमनगर के बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, चौक के कोनेश्वर महादेव मंदिर, चौपटिया स्थित छोटा और बड़ा शिवाला में भी शिव भक्तों की सुबह से ही कतार लगी रही। इसके अलावा एलडीए कॉलोनी स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर, कृष्णा नगर के इंद्रेश्वर और सहसैवीर मंदिर, सआदतगंज लकडमंडी के पर्वतनाथ शिव मंदिर, राजाजीपुरम ओमकारेश्वर महादेव मंदिर में भी काफी भीड़ रही।

भस्म आरती बनी आकर्षण का केन्द्र: राजेन्द्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में भस्म आरती की झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेकरार हो गए। महाशिवरात्रि पर उज्जैन के कुंड से लाकर जलाभिषेक किया गया। कोनेश्वर मंदिर कमेटी के सदस्य विपिन अवस्थी ने बताया कि महाशिवरात्र के अवसर पर यहां रामायण हुई। इसके अलावा यहां पर शिवलिंग का फल और फूल से विशेष श्रंगार किया गया।

भक्तों को ठंडाई और प्रसाद: महाशिव रात्रि के मौके पर राजधानी में कई जगह ठंडाई और प्रसाद का वितरण किया गया है। कोनेश्वर मंदिर के पास भक्तों ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई की व्यवस्था की। इसके अलावा ठाकुरगंज और चौक चौराहे पर भक्तों के लिए प्रसाद वितरण किया गया। कई जगह पूडी सब्जी और कई जगह छोले चावल भी वितरित किया गया।

बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में गूंजे बम भोले के जयकारे: बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर में तड़के शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। भक्तों ने शुक्रवार भोर से ही दर्शनार्थियों की लम्बी लम्बी लाइनों महिलाएं पुरुषों की क्रम सा लगी रहीं। जो कि देर दिनभर चलती रहीं। मंदिर से लेकर भपटामऊ व बुद्धेश्वर चौराहे तक महिलाओं व पुरुषों की लंबी.लम्बी कतारें लगीं रहीं। शाम छह बजे की मुख्य आरती के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

विशाल भंडारे का आयोजन: आलमबाग में महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को कानपुर रोड बाराबिरवा फीनिक्स मॉल निकट स्थित डाला स्टैंड द्वारा मानसरोवर मार्केट व्यपार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा मानसरोवर में मार्केट प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस दौरान मानसरोवर व्यपार मण्डल के अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव सहित व्यापारी शैलेन्द्र गुप्ता सोनू बाबा एवं उनके सहयोगियों द्वारा विधि विधान से पुजन कर भोग प्रसाद चढ़ा खीर झोले चावल एवं ठंडई का भव्य भंडारा किया गयो जिसमे असंख्य लोगो ने प्रसाद ग्रहण करने के बाद ठंडई पी बम भोले के जयकारे लगाते रहे।

मनकामेश्वर मंदिर में चला अटूट दर्शनों का क्रम

लखनऊ। महादेव और गौरा के विवाह अनुष्ठान के पावन दिवस महाशिवरात्रि पर भक्तों का जन सैलाब ही उमड़ पड़ा। जो क्रम रात तीन बजे के लगभग शुरू हुआ वह शुक्रवार की रात तक अनवरत जारी रहा। मुस्तैद पुलिस कर्मियों और स्वंय सेवकों की मदद से हर भक्त ने कतारबद्ध होकर दर्शन कर बाब मनकामेश्वर का जल और दूध से अभिषेक कर धतूरा, बेलपत्र, पुष्प आदि अर्पित किये। रात को आदिगंगा मां गोमती के पावन जल से भरे 21 मंगल कलशों से मनकामेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया। 151 लीटर गाय के दूध से रुद्राभिषेक के बाद सुबह चार बजे से मंदिर के पट भक्तों के लिए खोल दिये गए थे। चढ़ावे के दूध से साबूदाने की खीर तैयार कर भक्तों में वितरित की गई। सुरक्षा के लिए पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरे मुस्तैद रहे। इसके साथ ही मंदिर प्रशासन की ओर से जगदीश गुप्ता अग्रहरि, उपमा पाण्डेय की देख रेख में 25 से अधिक सेवादार भी सेवा में तत्पर रहे। मनकामेश्वर मठ मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरि ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह महादेव को ही नहीं, महादेव की भी माने।

अयोध्या के राम मंदिर जैसा हुआ नर्मदेश्वर का शृंगार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शिवरात्रि के महापर्व पर निराला नगर में चार पीढ़ियों से प्रतिष्ठित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में जेसी फाउंडेशन और धर्म रक्षा समिति सप्तर्षि कुलम की ओर तीन दिवसीय श्री शिव पार्वती विवाहोत्सव का आयोजन किया गया। पहले दिन मंडप स्थापना, मंगल गीत, शिव भजन, वेद मन्त्रों का पाठ, मातृ पूजन और यज्ञ के बाद गुरुवार को हल्दी, तेल और पितृ पूजन के साथ भजन संध्य भी हुई। केन्द्रीय आयोजन महाशिवरात्रि के दिन शुक्रवार 8 मार्च की शाम को वर यात्रा निकाली गई। यह वर यात्रा केशव नगर के प्रतिष्ठित गंगेश्वर महादेव मंदिर, से गाजे बाजे और जयकारों के साथ मुख्य पूजन स्थल निराला नगर के जे.सी. गेस्ट हाउस स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। वहां यात्रा का स्वागत पुष्प, फल, मिष्ठान वितरण के साथ ही किया गया। महाशिवरात्रि पर पहली बार फलों से तैयार बंधनवार को मंदिर परिसर में लगाकर बाबा नर्मदेश्वर से निरोगिता का वरदान मांगा गया। सुबह चार बजे भस्म आरती की गई। छितवापुर स्थित शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों द्वारा आरती पूजन का कार्य किया गया। पांच सौ वर्षों के लम्बी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या तीर्थ में स्थापित बालक राम की छवि सदृश्य भव्य श्रंगार बाबा नर्मदेश्वर का किया गया जो आकर्षण का केन्द्र बना। बड़ी संख्या में लोगों ने उस श्रंगार के साथ सेल्फी भी ली। इसके साथ ही भक्तों ने दुग्ध और जलाभिषेक के साथ ही धतूरा, फल बेलपत्र आदि अर्पित किये। प्रसाद के रूप में भक्तों को ठंडाई और खीर का वितरण सनातनी भक्त सपना गोयल की ओर से करवाया जा रहा है। लोकप्रिय भजन गायक प्रीति लाल ने सरस भजन सुनाए। अंजू अग्रवाल की इस आयोजन में विशिष्ट भूमिका रही। आचार्य आशुतोष चौबे ने पूजन अनुष्ठान सम्पन्न करवाए।

निकली शिव बारात, हजारों भक्त हुए शामिल

लखनऊ। आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ठाकुरगंज स्थित श्री कल्याण गिरी मंदिर से भगवान आशुतोष शंकर की शिव बारात निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए बारात का स्वागत चौक चौराहे पर चौक के समस्त व्यापारियों द्वारा चौक के पार्षद एवं कर्मठ समाज सेवी भाई अनुराग मिश्रा जी सराफा एसोसिशन के विनोद महेश्वरी आनंद रस्तोगी प्रदीप अग्रवाल डॉक्टर राजकुमार वर्मा आदिश जैन पंकज अग्रवाल दीपक माहेश्वरी पवन अग्रवाल अतुल गुप्ता राधे तिवारी ओमप्रकाश दीक्षित आशीष मिश्रा अनूप मिश्रा अतुल गुप्ता गौरव मिश्रा दीपू खत्री हिमांशु वर्मा राजेश शुक्ला वेदांश एवं अनेक व्यापारियों ने भगवान भोलेनाथ की आरती उतार कर 251 किलो फलों का वितरण किया। वहीं भवानी यूथ ब्रिगेड द्वारा गुरुवार को गोसाईंगंज पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास से सलौली गांव स्थित झारखंडेश्वर महादेव मंदिर तक महाकाल शोभायात्रा व शिव बारात निकाली गई। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। शिव भक्यो ने अवघड़ो का रूप धारण कर बारात में शामिल हुए। इसके साथ ही मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तो ने प्रसाद चखा। इसके साथ ही सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सैकड़ो भक्तो ने जलाभिषेक किया।

बाल कलाकारों से सजी शिव बारात का स्वागत

- मंदिर पर कलाकारों को किया गया पुरस्कृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी के उदयगंज चौराहे के पास स्थित मंदिर पर शुक्रवार को शिव बारात का भव्य स्वागत हुआ। यह बारात पार्षद अमित शुक्ला की अगुवाई में निकाली गयी और इसका संयोजन आशीष अवस्थी ने किया।

शिव जी की बारात अपनी नियत स्थान से होते हुए उदयगंज स्थित मंदिर पर पहुंची। यहां पर बाल कलाकारों से सजी बारात में सभी देवी-देवता, गंधर्व, दानव, राक्षस का रूप बनाये हुए मंदिर पहुंचे। जैसे ही मंदिर परिसर के पास शिव जी का रथ पहुंचा, वहां पर जमकर शिव जी के नारे लगने लगे। यहां पर मंदिर के पंडित ने शिवजी का भव्य स्वागत किया और उनकी रथ पर आरती उतारी। कहा जाता है कि यह पर पूरी शादी परम्परा का निर्वाहन होता है। शिव जी को दुल्हे राजा के रूप में उठाकर मंदिर तक लाया गया। यहां पर पूजा अर्चना की गयी। साथ ही बाल कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

यूपी वुमेन्स अवार्ड : हर दिन है महिलाओं का : फराह खान

- 8 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपने विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की ओर से फ्लो यूपी वोमेन्स अवार्ड का आयोजन किया गया। गोमतीनगर स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड की कोरियोग्राफर, पटकथा लेखक और निमार्ता निर्देशक फराह खान थीं। ऐसी महिलाएं जिन्होंने समाज में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लायी है और कई अन्य लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

इस अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस वर्ष एफएलओ ने 8 श्रेणियों की महिलाओं को सम्मानित किया और महिला उद्यमिता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट महिला डॉ कविता अग्रवाल, उत्कृष्ट महिला उद्यमी गरिमा टंडन, कला, फैशन और संस्कृति में उत्कृष्ट महिला उद्यमी अस्मा हुसैन, उत्कृष्ट महिला नेतृत्व स्टार्टअप अनुभूति जैन, खाद्य और आतिथ्य में उत्कृष्ट महिला उद्यमी गीतिका आनंद गुप्ता, समाज सेवा में उत्कृष्ट महिला आशा दीक्षित, चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता में उत्कृष्ट महिला डॉ आरती बघेल, यूपी की उत्कृष्ट प्रभावशाली महिला सराह खान को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फराह खान ने कहा कि कभी किसी के जैसा बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। दरअसल, दिखावा करने से कुछ नहीं होता, वास्तविक होना पड़ता है। आप अपनी क्षमता पहचानिए और जैसे हैं, वैसे ही कठोर मेहनत कीजिए, सफलता मिलकर रहेगी। मैं हमेशा से डांस की दीवानी थी। इसलिए मैंने इसी फील्ड को अपने जीवन के रूप में चुना। कार्यक्रम में फराह ने अपनी यात्रा और बालीवुड की गासिप पर चर्चा की। फराह ने कहा कि मेहनत के लिए जुटना पड़ता है। अपने हर काम के लिए समय का प्रबंधन करना बहुत जरूरी है। किंतु एक चीज का ध्यान रखना चाहिए कि बाद में वही प्रबंधन आपके लिए समस्या न बनने लगे। इस कार्यक्रम में फ्लो लखनऊ चैप्टर की अंजू नारायण, ज्योत्सना हबीबुल्लाह, पूजा गर्ग, आरुषि टंडन, विभा अग्रवाल, वंदिता अग्रवाल, वनिता यादव, स्मृति गर्ग, सिमरन साहनी, स्वामी मोहन, श्रुति सांडिल्य, तूलिका कपूर, देवांशी सेठ और शमा गुप्ता सहित 150 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

स्वर्णिम राजमहल विराजे कलयुग के अवतारी बाबा श्याम...

- कोलकाता व नई दिल्ली के भजन गायकों ने भजनों की संतरगी छटा बिखेरी
- श्री श्याम ज्योत मंडल का 41वां श्री श्याम निशानोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबा श्याम का बाघा स्वर्ण आभूषणों, रत्नजड़ित मोतियों से अंलकृत एवं स्वर्णिम आभा वाले राजमहल में विराजे बाबा श्याम की मनमोहिनी छवि भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी अवसर था श्री श्याम ज्योत मंडल के 41वां श्री श्याम निशानोत्सव और पुण्य स्थल बना ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क, लखनऊ। भजन संध्या से पूर्व आचार्य संतोष शास्त्री, गिरिजाशंकर के नेतृत्व में 11 पुरोहितों ने सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणेश पूजन कर सकुशल कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए गणेश का आवाहन किया तत्पश्चात बाबा श्याम की दिव्य ज्योत का प्रज्वलन हुआ। राज श्री म्यूजिकल समूह के साथ हिसार हरियाणा से आये विजय मोहन एवं मंडल सदस्यों ने बाबा श्याम की आरती एवं वंदना की। विजय मोहन ने बाबा श्याम को बुलाते हुए कहा- 'आओ पास हमारे, अजी बैठो म्हारे सागे, की जी न लगे', 'कीर्तन की है रात, बाबा आज तुमको आना है' से जैसे सुंदर-सुंदर भजनों से बाबा के चरणों में प्रथम पुष्प अर्पित किया। मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि श्री श्याम निशानोत्सव में पहली बार उज्जैन, कोलकाता, महाराष्ट्र के 50 कलाकारों के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व पर शिव पार्वती का फ्यूजन नृत्यों की श्रंखला एवं महाआरती का आयोजन किया गया। शहनाई सांवरे के अगले सोपान में नई दिल्ली के शीतल पाण्डेय ने अपनी ओजस्वी वाणी में 'ना देना चाहे कुबेर का धन, मगर सलीका सहूर देना, उठा के सर जी सकूं जहां में, बस इतनी इज्जत जरूर देना' जैसे भजनों की सरिता प्रवाहित की। कोलकाता के संजय शर्मा ने अपनी खनकती अवाज में 'होली आयी होली आयी होली आयी, मस्ती छायी मस्ती छायी मस्ती छायी' एवं 'चुप क्यों बैठयो हो बाबा, बोलो तो कुछ तो बोलो' जैसे फागुन के मस्ती भरे भजनों पर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्याम भक्ति सागर में डूबे हुए भक्तों ने बाबा के भजनों पर खूब थिरके एवं रंग बिरंगे फूलों की होली खेल फागुन की मस्ती में हिलोरे लेकर आनंदित हुए। 80 फिट चौड़े तथा 50 फिट ऊंचे स्वर्ण राजमहल में कलयुग के अवतारी बाबा श्याम का अवतरण हुआ। श्याम दरबार की दीवारों पर देवी-देवाताओं की आकृतियां और पंडाल को रंग-बिरंगे एलईडी लाइटों से सुशोभित किया गया था। श्याम प्रेमियों के लिए विशेष रूप से 360 डिग्री एवं सेल्फी विद श्याम संग का सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। जहां भक्त फोटो खिंचवाकर तुरंत अपनी मेल पर प्राप्त कर लेते थे। निशानोत्सव का संजीव प्रसारण फेसबुक एवं यूट्यूब तथा बांसुरी चैनल पर किया गया। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर कोलकाता के आसिम मत्या ने विशालकाय श्याम दरबार निर्माण कर अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया। रंगबिरंगी एलईडी रोशनी से जगमगाता हुआ पंडाल तलवार टेंट के अमन तलवार तथा अग्रवाल इलेक्ट्रिकल्स के घनश्याम अग्रवाल ने कोलकाता के एलईडी पैनलों एवं श्याम तोरणद्वार पर बाबा श्याम के प्रसंगों एवं देवी देवताओं के चित्रों को खूबसूरती से एलईडी पैनलों पर उकेरा गया था।

महिलाएं पालक हैं पर शोषण में भी कम नहीं

- समापन की ओर बढ़ा रवीन्द्रालय चारबाग का पुस्तक मेला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रवीन्द्रालय लान चारबाग में चल रहा लखनऊ पुस्तक मेला समापन की ओर बढ़ चला है। 10 मार्च को मेला अगले वर्ष तक के लिए विदा ले लेगा। मेले में आज महिला दिवस विशेष कार्यक्रम हुते तो विविधता भरी प्रतियोगिताओं की धमक रही। विमोचन के क्रम में कल राज्यसभा सांसद ब्रजलाल की किताबों का लोकार्पण तय है।

साहित्य कला संस्कृति को समर्पित लखनऊ पुस्तक मेले में लखनऊ के ऊपर लिखे साहित्य के संग लखनवी लेखकों की पुस्तकें भी भारी तादाद में हैं। मेले में आज सुखबीर सिंह को समर्पित वाश शैली की विशिष्ट प्रदर्शनी के संग कल से प्रारम्भ चित्रकला कार्यशाला में आज कुछ और प्रतिभागी जुड़े। मेले के साहित्यिक मंच पर महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम के तहत गाजीपुर की साहित्यिक पत्रिका साहित्य सरोज ओर से कहानी पाठ व संगोष्ठी का आयोजन हुआ। ज्योति किरन रतन ने गोपालराम गहमरी की कहानी का पाठ किया और संगोष्ठी में महिलाओं को घर और बाहर के कामकाज में सामन्जस्य बनाने का संदेश दिया। एशिया के सबसे बड़े गहमर गांव गाजीपुर से आये संयोजक अखण्ड प्रताप सिंह गहमरी ने कहा कि महिलाओं के शोषण में महिलाएं भी कम नहीं। ओमजी मिश्र ने महिलाओं पर काव्य पाठ करते हुए कहा कि महिला जन जन की पालक है। घरनी बिन घर सूना ही लगता है। अयोध्या से आये पुरोहित पुण्डरीक ने कहा लक्ष्य साधने पर जोर देकर कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को जो शिक्षा की राह दिखाई उसने उन्हें राष्ट्रपति पद तक पहुंचा दिया। बिहार से आए जनार्दन ने भोजपुरी भाषा के माध्यम से कहा कि महिलाएं किसी भी देश राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी होती हैं। मेला संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने वक्ताओं को सम्मानित किया। इसके साथ ही मंच पर आज सुर सागर की ओर से गायन, माडलिंग आदि की प्रतियोगिताओं का क्रम रात तक चलता रहा। फाइनल राउंड में सुरभि सिंह, डा.नीतू सिंह आदि निर्णायकों ने प्रतिभागियों को परख कर विजेताओं को पुरस्कृत किया।

गोमती एक्सप्रेस की कमान महिला कर्मियों ने संभाली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नारी को शक्ति स्वरूपा मानते हुए एवं महिला सशक्तिकरण का आवाहन करते हुए प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अनुपालन में शुक्रवार को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12419 (गोमती एक्सप्रेस) के गाड़ी संचालन का कार्य महिलाओं द्वारा संपन्न किया गया। इस गाड़ी में सहायक लोको पॉयलेट एवं ट्रेन मैनेजर जैसे महत्वपूर्ण कार्य महिला कर्मचारियों द्वारा सम्पन्न किये गए, जिसमे महिला कर्मी सहायक लोको पॉयलेट के रूप में प्रीति प्रिया, ट्रेन मैनेजर के रूप में राधा यादव ने कार्य किया।

इसके साथ ही मण्डल के मानकनगर स्टेशन पर इस विशेष दिन पर स्टेशन कार्य की पूरी बागडोर महिला कर्मियों एकता सिंह, स्टेशन मास्टर, निगार बानों पॉइंट्समैन, नीलम कनौजिया मुख्य वाणिज्य लिपिक, उपमा गुप्ता मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक एवं अंजनी वर्मा, साथ ही मल्हौर स्टेशन पर ज्योति दुबे सीनियर सीसीटीसी, स्टेशन मास्टर सुभानी सिंह, पॉइंट्समैन में लज्जावती एवं गेटमैन सलमा आगा बेग ने कमान संभाली। इसी क्रम में मण्डल के अन्य स्टेशनों तथा विभागों में भी इस दिवस के तहत महिलाकर्मियों ने पूर्णरूप से कार्यभार संभाला। मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने नारी शक्ति का आवाहन करते हुए इन समस्त महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित करके उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अतिरिक्त मण्डल रेल प्रबंधक ने चारबाग रेलवे स्टेशन तथा मण्डल कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मियों के साथ संवाद किया तथा महिला कर्मियों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए महिलाकर्मियों के विचारों को साझा किया तथा सभी को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस संवाद कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता सागर एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा सहित समस्त विभागों की अनेक महिलाकर्मी उपस्थित रही।

- **लखनऊ मण्डल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन**
- **समाज के प्रत्येक क्षेत्र में नारी के असीमित योगदान : शर्मा**
- **मण्डल के मानकनगर एवं मल्हौर स्टेशनों को बनाया गया पिंक स्टेशन**

मालगाड़ी को महिला कर्मियों ने संचालित किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी परिप्रेक्ष्य में ऐशबाग जं. स्टेशन से गोण्डा जं. तक डाउन बापू मोतिहारी मालगाड़ी का पूर्ण रुप से संचालन मण्डल की महिला कर्मचारियों लोको पायलट समता कुमारी, सहायक लोको पायलट आंचल गुप्ता और ट्रेन मैनेजर अर्चना राठौर द्वारा दक्षता पूर्वक किया गया। इस ट्रेन को बादशाहनगर स्टेशन पर कार्यरत महिला स्टेशन अधीक्षक वर्षा श्रीवास्तव द्वारा हरी झण्डी दिखा कर के आगे के लिए रवाना किया गया। आज महिला दिवस के अवसर पर विशेष रुप से बादशाहनगर स्टेशन का दायित्व हमारी महिला कर्मियों द्वारा सफलतापूर्वक निभाया गया। जिसमें टिकट निरीक्षक मीरा यादव, वाणिज्य अधीक्षक अनीता विक्रम एवं स्वर्णिमा सिन्हा, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक अलका भट्ट एवं कनक श्रीवास्तव तथा रेलवे सुरक्षा बल की उप निरीक्षक सुषमा एवं ज्योति ड्यूटी पर कार्यरत थीं। इसी क्रम में बादशाह नगर स्टेशन पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पोस्टर, रंगोली व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार एवं अध्यक्षा पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ रूबी राय एवं अन्य सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डा. शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

- **डीआरएम ने किया महिला कर्मियों को सम्मानित**

मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

लखनऊ। श्री मेडू लाल अयोध्यावासी वैश्य ट्रस्ट समिति द्वारा श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पुर्ननिर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम हैदरगंज स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में राज्य सभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद अजय दीक्षित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। भूमि पूजन का कार्यक्रम सांसद दिनेश शर्मा की मौजूदगी में किया गया। संस्था के अध्यक्ष महेश गुप्ता एवं महामंत्री गनेश साहू ने बताया की प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर को भूमिपूजन के बाद भव्य मंदिर का निर्माण कराया जायेगा। महाशिवरात्रि के के शुभ दिन भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समित के कोषध्यक्ष कालोक निगम, संरक्षण गणे श प्रसाद वर्मा, धमेन्द्र शुक्ला (गोल्डी), ब्रजेश तिवारी, संतोष साहू आदि मौजूद रहे।

- **कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा सहित कई पार्षद व गणमान्य लोग मौजूद रहे**

विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का दिया गया ठहराव

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही गाड़ियों का विभिन्न स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जा रहा है। 15159 छपरा-दुर्ग एक्सप्रेस का जैतवार उंचेहरा तथा मझगवां स्टेशनों पर, 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन पर, 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस का शाजापुर स्टेशन पर, 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर, 20941 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस एवं 22976 रामनगर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का शामगढ़ स्टेशन पर, 20942 गाजीपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का श्री महावीर जी स्टेशन पर, 11072 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मझगवां, बांदकपुर एवं पथरिया स्टेशनों पर, 12168 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर, 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस का सारंगपुर, पिपरई गांव एवं शाजापुर स्टेशनों पर तथा 15205 लखनऊ जं.-जबलपुर एक्सप्रेस का मझगवां, झुकेही, उंचेहरा एवं जैतवार स्टेशनों पर अगली सूचना तक प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

चार ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा मे उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के रंगापानी मण्डल के बाइहाटा एवं चांगसारी स्टेशनों पर दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में नान इण्टरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। अमृतसर से 08 एवं 15 मार्च को चलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं. स्टेशन पर नहीं होगा। गुवाहाटी से 11 एवं 18 मार्च को चलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं. स्टेशन पर नहीं होगा। गुवाहाटी से 13 एवं 20 मार्च को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या- गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया जं. स्टेशन पर नहीं होगा। डिब्रूगढ़ से 19 मार्च, को चलने वाली 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या- गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी।

खेल को खेल की भावना से खेला जाना चाहिए : पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट खरगापुर लखनऊ के द्वारा दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय कर उनका उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समस्त खिलाड़ियों से कहा कि वह खेल को खेल भावना से खेलें अपने खेल को निखारने के लिए संघर्ष जारी रहना चाहिए खेल में हार और जीत दोनों का सामना करना पड़ता है। विशिष्ट मुख्य अतिथि सांसद बृज भूषण सिंह ने महिला खिलाड़ियों को खेल के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि खेल को खेल के भावनाओं से खेला जाता है किसी जाति और धर्म के मकसद से नही खेला जाता है। साथ ही उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के लिए दर्जनों योजनाएं दी है। पूरी दुनिया में हिंदुस्तान ऐसा पहला देश है जिसमें महिलाओं को सम्मान मिला रहा है। महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक व परिवान मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंउद्घाटन महिला मैच महाराणा प्रताप ने टॉस जीतकर बाल लिया। एसएसबी ने महाराणा प्रताप को दोनों सेट 15 -11 व 15-14 से हराकर अगले मैच में प्रवेश कर लिया।

पुरुष का पहला मैच देवरिया व बांदा के बीच खेला गया जिसमें देवरिया ने बांदा को लगातार दोनों सेट 25-23 और 25-22 हराकर जीत हासिल कर लिया। दूसरा मैच प्रयागराज एसबी सिंह लखनऊ के बीच खेला गया प्रयाराज ने एसबी सिंह को 25-21और 25-24 से जीत कल अगले मैच में जगह बना ली। चौथा मैच सुल्तानपुर व मिजार्पुर आपके बीच खेला गया जिसमें सुल्तानपुर ने मिजार्पुर को 25-22 और 25-24 से हराकर अगले मैच में प्रवेश कर लिया। पांचवा मैच आजमगढ़ और चंदौली के बीच खेला गया। जिसमें आजमगढ़ ने पहला दोनों सेट 25-20 व 25 21 से जीत का झंडा गाड़ी। कार्यक्रम के आयोजन कोषाध्यक्ष गोरखपुर मंडल भाजपा रितु शाही ने आए हुए अतिथियों को शॉल, बुके व स्मृति चिन्ह देखकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्वागत की। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर जितेंद्र प्रताप राव, मनी सिंह, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

- **दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उपमुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

गोमतेश्वर महादेव मंदिर में घरेलू महिलाओं का सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के अंतर्गत महिला माह का आयोजन किया जा रहा है। इस साल चूंकि महिला दिवस शुक्रवार को पड़ा इसलिए मार्च माह के हर शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण के समारोह किये जा रहे हैं। प्रथम कड़ी में जहां घरों में काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया वहीं दूसरे शुक्रवार 8 मार्च को महिला दिवस और शिवरात्रि के अवसर पर विशेष रूप से शिव की शक्ति समारोह का आयोजन गोमती नगर के विकल्प खंड स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर में किया गया। इस क्रम में 15 मार्च को शिक्षा, खेल, कला आदि क्षेत्र में यश अर्जित करने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

गोमतेश्वर महादेव मंदिर में विधि विधान से दुग्धाभिषेक, बेलपत्र धतूरा अर्पित करके पूजन अनुष्ठान किया गया। उसके उपरांत नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी की अगुआई में विभिन्न शिव भजन गाये गये। शिवोहम भजन पर उत्साहित भक्तगण नाचने और झूमने लगे। भजन मंडली में नीशू त्यागी के साथ आनंदिता कौशिक, हेमलता त्यागी, पम्मी, रेनू, मंजू बिष्ट, रचना सिंह, रेखा शर्मा, सावित्री देवी, सोती आंटी, नम्रता मिश्रा, आभा सिंह, शामिल रहीं। आयोजक मंडल में उपाध्यक्षा नीरा लोहानी, सहित मंजू विष्ट, रेनू जोशी, पम्मी मायर, रेखा शर्मा, रचना सिंह और अंशिका त्यागी उपस्थित रहीं। नीशू त्यागी ने बताया कि इस क्रम में तीसरे शुक्रवार 15 मार्च को शिक्षा, खेल, कला आदि क्षेत्र में यश अर्जित करने वाली यूपी की सशक्त बेटियों को नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

- **इस क्रम में 15 मार्च को दिया जायेगा नव अंशिका तेजस्वनी सम्मान**

कामाख्या-आनंद विहार एक्सप्रेस के समय में हुआ परिवर्तन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा हेतु 14010/14009 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन सप्ताह में दो दिन के स्थान पर सप्ताह में तीन दिन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस के गोरखपुर से आनन्द विहार टर्मिनस तक के समय में परिवर्तन किया जायेगा।

आनन्द विहार टर्मिनस से 13 मार्च से चलने वाली 14010 आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को तथा बापूधाम मोतिहारी से 14 मार्च,2023 से चलने वाली 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं रविवार को सप्ताह में तीन दिन चलाई जायेगी।

कामाख्या से 14 मार्च से चलने वाली 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस कामाख्या से 05.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन परिवर्तित समयानुसार गोरखपुर से 02.55 बजे, बस्ती से 03.55 बजे, मनकापुर से 04.42 बजे, गोण्डा से 05.30 बजे, सीतापुर जं0 से 08.55 बजे, चन्दौसी से 14.30 बजे, मुरादाबाद से 15.35 बजे, हापुड़ से 17.10 बजे तथा गाजियाबाद से 18.17 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 18.50 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के समय में कामाख्या से सीवान तक के समय में काई परिवर्तन नहीं किया गया है।

- **गोरखपुर से आनंद विहार के बीच बदलेगा समय**

होली में विशेष ट्रेन देंगी यात्रियों को राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05115/05116 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा होली विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 20 एवं 27 मार्च दिन बुधवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 21 एवं 28 मार्च दिन बृहस्पतिवार को दो फेरों हेतु किया जायेगा।

05023/05024 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 24 एवं 31 मार्च दिन रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च एवं 01 अप्रैल दिन सोमवार को दो फेरों हेतु किया जायेगा। 05115 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी 20 एवं 27 मार्च को छपरा से 17.45 बजे प्रस्थान कर सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोण्डा, दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं. तथा मुरादाबाद होते हुए अगले दिन आनन्द विहार टर्मिनस सुबह 11.50 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्री में 05116 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा होली विशेष गाड़ी 21 एवं 28 मार्च को आनन्द विहार टर्मिनस से 14.45 बजे प्रस्थान करअगले दिन छपरा सुबह 09.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूति प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। 05023 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस होली विशेष गाड़ी 24 एवं 31 माच को गोरखपुर से 20.55 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, गोण्डा, दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद तथा गाजियाबाद होते हुए आनन्द विहार टर्मिनस 11.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्री में 05024 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 25 मार्च एवं 01 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से 15.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह गोरखपुर से 07.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे

- **छपरा-आनंद विहार व गोरखपुर-आनंद विहार के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन**

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए वॉकथान का आयोजन

लखनऊ। अजंता अस्पताल ने शुक्रवार को आलमबाग क्षेत्र में अपने चिकित्सा निदेशक और प्रसिद्ध आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. गीता खन्ना के नेतृत्व में एक वॉकथॉन का आयोजन किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस सुव्यवस्थित वॉकथॉन में 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। डॉ. गीता खन्ना ने विशिष्ट सभा को संबोधित करते हुए उन विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में चर्चा की जिनका आज महिलाएं सामना कर रही हैं। महिलाएं हर क्षेत्र में कड़ी मेहनत कर रही हैं और सफलता भी हासिल कर रही हैं लेकिन वे अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देती हैं जो चिंताजनक है। उन्होंने उन्हें नियमित जांच और समय-समय पर स्क्रीनिंग कराने का सुझाव दिया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। अजंता अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शुक्ला ने दावा किया है कि थकान जैसी महिलाओं का तनाव गुप्त हृदय रोगों को जन्म देता है और उन्हें नियमित जांच करानी चाहिए।

- **अजंता अस्पताल ने किया आयोजन**

अनूप जलोटा शान ए अवध अवार्ड से अलंकृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गजल और भजन गायकी में बराबर का दखल रखने वाले विख्यात कलाकार अनूप जलोटा को सूर्या प्रेक्षागृह छावनी में आज मुख्य अतिथि मध्य कमान प्रमुख ले.जनरल एनएस सुब्रमण्यिन ने शाने अवध अवार्ड से अलंकृत किया। हुनर क्रिएशन्स क्राफ्ट एसोसिएशन के एक शाम लखनऊ के नाम शीर्षित इस कार्यक्रम में आईएएस डा.हरिओम और युवा गायिका अंकिता कपूर ने भी दिलकश आवाज में तराने छेड़े। कथक नृत्यांगना रतन बहनों ईशा-मीशा ने दरबारी कथक की खूबसूरत झलक दिखायी।

कार्यक्रम का आनंद मध्य कमान के चीफ आफ स्टाफ ले.जनरल मुकेश चड्ढा और अन्य सैन्य अधिकारी, विशिष्ट अतिथि प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम, अन्य गणमान्य अतिथियों और जवानों ने भी खूब लिया। अनूप जलोटा ने राम धुन- राम जय जय राम...से आगाज किया और अवार्ड के लिए लखनऊ को शुक्रिया कहा। फिर हाल ही में दिवंगत साथी गायक पंकज उधास को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी मशहूर गजल- चिट्ठी आयी है...को कहते हुये आगे बढ़े। नजर पर शेर कहते हुए- लज्जते गम बढ़ा दीजिए....गजल को सुरों में ढाला। श्रोताओं को साथ गाने का न्योता देते हुए- रमैया वस्तावैया रमैया वस्तावैया.... की सदाओं से और फिर तालियों की गड़गड़ाहट से हाल को गुंजा दिया। अंत भी राम जय जय राम से किया। दिलकश आवाज की मल्लिका युवा गायिका अंकित कपूर ने लगभग तीन पीढियां के गाने एक साथ मंच पर पेश किये।

अंकिता ने सलामे ईश्क मेरी जां...से शुरूआत की और फिर पीछे लौटते हुए- अफसाना लिख रही हूं दिले बेकरार का... सुनाया। आगे- चुरा लिया है तुमने जो दिल को... जैसे मैलोडी भरे गीत गाये। अंकिता से पहले आइएएस अधिकारी डा.हरिओम का अंदाज भी अलग रहा। गायिकी शायरी में भी माहिर हरिओम ने अपनी लिखी नज्म- मुस्कुराती हुई सुबह हो रेशमी जुल्फ की अदा हो तुम... पढ़ने के बाद- वो बेवफा है मगर बेवफा नहीं लगता... शेर कहते हुए- हमीं से मुहब्बत छुपाये हुए हैं, शंक्षं जमाने को अपना बनाये हुए हैं... को बड़ी शाइश्तगी से सामने रखा। सुनने वालों के साथ गवाते हुते उन्होंने- ऐ मेरी जोहरे जबीं.... और फिर महिला दिवस पर मु.रफी का गाया गीत- चौदहवीं का चांद हो या...महिलाओं की नजर किया। अंत में रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा रतन ने- सलाम करने की... गीत पर कथक का अंदाज युग्म रूप में पेश किया। इससे पहले संयोजक जफर नबी ने सभी का स्वागत करते हुए एसोसिएशन की गतिविधियों के बारे में बताया और कहा कि 2012 में पद्मश्री अनूप जलोटा लखनऊ की शान हैं और पूरी दुनिया में अपने मुख्तलिफ गायिकी अंदाज के लिये जाने जाते हैं।

- **सैनिकों के बीच एक शाम लखनऊ के नाम**
- **डा.हरिओम, अंकिता और रतन बहनों ने दिखाया हुनर**

पिंक शक्ति अवार्ड से महिलाएं सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सोशल स्टार्टअप पिंक शक्ति अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग और नवाचार इन्क्यूबेशन सेंटर के संयुक्त सहयोग सेशीरोज कैफे में पिंक शक्ति अवाड्र्स का आयोजन शुक्रवार को हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुषमा खर्कवाल ने पिंक शक्ति ऐप की संस्थापिका स्निग्धा व पिंक शक्ति टीम की सराहना करते हुए आगामी योजनाओं के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। सभी विशिष्ट अतिथियों ने भी उनके इस अनूठे प्रसास की प्रशंसा की। इस अवसर पर उभरती कवियत्री श्रद्धा शौर्य ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित अपनी ओजस्वी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारी शक्ति वंदन के उपलक्ष्य में हुए इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की सफल महिला उद्यमियों साथ ही उभरती हुई महिला उद्यमियों, शैक्षणिक संस्थानों की विदुषी अध्यापिकाओं व मेधावी छात्राओं के साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपना एक ऊंचा मुकाम बना चुकीं महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बिग डेटा और क्राइम डाटा एनालिटिक्स पर आधारित अवार्ड विनिंग विमेन सेफ्टी ऐप पिंक शक्ति का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में लखनऊ स्मार्ट सिटी के सीईओ इंदरजीत सिंह, महिला कल्याण विभाग कीसंयुक्त निदेशक आकांक्षा अग्रवाल, एहसास फाउंडेशन की संस्थापक शची सिंह, भाजपा से अपर्णा यादव व शबनम पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एफओएपी की प्रिंसिपल एवं डीन डॉ वंदना सहगल, विभागाध्यक्ष ऋतु गुलाटी, गौरव सिंह, हिमांशु शर्मा भी उपस्थित रहे।

- **अवार्ड विनिंग विमेन सेफ्टी ऐप पिंक शक्ति का भी किया उद्घाटन**

लाइफटाइम एचीवमेन्ट अवार्ड से सम्मानित हुई डा. भारती गांधी

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी को शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु लाइफ टाइम एचीवमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। लखनऊ में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में रश्मि रानी आईपीएस एडीशनल एसपी, ने डा. भारती गाँधी को लाइफ टाइम एचीवमेन्ट अवार्ड प्रदान कर शिक्षा, समाज एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनकी छह दशक की अतुलनीय सेवाओं को सराहा। इस अवसर पर शिक्षा, साहित्य, राजनीति, पत्रकारिता व अन्य क्षेत्रों की तमाम ख्यातिप्राप्त हस्तियों ने अपनी उपस्थित से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। सम्मान समारोह का आयोजन शैक्षिक क्षेत्र में कार्यरत संस्था क्लैट पॉसिबल एवं टू आब्जर्विंग इण्डिया के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. भारती गाँधी ने कहा कि यह सम्मान बालक-बालिकाओं के उज्जवल भविष्य एवंमहिला सशक्तीकरण के उनके प्रयासों को और गति प्रदान करेगा।

संक्षेप

राष्ट्रीय लोक अदालत आज

बहराइच । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

पत्नी को दिया तीन तलाक

अयोध्या। पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक, पत्नी ने महिला थाने में दर्ज कराया मुकदमा, मारपीट दहेज प्रथा व तीन तलाक का दर्ज हुआ मुकदमा, शहर के लाल बाग बांस मंडी में महिला की हुई है शादी, अंबेडकरनगर अहिरौली थाना क्षेत्र में है मायका, पति सास ससुर समेत पांच लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा।

आरटीओ ऋतु सिंह ने जीता गोल्ड- रजत

अयोध्या। आरटीओ ऋतु सिंह ने जीता गोल्ड, रजत पदक नेशनल मास्टर्स शूटिंग प्रतियोगिता में बनाया, कीर्तिमान ऋतु सिंह ने गोल्ड,रजत पदक जीतकर कीर्तिमान बनाया 10 से 13 फरवरी तक गोवा में चली प्रतियोगिता अयोध्या के खिलाड़ियों को गोवा में सम्मानित किया गया अजय कुमार सिंह, धीरेंद्र मणि त्रिपाठी में भी बढ़ाया मान ,महाराष्ट्र, केरल,झारखंड, कर्नाटक,गोवा के टीमें थी शामिल।

नशेड़ी युवक से जनता परेशान

गोसाईगंज - अयोध्या। स्थानीय गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बेलबारी खान निवासी विकास सोनी पुत्र हरिश्चंद्र सोनी अनावश्यक रूप से क्षेत्र वासियों को परेशान कर रहा है. नशेडी विकास अपने नशे के लिए छोटी मोटी चोरी चकारी करता रहता है। जिससे जनता त्रस्त है। पुलिस भी इस व्यक्ति से परेशान है। इस नशेड़ी से पुलिस भी हटो बचो में रहती है। विकास सोनी अभी कुछ दिन पूर्व नशे में अपने आप को घायल कर लिया था। परिवार वाले भी इलाज में इसका कोई सहयोग नहीं किया। इसका भाई प्रयागराज किसी थाने पर चौकी इंचार्ज के पद पर हैं. नशेड़ी भाई को मदद के नाम पर कुछ नहीं किया। गोसाईगंज पुलिस मददगार बनकर इसका इलाज कराया और या ठीक हो गया तो फिर अपने चोरी चकारी के काम पर लग गया।

बसपा से जुड़े कई समर्थक असमंजस की स्थिति में

बीकापुर- अयोध्या ।संसदीय क्षेत्र अंबेडकर नगर के मौजूदा सांसद रितेश पांडेय द्वारा बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने और भाजपा द्वारा उन्हें अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद गोसाईगंज विधानसभा अंतर्गत बीकापुर क्षेत्र के बसपा से जुड़े उनके कई प्रबल समर्थक अभी असमंजस की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। लेकिन उनका रितेश पांडेय के समर्थन में आना तय माना जा रहा है। भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अयोध्या में प्रथम आगमन के दौरान गोसाईगंज विधानसभा अंतर्गत बसपा से जुड़े बीकापुर क्षेत्र के कई समर्थकों द्वारा सांसद का स्वागत किया जाना राजनीतिक हल्कों में कई संदेश दे रहा है। बहुजन समाज पार्टी के कई कद्दावर नेताओं की मौजूदगी गोसाईगंज विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के अंदर एक और बगावत का संकेत दे रही है।

शिवालयों में बम-बम भोले की गूंज

अयोध्या। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद पहली महाशिवरात्री पर राम नगरी के शिवालयों में सुबह से हर-हर महादेव, बम-बम भोले की गूंज सुनाई पड़ रही है। सरयू में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान करके प्राचीन नागेश्वर नाथ, क्षीरेश्वर नाथ महादेव मन्दिर में स्थापित शिवलिंगों पर बेर, बेल पत्र, गेहूं की बाली, गन्ना, धतूरे और भांग व गन्ने का रस, दूध और जल से अभिषेक कर रहे हैं।

सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सेक्टर और सब-सेक्टर में बांटकर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। शिवरात्रि के मौके पर सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ में सुबह से ही दर्शन पूजन और जलाभिषेक का दौर शुरू हो चुका है। ब्रह्ममुहूर्त से मंदिर के कपाट शिव भक्तों के लिए खोल दिए गए। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान करने के बाद श्रीराम के पुत्र कुश के द्वारा स्थापित सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ में दर्शन पूजन कर रहे हैं। इसी तरह जनौरा गिरजा कुंड पर भी भक्तों की भीड़ रही और झांकी भी निकल गई और भंडारे का आयोजन भी किया गया।

महिला दिवस पर वेबिनार का आयोजन

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशन में महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ एवं एक्टीविटीज क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ह्यइन्वेस्ट इन वूमेनः एक्सीलरेट प्रोग्रेसह्य विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, राजस्थान की पूर्व कुलपति प्रो. चंद्रकला पाडिया रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं में आत्मविश्वास ही सही मायने में इस दिवस की सार्थकता है। सभी को नारियों को देवियों और माता की भांति सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों में स्त्री को बहुत ऊंचा स्थान प्रदान किया गया है फिर भी हम अपने छात्रों को कभी भी वेदों में शामिल भारतीय नारीवाद के बारे में नहीं पढ़ाते है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। जिसमें हमें बताया गया है कि एक मां सर्वश्रेष्ठ गुरु है। नारी अदम्य क्षमताओं का द्योतक है। अगर उन क्षमताओं का समाज में सम्मान के साथ उपयोग किया जाए तो किसी भी समाज के विकास को रोका नहीं जा सकता है।

महिला दिवस पर हुआ महिलाओं का सम्मान

अयोध्या। ।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ अयोध्या द्वारा आयोजित समारोह में 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जहां सम्मान पाकर महिलाएं गदगद हो गईं। उधर वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। जिसका शुभारंभ आरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डाक्टर उपेन्द्रमणि त्रिपाठी व विभाग प्रमुख बीएमएस जय प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डाक्टर उपेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि बेटियां ही परिवार को और देश को सशक्त और समृद्ध कर सकतीं हैं। एक बेटी के पढ़ने से कई परिवार पढ़ जाते हैं और विकास बढ़ जाता है ।

धन्नीपुर मस्जिद के निर्माण में हीला हवाली से मुसलमानों में नाराजगी

- धन्नीपुर की प्रस्तावित मस्जिद के ढुलमुल निर्माण पर सूफी खानकाह एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भारत के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को लिखा पत्र

अयोध्या। उच्चतम न्यायालय के निर्णय के आलोक में प्राप्त भूमि पर,प्रस्तावित धन्नीपुर मस्जिद के लिए लगभग 3 सालों में संबंधित ट्रस्ट द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण न किए जाने तथा बार-बार उक्त मस्जिद का नक्शा और नाम बदलने पर सूफी खानकाह एसोसिएशन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश की कई हस्तियों को दिनांक 16-11-2023 को पत्र लिखा था जिस पर पीएमओ ने संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा है। वर्तमान में पुनः दिनांक 4-3-2024को सूफी खानकाह एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष जाहिद खाँ वारसी बाबा ने उक्त मस्जिद के निर्माण के संबंध में, समय सीमा निर्धारित कर मस्जिद निर्माण में तेजी लाने की मांग करते हुए,प्रदेश के यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ सहित यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह,केंद्रीय वक्फ परिषद,उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड, सूफी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी आदि को पत्र लिखा है। श्री वारसी का कहना है कि ऐतिहासिक फैसले के बाद 5 एकड़ भूमि यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को मिली थी परंतु सियासी लोगों ने उसे ट्रस्ट लेकर उसके नाम पर विदेशो से धन उगाई का कार्य कर रहे हैं और 3 साल बीत जाने पर भी अभी तक वहां किसी भी प्रकार का कोई निर्माण शुरू नहीं कराया गया केवल झूठी जुमले बाजी और झूठे ख्वाब दिखाई जा रहे हैं जिससे मुस्लिम आवाम में काफी रोष है श्री वारसी ने यह भी कहा कि यदि ट्रस्ट से ही वक्फ संपत्ति को सुरक्षित करना है तो अयोध्या की कई बड़ी वक्फ संपत्ति जो वर्तमान में लोगों द्वारा खुर्द बुर्द कर खत्म की जा रही है उसे ट्रस्ट में लेकर सुरक्षित किया जाए। साथ ही सूफी खानकाह एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबा जाहिद खाँ वारसी ने लिखे गए पत्र में कहा है कि धन्नीपुर में एक पुरानी कदीमी दरगाह जो हजरत शाह गदा शाह बाबा के नाम से मशहूर है और उसी परिसर में बाबा हाजी जुबेर खान का आसताना भी है जहां तीन दिवसीय सालाना उर्स बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है उक्त मजार के उर्स वाले क्षेत्रफल को भी सुरक्षित किया जाना अति आवश्यक है ताकि परंपरा गत उर्स में कभी भी भविष्य में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो श्री वारसी ने लिखे गए पत्र के माध्यम से आयुक्त अयोध्या मंडल एवं सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण से अनुरोध किया है कि उक्त मस्जिद को मिली 5 एकड़ भूमि के संपूर्ण क्षेत्रफल पर मस्जिद का ही नक्शा स्वीकृत किया जाए।

शिवरात्रि पर आस्था का उमड़ा सैलाब

बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व पर ग्रामीण व नगर क्षेत्र में धूम धाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर शिवालयों में आस्था का जन सैलाब उमड़ता दिख ।नगर के प्रसिद्ध पाण्डव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें भोर 2 बजे से ही भक्त कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा-अर्चना कर महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर शिवलिंग पर जलार्पण किया।इस अवसर पर सिद्धनाथ दरबार को भव्य रूप से सजाया गया था। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी और उनके प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल के स्पस्ट निर्देश से सफाई, चुनाकारी व लाइट व्यवस्था भक्तों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी।भोलेनाथ के जयकारों के साथ शाम में परंपरागत भव्य शिव बारात निकाली गई। महाशिवरात्रि पर पुरुष से लेकर महिला और बहुत से बच्चों तक ने उपवास रखा। दोपहर में नगर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने अपने परिवार संग मंदिर पहुंच कर बाबा श्री सिद्धनाथ का जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की आरती किया। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार श्री सिद्धनाथ मंदिर से शिव बारात नगर के विभिन्न मार्गो पर झांकीयों के साथ भ्रमण पर निकाली गई।इस दौरान नगर शिवमय होता दिखा। जिला प्रशासन की तरफ से जिलाधिकारी श्रीमती मोनिका रानी पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे।

बेटियों का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान : एच के यादव

अयोध्या ।अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अयोध्या प्रधान डाकघर में भारत सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य को गति देने के लिए डाकघर में आने वाली महिला ग्राहकों को गुलाब का फूल देकर उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्मान बचत पत्र एवं सुकन्या समृद्धि योजनाओं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के बारे में रूबरू कराकर जागरूक भी किया ।

महिला कर्मचारी को मंच पर अतिथि के रूप बिठाया गया साथ ही मण्डल कार्यालय व प्रधान डाकघर की महिला कर्मियों ने महिला दिवस का केक काटा ।इस दौरान अयोध्या मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव ने महिला कर्मचारियों को गुलाब का फूल देते हुए कहा कि बेटियां ही 21वीं सदी में हमारे देश का भविष्य हैं और उनका राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है । आज बेटियों के सपनों को पंख देने के लिए अविभावक को उन्हें आर्थिक मजबूती देंने की जरूरत है । साथ ही उन्होंने बताया कि भारत सरकार के अभियान 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' के अन्तर्गत सभी लोगों का दायित्व है कि बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए एक सार्थक कदम उठायें । भारत सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण की दिशा में तमाम महत्वपूर्ण योजनाएँ चलायी जा रही हैं। इसी क्रम में डाकघरों में सुकन्या समृद्धि योजना में धन जमा करने से माँ-बाप अपनी बेटी के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभायेंगे। इससे बेटियों को आर्थिक व सामाजिक रूप से भविष्य में मजबूत किया जा सकता है।

आयोग की तीसरी आंख की तरह कार्य करेगा सी विजिल एप

बहराइच। लोकसभा सामान्य निवार्चन-2024 में वोटरों को रिझाने के लिए प्रत्याशियो द्वारा यदि आदर्श आचार संहिता की सीमाओं का उल्लंघन किया जाता है तो ऐसे मामलों में सी विजिल एप के माध्यम से त्वरित एवं तत्काल कार्रवाई की जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गये सी विजिल एप को कोई भी व्यक्ति एन्ड्रायड मोबाइल प्ले स्टोर में जाकर लोड कर सकता है। डाउनलोड करते ही एप सक्रिय हो जायेगा और जीपीएस लोकेशन के ट्रेस होते ही उस जगह की नजदीकी फ्लाइंग स्क्वायड टीम 15 मिनट के भीतर मौके पर पहुँच कर अपेक्षित कार्यवाही करेगी।

ऐसे सभी मामलों को हैण्डिल किये जाने के उद्देश्य से समस्त फ्लाइंग स्क्वायड टीम वाहनों को ग्राउण्ड पोजीशनिंग सिस्टम से लैस किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी 2019 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट लॉच किया गया सी विजिल एप का प्रोमों सभी एंड्राइड फोन के प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान यदि किसी शहरी अथवा ग्रामीण मतदाता को यह लगता है कि उसके आस-पास या उनके क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन जैसा कोई कार्य हुआ है तो वह अपने एंड्राइड मोबाइल से उसी वक्त उसकी फोटो या वीडियो बनाकर सी विजिल ऐप पर डाल सकता है। यह शिकायत आनलाइन होते ही तत्काल एप सक्रिय होगा और जीपीएस प्रणाली से वह लोकेशन ट्रेस की जाएगी जहॉ पर शिकायतकर्ता द्वारा उल्लंघन की बात बताई गयी है। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा। गौरतलब है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जनपद में क्रियाशील फ्लाइंग स्क्वायड टीमों में जो भी टीम शिकायतकर्ता द्वारा बतायी गयी लोकेशन से सबसे करीब होगी उसे मौके पर भेजा जायेगा।

निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए गठित टीमों को दिया गया सी-विजिल एप का प्रशिक्षण

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित टीमों यथा फ्लाइंग स्क्वायड (एफएसटी), स्टैटिक सर्विलांस (एसएसटी), वीडियो निगरानी (वीएसटी) व वीडियो अवलोकन (वीवीटी) दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये सी-विजिल एप के संचालन तथा ई-एसएमएस के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की मौजूदगी में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआईओ एनआईसी योगेश कुमार यादव, नेटवर्क फील्ड अभियन्ता रमन गुप्ता व संदीप द्विवेदी व अन्य द्वारा व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित टीम के सदस्यों को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से सी-विजिल एप डाउनलोड कराकर एप संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सदस्यों को बताया गया कि कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित अपनी विजुअल शिकायत तत्काल खींची गयी फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से सी-विजिल ऐप पर कर सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान को गोपनीय रखा जायेगा। कोई भी व्यक्ति गूगल के प्ले स्टोर में जाकर सी-विजिल एप को डाउनलोड कर सकता हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये ऐप की निगरानी मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग आफिसर्स तथा फ्लाईंग स्क्वायड दल के द्वारा की जायेगी। प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर (काल सेन्टर), सी-विजिल, शिकायत सेल, स्टैटिक एवं को-आर्डिनेशन, आनलाइन ऐप (निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न सांख्यकीय सूचनाओं के आनलाइन प्रेषण) हेतु गठित टीम के जिम्मेदारान भी मौजूद रहे।

हाइवे पर खड़े ट्राला से टकराई पिकअप, दो की मौत

अयोध्या। लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार रात अयोध्या की ओर आ रही एक पिकअप हाईवे पर खराब खड़े ट्राला से टकरा गई। हादसा रुदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर चौराहे के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद वाहन की बॉडी कटवाकर बाहर निकाला जा सका। जिला अस्पताल पहुंचाया जाने पर चिकित्सक ने चालक समेत एक अन्य को मृतक घोषित कर दिया। एक पिकअप माल लेकर लखनऊ से अयोध्या की ओर जा रही थी। रुदौली कोतवाली के भेलसर क्षेत्र में इस खराब होने से हाईवे पर खड़े एक ट्राला से टकरा गई । भेलसर चौकी प्रभारी ने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे दो घायलों को किसी तरह बाहर निकलवाया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एंबुलेंस का ईएमटी अनुराग और सिपाही रजत कुमार आधी रात के बाद घायलों संतोष कुमार और एक अज्ञात को लाया था। जिनको परीक्षण के बाद इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

विद्यालय में अव्यवस्था फैलाती शिक्षिका का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल

मिल्कीपुर-अयोध्या। खबर कुचेरा बाजार से है जहां पर महिला शिक्षिका शिक्षा व्यवस्था को दे रही चुनौती अयोध्या जनपद मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के मिल्कीपुर ब्लॉक अंतर्गत कुचेरा बाजार में मौजूद कस्तूरबा विद्यालय में तैनात शिक्षिका लेडी डॉन को नहीं है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का खौफ यूपी की शिक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रही लेडी डॉन शिक्षा के नाम पर छात्राओं पर जुल्म ढाती नजर आ रही है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का बुरा हाल है यशोदा यादव का विद्यालय में जबरदस्त आतंक शिक्षका यशोदा यादव मिल्कीपुर के एक बड़े नेता का दिखाती है धौंस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यशोदा यादव के विरुद्ध कई शिकायतें की गई है शिकायतों के बाद भी कुछ नहीं कर पा रहे शिक्षा अधिकारी छात्राओं पर शिक्षिका का आतंक छात्राओं पर करती है पिटाई सर की जुए निकलवाना बालों में कंघी करवाना रोज की बात है पढ़ाई के नाम पर फोन पर बात करने की आम बात है विद्यालय प्रशासन खौफ के चलते नहीं उठा पाता कोई आवाज संविदा कर्मी होने के बाद भी शिक्षिका का जलवा कायम है शिक्षिका का छात्रों से सेवा करवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है मामले में कोई भी संबंधित अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है सोचने का विषय यह है कि जिन छात्राओं के हाथ में कलम पकड़ने चाहिए उनके हाथ में कंघी पकड़ रही हैं आखिर क्यों संबंधित अधिकारी मौन बैठे हैं क्यों नहीं कर रहे हैं शिक्षिका लेडी डॉन पर कार्यवाही अब देखना यह है कि खबर चलने के बाद संबंधित अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं कार्रवाई होगी या फिर इसी तरह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं पर आतंक चलता रहेगा शिक्षिका लेडी डॉन को क्यों नहीं है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथका खौफ शिक्षिका लेडी डॉन पर संबंधित अधिकारी कब देंगे ध्यान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कब सुधरेगा शिक्षा व्यवस्था अब तो राम के भरोसे है।

चन्दाबाबा के मामले में जालसाज गिरोहबंद भू माफियाओं की बढ़ी मुश्किलें

अयोध्या। कहते हैं अपराधी चाहे जितनी होशियारी कर ले पर वह एक न एक दिन कानून के शिकंजे में फंस जाता है कुछ ऐसा ही साधुवेशधारी भू माफियाओं के द्वारा गुप्तारघाट स्थिति लक्ष्मी नरसिंह मंदिर व पंचमुखी हनुमान मंदिर की संपत्ति को जालसाजी व धोखाधड़ी करके हथियाने के चक्कर मे कानून के शिकंजे में फंस गए साधुवेशधारी भू माफिया जो पूजनीय सन्त के रूप में सत्ता के गलियारों में अपनी पहुंच रखते हैं और यही वजह है कि अधिकारी गण भी उनके गुनाहों पर पर्दा डाल कर धृतिराष्ट्र बन गए और इनके कारनामें बढ़ते गए आखिरकार जब कोर्ट का आदेश हुआ तो इनके काले कारनामों के खिलाफ कैंट थाने में गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया जुसमे पांच साधुवेशधारी भू माफियाओं पर पीड़ित चतुर्भुज दास उर्फ चन्दाबाबा ने मुकदमा दर्ज कराया है अब 161 सीआरपीसी के तहत विवेचक व एस एस पी अयोध्या को घटना के सम्बंध में 62 पृष्ठ में अपना बयान साक्ष्य सबूत देकर जालसाज गैंग का पदार्फाश कर दिया है और उन सभी संगठित गिरोह पर गंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करके गिरफ्तार की मांग की है तथा सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी विवेचक को दिया है जिसमे प्रमुख रूप से अयोध्या जानकीघाट रामबल्लभाकुंज के कथित अधिकारी राज कुमार दास हैं तथा दूसरे छोटी छावनी के चर्चित महन्थ नित्य गोपाल दास महराज के उत्तराधिकारी महन्थ कमलनयन दास है तीसरे उनकी के शिष्य विमल कृष्ण दास है तथा वीरेंद्र नाथ राय व संजय यादव है ।

पत्नी को लोहे की रॉड से मारकर उतारा मौत के घाट

इटावा। बेटी का नहीं लगा फोन तो हुआ शक, घर के अंदर मिला बेटी का शव, जानकारी मिलते ही पर पहुंची थाना पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ की जांच पड़ताल पिता ने लगाया दामाद पर हत्या का आरोप। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हरिशंकर पुरम मैं पति ने पत्नी को लोहे की रोड से मारकर उतारा मौत के घाट, मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता रामचंद्र सिंह ने बताया कि 25 वर्षीय बेटी पूनम की शादी 11 साल पहले पवन कुमार उर्फ दीपक से की थी। दामाद पवन कुमार उर्फ दीपक बेटी पूनम से रुपए की डिमांड किया करता था जब पूनम ने इस बात की जानकारी अपने पिता रामचंद्र सिंह को दी तो उन्होंने बेटी पूनम के नाम एक मकान बनाकर दिया था जिसके बाद बार-बार पवन कुमार पत्नी पूनम से रुपए मांगा करता था पूनम के पिता ने पवन कुमार को एक पिकअप गाड़ी खरीद कर दी थी जिसे चलकर वह अपने जीवन यापन करता था लेकिन पवन ने उसको भी बेच दिया बार-बार पूनम को पवन अपने घर से रुपए लाने की बात किया करता था जब पूनम ने इस बात से मना किया तो उसके साथ पवन ने कई बार मारपीट भी की जिससे परेशान होकर पूनम पवन को छोड़कर अपने मायके गांव जयसिंहपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी चली गई पिता रामचंद्र सिंह ने कई बार मामले को निपटाना चाहा लेकिन पवन नहीं माना जिससे पिता ने पवन पर दहेज उत्पीड़न और प्रताड़ना का मुकदमा कोर्ट में दायर कर दिया पूनम और पवन के तीन बच्चे हैं जिसमें 9 साल का हिमांशु और दो जुड़वा बच्चे गुन्नू और शिव है पवन पूनम को बहला फुसलाकर 5 मार्च को अपने घर हरिशंकरपुरम लेकर पहुंचा जहां आपसी विवाद के चलते लोहे की रोड से मारकर पूनम को मौत के घाट उतार दिया और घर के मुख्य दरवाजे पर ताला डालकर फरार हो गया बेटी पूनम का जब कई बार फोन लगाया तो वह नहीं लगा पिता और भाई को इस बात की चिंता सताने लगी वह दोनों 8 मार्च की सुबह 5रू00 बजे जब पूनम के घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बाहर से ताला डला हुआ है, और अंदर के दरवाजे खुले हुए हैं। पूनम के पिता रामचंद्र ने पड़ोस से सीडी मांगी और छत के रास्ते से घर में घुसे तो देखा कि पूनम की लाश अंदर कमरे की बेड पर पड़ी हुई है यह देखकर उनके होश उड़ गए और तुरंत ही पिता रामचंद्र सिंह ने इस घटना की जानकारी नजदीकी थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद सरोज और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थाना प्रभारी ने इस घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी और नायब तहसीलदार शेखर मिश्रा ने जाच पड़ताल की है।

स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, चार घायल,दो रेफर

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा थाना एरिया के अतायर मोड़ से आगे ईट भट्ठा के सामने तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो अनियंत्रित होकर गढ्ढे में पलट गई जिसमें चार सवार घायल हो गए.घायलो को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया.थाना एरिया के फोरलेन पर अतायर मोड़ से लगभग सौ मीटर आगे शुक्रवार को लगभग चार बजकर पचास मिनट पर हाटा बाजार की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो रावतपार पुलिया के पास अनियंत्रित होकर फोरलेन सड़क से दस फुट नीचे गढ्ढे में चार पांच पलटी मारते हुए गेहूं के खेत में जाकर गढ्ढे में लटक गई। स्कार्पियो सवार गाड़ी से छिटक कर गेहूं के खेत में जा गिरे। स्कार्पियो में बड़हलगंज थाना एरिया के मामखोर निवासी 26वर्षीय राजन पुत्र रामा गौड़। मदरिया के 29वर्षीय राजू गौड़ पुत्र साहिब लाल, 26वर्षीय विकास गौड़ पुत्र राजू और बांसगांव थाना एरिया के भैरोपुर निवासी 22वर्षीय प्रदीप गौड़ पुत्र सियाराम घायल हो गए।

नेताओं के बिगड़े बोल

सियासत में लोग कितना गिर सकते हैं, डीएमके और उसके नेता इसके उदाहरण हैं। तमिलनाडु में इस समय डीएमके का शासन और करुणानिधि का कुनबा सरकार पर और तमाम सियासी पदों पर काबिज है। अपनी सियासत चमकाने के लिए डीएमके तमिलनाडु में हिन्दी भाषा, सनातन धर्म और संस्कृति पर लगातार प्रहार करती रहती है। कुछ माह पूर्व उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के खिलाफ अपमान जनक टिप्पणी की थी। इस पर उनको सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगायी और कहा कि आपने अभिव्यक्ति की आजादी और अन्य मौलिक अधिकारों का दुरुपयोग किया। अब एक और डीएमके नेता एक राजा जो टू-जी घोटाला मामले में काफी समय तक जेल में रह चुके हैं, उन्होंने भारत को एक देश मानने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि भारत एक उपमहाद्वीप है। राजा की इस टिप्पणी के पीछे उनकी क्या मंशा है यह तो वही बता सकते हैं लेकिन कोई संसद या मंत्री बनता है, तो देश की एकता और अखंडता को बनाये रखने की शपथ लेता है। राजा मंत्री रह चुके हैं और इस समय सांसद हैं। उन्होंने देश की एकता और अखंडता की शपथ ली है। लेकिन भारत को लेकर उनका यह नया ज्ञान निश्चय ही देश की एकता और अखंडता के प्रतिकूल है। देश की अदालतों को ए

राजा के खतरनाक बयान का संज्ञान लेना चाहिए। डीएमके सांसद ए राजा वीडियो में पार्टी की बैठक में कह रहे हैं कि भारत एक राष्ट्र नहीं है। इस बात को अच्छे से समझ लें। भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा। एक राष्ट्र, एक भाषा, एक परंपरा व एक संस्कृति को दर्शाता है। ऐसी विशेषताएं ही एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं। यहां तमिल एक राष्ट्र है। मलयालम एक भाषा, एक राष्ट्र है। ओडिसा एक भाषा एक राष्ट्र है। ऐसी श्रेणियां मिलकर भारत का निर्माण करती हैं। भारत एक उपमहाद्वीप है और इसमें विभिन्न प्रथाएं, परंपराएं और संस्कृतियां हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, केरल, दिल्ली और ओडिशा जैसे राज्यों में अपनी-अपनी स्थानीय संस्कृति है। मणिपुर में कुत्ते का मांस खाया जाता है जो एक सांस्कृतिक पहलू है। कश्मीर में अलग संस्कृति है। हर संस्कृति को मान्यता देनी होगी। अगर कोई समुदाय बीफ खाता है तो उसे मानिए, आपको क्या समस्या है ? इसी तरह का आपत्तिजनक बयान बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायक रामेंदु सिन्हा राय का अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर को लेकर आया है। इसमें एक सभा में वह कह रहे हैं कि मेरे हिसाब से यह एक अपवित्र जगह है। जहां सब कुछ दिखावटी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल उठाया कि ब्राह्मण मंदिरों में भगवान की पूजा करते हैं। ईमाम मस्जिद में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। फिर पीएम मोदी ने बिना ब्राह्मण हुए भी कैसे प्राण प्रतिष्ठा की ? अयोध्या में राम मंदिर को इतना निचले स्तर पर पहुंचा दिया गया है। वहां मंदिर नहीं शोपीस बनाया गया है। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उज्जैन में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर कहा कि मोदी चाहते हैं कि 'आप दिनभर मोबाइल देखो जय श्रीराम कहो और कोई काम धंधा न करो। भूखे मर जाओ।' दरअसल इन नेताओं का बयान जहां उनकी हताशा को दर्शाता है वहीं प्रधानमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता का भी पता चलता है। मोदी की लोकप्रियता से परेशान सियासी विरोधियों की इस हताशा को समझा जा सकता है। बहरहाल सियासत अपनी जगह है, चुनाव अपनी ज गह, लेकिन नेताओं को ऐसे बयान से बचना चाहिए जो देश की एकता को कमजोर करे या किसी की आस्था को आहत करे। चुनाव आयोग ने भी ऐसी ही सलाह दी है।

विचार

सूखी, कठोर और कटुतापूर्ण वाणी, सुनने वाले के मर्मस्थलों, हड्डियों को गला देती है।

-महात्मा विदुर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

चेहरे पर झुर्रियां पड़ गयीं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले पड़ गये। परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

किसी भी हालत में अपनी ताकत पर घमंड न कर। यह बहुरुपिया आसमान हर घड़ी हजारों रंग बदलता है।

-हाफिज.

अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृही उससे बेगार कराती है।

-जयशंकर प्रसाद.

जम्मू-कश्मीर का 'स्वीट रिवोल्यूशन'

वीना गौतम

आखिर लोकतंत्र में चुनाव जीतना एक बड़ा मकसद होता है और हर राजनीति पार्टी इस मकसद पर खरे उतरना चाहती है। लेकिन इस सबके बीच भी अगर जम्मू-कश्मीर में बदलाव की बात बड़ी संख्या में लोग कर रहे हैं, तो साफ है कि धारा 370 के बाद कश्मीर में सकारात्मक बदलाव हुआ है और यह मोदी सरकार की उपलब्धि तो है ही।

जम्मू-कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, बीते 7 मार्च 2024 को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार जनसभा को संबोधित किया और 6400 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 53 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के साथ ही 1000 नौजवानों को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर को लेकर अपनी तथा अपनी सरकार की हार्दिक प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए आह्वान किया 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर'। लेकिन प्रधानमंत्री की इन प्रतिबद्धताओं और नये जम्मू-कश्मीर के उदय की उनकी टिप्पणियों से ज्यादा प्रधानमंत्री के इस श्रीनगर दौरे के दौरान जो एक कहानी सोशल मीडिया में वायरल होकर देश विदेश में लोगों को अपनी ओर ध्यान खींच रही है, वह है जम्मू-कश्मीर में हुए 'स्वीट रिवोल्यूशन' की कहानी। वास्तव में यही पिछले पांच सालों में जम्मू-कश्मीर में हुए बदलाव का वह मजबूत सूत्र है, जिसके जरिये हम यहां बदलाव को देख और आंक सकते हैं।

कश्मीर के स्वीट रिवोल्यूशन के इस नैरेटिव के पीछे पुलवामा स्थित सांबोरा गांव का एक युवक नाजिम है, जिसने इस मौके पर प्रधानमंत्री के साथ यादगार सेल्फी ली और अपनी एक ऐसी कहानी सुनायी, जो कहानी बदलते हुए जम्मू-कश्मीर के बहुत से युवाओं की कहानी है। नाजिम बताते हैं, 'साल 2018 में जब मैं 10वीं कक्षा में पढ़ता था, तो अपनी छत पर दो बक्सों में मधुमक्खी पालन शुरू किया। बाद में मैंने इस संबंध में इंटरनेट में काफी कुछ पढ़ा और 2019 में जब जम्मू-कश्मीर 370 हटने के बाद एक नई अंगड़ाई ले रहा था, मैंने अपने काम में सरकार से मदद मांगी और आज मैं हर महीने करीब 5 लाख रुपये का शहद बेंच रहा हूं। छह साल पहले मैं अकेला मधुमक्खी पालन के जरिये अपनी किस्मत बदलने की सोच रहा था, आज मेरे साथ 100 युवक और जुड़े हुए हैं और हम सबको इस स्वीट रिवोल्यूशन ने काम, दाम और भरपूर नाम भी दिया है।' दरअसल यह भले एक



अकेले नाजिम और बाद में उसके साथ जुड़ने वाले 100 युवकों की सीधी कहानी हो, जो उनके साथ घटित हुई।

मगर यह अकेले इतने ही लोगों की कहानी नहीं है। सच बात तो यह है कि जम्मू-कश्मीर के लाखों युवाओं की कहानी है, जिन्होंने पिछले पांच सालों में, अपने भविष्य की सपनीली सुबह देखी है। भले देश का एक बड़ा वर्ग बिना कुछ जाने और देखे सिर्फ विरोध करने के नाम पर कह रहा हो कि जम्मू-कश्मीर में पिछले पांच सालों में यानी जब से इस पर से धारा 370 हटी है, कुछ भी नहीं हुआ। लेकिन व्यवहारिक हकीकत कुछ और है। पिछले पांच सालों में जम्मू-कश्मीर के 4 लाख से ज्यादा युवकों ने आतंकवाद से बेखौफ होकर अपने भविष्य के सपनों को साकार करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने उद्यम शुरू किए हैं और कम से कम इसके जरिये 10 से 15 लाख युवकों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौरपर रोजगार मिला है।

जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पहुंच रहे पर्यटक

जम्मू-कश्मीर में बदलाव की कोई एक कहानी नहीं है और इसे एक नहीं अनेक रास्तों से देखा, जाना और समझा जा सकता है। अकेले 2023 में ही जम्मू-कश्मीर में 2 करोड़ से ज्यादा देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोग घूमने फिरने आए हैं। इतने बड़े पैमाने पर पर्यटक आखिर इसके पहले पिछले 30 सालों में जम्मू-कश्मीर कब गए थे ? जम्मू-कश्मीर की खुशहाली, उसकी भविष्य की सपनीली तस्वीर और बहुत कुछ प्रदेश में पर्यटकों के आने पर टिकी होती है। चूंकि पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर लगातार आतंक से पीड़ित रहा है, ऐसे में सिर्फ विदेशी पर्यटक ही यहां घूमने आने से कतराते रहे हों, ऐसा नहीं है, बड़े पैमाने पर देसी पर्यटक भी जम्मू-कश्मीर आने के पहले पांच बार कहीं और जाने की सोचते रहे हैं। लेकिन आज देश विदेश के पर्यटकों के लिए भारत में सबसे महत्वाकांक्षी पर्यटन केंद्र, जम्मू-कश्मीर ही है। वैष्णो देवी की यात्रा पर जाने वाले और हर साल अमरनाथ की पवित्र यात्रा पर जाने वाले लोगों की भी संख्या में हाल के सालों में भारी वृद्धि हुई। अगर पिछले पांच सालों में कोरोना के दौरान के समय को छोड़ दें, तो जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद से लगातार यहां पर्यटकों के आने में बढ़ोत्तरी हुई है।

एक पर्यटक जब जम्मू-कश्मीर जाता है तो वह देश की बाकी जगहों के मुकाबले 10 फीसदी ज्यादा खर्च करता है और जब एक साल के सभी पर्यटन सीजनों में एक करोड़ तक पर्यटक जम्मू-कश्मीर में पहुंचते हैं तो इसका मतलब जम्मू कश्मीर की इकोनॉमी में 'बूम' का समय होता है और अब तो एक साल में यह आंकड़ा 2 करोड़ को पार कर चुका है। इसलिए जो लोग कहते हैं कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में कुछ नहीं हुआ, वो सही नहीं कहते। जम्मू-कश्मीर में आमूलचूल राजनीतिक परिवर्तन आने में तो अभी जरूर वक्त लगेगा कि लेकिन यह कहना गलत है कि धारा 370 के हटने के बाद से जम्मू कश्मीर में कुछ हुआ ही नहीं। सच्चाई तो यह है कि जम्मू-कश्मीर, वास्तव में विकास के साथ साथ पहचान की भी नई ऊंचाईयां छू रहा है। जिस तरह से पिछले साल जम्मू कश्मीर में जी-20 देशों की कई महत्वपूर्ण बैठकें हुई है, जिस तरह से यहां पर्यटन के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं, वह सब इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में 'स्वीट रिवोल्यूशन' वाकई हो चुकी है और इस रिवोल्यूशन का रिश्ता सिर्फ नाजिम या कुछ युवाओं तक नहीं सीमित, उन लाखों लोगों तक बदलाव और नई अंगड़ाई लेते हुए गुजर रहे जम्मू-कश्मीर से जुड़ा है, जो इसे हमेशा से भारत का वैधानिक हिस्सा मानते रहे हैं।

राजनीति में इशारों से बहुत कुछ कहा जाता है। मुझे नहीं मालूम नाजिम ने जो अपनी स्वीट रिवोल्यूशन की कहानी सुनायी, उसे यह पता था कि नहीं कि लेकिन उसके इस वक्तव्य से निश्चित रूप से सारे अंगूर मीठे हो गए हैं और बिना कहे भी ये जम्मू-कश्मीर के बदलाव की कहानी कह रहे हैं। हम सब जानते हैं कि किसी भी दिन आचार संहिता लग सकती है, उसके पहले तक पक्ष और विपक्ष के सभी लोग चुनाव की राजनीति में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए जो कुछ कर और कह सकते हैं, वह कर और कह रहे हैं। इसलिए अगर कोई यह कहता है कि प्रधानमंत्री द्वारा हाल में की गई एक से बढ़कर एक योजनाओं की घोषणा के पीछे आगामी लोकसभा चुनाव नहीं है, तो वह गलत कहेगा। लेकिन हमें क्यों मानना चाहिए कि चुनाव में जीतने के लिए कोई भी राजनीतिक पार्टी अपनी तरफ से कोशिश नहीं करेगी। आखिर लोकतंत्र में चुनाव जीतना एक बड़ा मकसद होता है और हर राजनीति पार्टी इस मकसद पर खरे उतरना चाहती है। लेकिन इस सबके बीच भी अगर जम्मू-कश्मीर में बदलाव की बात बड़ी संख्या में लोग कर रहे हैं, तो साफ है कि धारा 370 के बाद कश्मीर में सकारात्मक बदलाव हुआ है और यह मोदी सरकार की उपलब्धि तो है ही।

सोशल मीडिया

महिला दिवस के मौके पर हमने एलपीजी सिलेंडर में सौ रुपये छूट देने का फैसला किया है, नारी शक्ति का जीवन इससे आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। पीएम मोदी.

भारतीय दर्शन में योग

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान और वातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण के गुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

शब्दकारों की पूंजी पर नेता काबिज

» इंकलाब जिंदाबाद-हसरत मोहानी
» जय हिंद- चेम्बाकरमण पिल्लई
» जय भीम- बाबू हरदास
» जात पर न पांत पर/इंदिरा जी की बात पर/मोहर लगेगी हाथ पर- श्रीकांत वर्मा
» सौंगध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे- विष्णु गुप्त
» अबकी बार मोदी सरकार- प्रसून जोशी

साहित्य/सियासत ● लोकमित्र

भले इंकलाब जिंदाबाद का नारा सरदार भगत सिंह के नाम से, जय हिंद का नारा सुभाषचंद बोस के नाम से, जय भीम का नारा मान्यवर कांशीराम के नाम से जाना जाता हो और सौंगध राम की खाते हैं, भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण अडवानी के दिल से निकले उद्गार के रूप में प्रसिद्ध हो और अबकी बार मोदी सरकार जैसे नारे के गढ़े जाने का श्रेय भाजपा के आईटी सेल को दिया जाता हो, लेकिन ये सारे नारे न तो राजनेताओं ने गढ़े हैं और न ही पहली बार ये उनकी जुबान पर चढ़े हैं। ये सब साहित्यकारों या शब्दशिल्पियों की पूंजी हैं। लेकिन इनका असली श्रेय उन्हें नहीं मिलता। क्योंकि भले सियासत में साहित्य का बहुत गहरा और स्थायी प्रभाव हो, लेकिन साहित्य कारों में न तो इतना आत्म विश्वास है कि वे राजनेताओं को इसका एहसास कराएं और न ही राजनेता इतने उदार हैं कि खुद ही मान लें। जबकि हकीकत यही है कि सियासत को बहुत कम और सुनहरे शब्दों में अभिव्यक्त करने की कला सिर्फ साहित्यकार ही जानते हैं। लेकिन वे इसका श्रेय लेने की हिम्मत नहीं कर पाते। जबकि हकीकत यह है कि चाहे वह आजादी के पहले का दौर रहा हो या फिर आजादी के बाद नये भारत के गढ़ने का सपना रहा हो या अलग अलग चुनावी मौसमों के दौरान अलग अलग आकांक्षाओं और उम्मीदों की बात रही हो।

साहित्य की बेजोड़ चुबंकीय पूंजी ने हमेशा सियासत को बहुत गहरे अर्थ और प्रभाव दिए हैं। 'सौ सुनार की, एक लोहार की' के अंदाज में जो राजनेता घंटों अपने काम को लेकर, अपनी योजनाओं के संबंध तक में जद्दोजहद करते हैं, उस सारी कवायद को सियासी स्लोगन दो से तीन पंक्तियों में कह देते हैं। फिर चाहे ये स्लोगन या नारे आजादी की लड़ाई के लिए गढ़े गये हों, आजादी के बाद के नये भारत के निर्माण की आकांक्षा के लिए गढ़े गए हों, सियासी हों या गैर सियासी, सब थोड़े में बहुत और बेहद प्रभावशाली अंदाज में कह डालते हैं। भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए भारत की कई विशिष्टताओं को बहुत थोड़े से शब्दों में व्यक्त करना नारों या स्लोगन को ही आता है। यही वजह है कि नारे हमेशा से सियासत में साहित्य की कीमती पूंजी का दर्जा पाते रहे हैं। राजनीति में नारे कल भी महत्वपूर्ण रहे हैं, आगे भी बने रहेंगे। लेकिन यह कितनी बड़ी साजिश है कि अच्छे से अच्छा नारा भी कभी उस सृजनकर्मी के नाम पर नहीं जाना जाता, जो वास्तव में उसका रचयिता होता है, यह बात सिर्फ चुनावों की गहमागहमी में रचनाकार को भूल जाने की बात नहीं है। आजादी के लड़ाई के दौरान भी जो बड़े बड़े विश्व प्रसिद्ध नारे रचे गए, वो भी सबके सब किसी आम या बहुत बड़े साहित्यकार की ही पूंजी थे, लेकिन कभी भी उन्हें श्रेय नहीं मिला। नेताजी सुभाषचंद बोस बहुत सोचने समझने वाले व्यक्ति थे और एक से बढ़कर एक सियासी और सामाजिक संबंधों का प्रखरता से विश्लेषण भी करते थे, लेकिन उनके नाम से जो बहुत मशहूर सियासी नारे हैं, वो उनके लिखे नहीं हैं, लेकिन जिनके लिखे हुए हैं, उन्हें देश के आम लोग हों या खास न तो जानते हैं और न ही जानना पसंद करते हैं। आखिर कितने लोगों को पता है कि देश के लगभग सभी अस्पतालों में और करीब करीब सभी स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करके लिखा गया, 'हम दो हमारे दो' नारा किसका लिखा हुआ है ? जी हां, इस लोकप्रिय नारे को किसी बड़े डॉक्टर ने या देश कि किसी स्वास्थ्य मंत्री ने नहीं गढ़ा। इस नारे को भी एक साहित्यकार बालकवि वैरागी ने रचा है। लेकिन कभी भी कोई न याद करता है और न याद करने की जरूरत महसूस करता है कि आखिर चुबंकीय आकर्षण वाला यह नारा किसने गढ़ा है ? सियासत में हमेशा से अच्छे, प्रभावशाली और देर तक जहन में गूंजने वाले शब्द, वाक्य और विचारों का महत्व रहा है। लेकिन जैसे ही कोई नारा राजनीति में या समाज में हिट हो जाता है, उसका संबंध किसी न किसी राजनेता के साथ जोड़ दिया जाता है और फिर उस नारे की सारी शाब्दिक खूब सूरती, प्रभावशाली विचार शीलता और आकर्षित करने वाली शब्द ध्वनि का श्रेय राजनेताओं को मिलता है। इसके रचने वालों को कुछ नहीं मिलता। मसलन जब साल 1992 में अयोध्या में स्थित बाबरी मस्जिद को ढहा दिया गया, तो विष्णु गुप्त नाम के एक कवि ने उसी समय ऊंची आवाज में कहा था- सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। लेकिन इस नारे को विष्णु गुप्त ने गढ़ा है, इसमें एक सियासी ऊर्जा और धार है, आखिरकार इस बात को कितने लोग जानते हैं ?

निश्चित रूप से बहुत बहुत कम लोग ही इस वास्तविकता को जानते होते है। जबकि शब्दों की रची गई यह धारदार रचना सोच, समझ और संदेश देने के मामले में पलक झपकते ही अपना एहसास करा देती है। आप देश में सौ लोगों से पूछ लीजिए सब यही कहेंगे सौंगध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे जैसा प्रभावशाली और भीड़ को आकर्षित करने वाला नारा किसी आम साहित्यकार ने नहीं बल्कि लालकृष्ण आडवाणी ने गढ़ा है। कहने का मतलब यह है कि कोई भी इसके लिए श्रेय विष्णु गप्त को नहीं, आडवाणी जी को ही देगा। कोई नहीं मानेगा कि इस विचार की कौंध का प्रस्फुटन किसी कवि की मनोभूमि में पहली बार हुआ होगा। इंदिरा जी अपनी दूर तक सोचने के लिए मजबूर कर देने वाले सियासी आह्वानों के लिए जानी जाती थीं। लेकिन उनके ज्यादातर सियासी नारे उनके सहयोगी राजनेताओं के द्वारा या खुद उनके द्वारा नहीं रचे गये। वो तमाम नारे शब्दकारों की देन हैं, चाहे वे श्रीकांत वर्मा जैसे विशुद्ध कवि रहे हों या फिर देवराज अर्श जैसे कवि हृदय राजनेता।

प्रसून जोशी नये युग के सेलिब्रिटी कवियों में शुमार हैं। वो कवियों की उस पारंपरिक भाषा और परिदृश्य का हिस्सा नहीं हैं, जो अपनी दरिद्रता और अनेक परेशानियों से दोचार रहते हैं। प्रसून जोशी बेहद कामयाब, प्रोफेशनल हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा एक शानदार और बेहद सफल कवि भी हैं। 'अबकी बार मोदी सरकार' जैसा आम लोगों में तुरंत स्ट्राइक करने वाला नारा था, जो उन्होंने गढ़ा था। लेकिन पढ़े लिखे लोगों तक को यही लगता है कि यह बीजेपी की आईटी सेल की देन है। सियासत में मशहूर ज्यादातर नारे शब्दकारों की जुबान से ही निकले होते हैं जैसे हिंदी, हिंदू, हिंदुस्तान का नारा किसी राजनेता ने नहीं बल्कि साहित्यकार प्रताप नारायण मिश्र ने रचा था। लेकिन उन्हें कोई नहीं जानता, लोगों को लगता है, दीनदयाल उपाध्याय जी की देन है ये नारा।

आप की बात

प्राथमिक शिक्षा की दशा

उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पहले से ही बहुत जटिल थी , कोरोना के दौरान यह और भी बिगड़ गयी। हालांकि अब इसमें कुछ सुधार हो रहा है। किसी भी समाज की प्रगति का आईना वहां की प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश में जिस तरह से दशकों तक प्राथमिक शिक्षा की अवहेलना की गयी वह चिंताजनक है। हालांकि अब धीरे-धीरे शिक्षा में सुधार के प्रयास हो रहे हैं, लेकिन कोरोना महामारी ने शिक्षा में सुधार के प्रयासों को काफी झटका दिया है। लेकिन इन प्रयासों को फिर से तेज करना होगा। बीते वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कई प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कक्षा तीन के विद्यार्थी से कुछ पढ़ने के लिए कहा, तो विद्यार्थी रटा-रटाया अध्याय पढ़ने लगा। सीएम ने जब दूसरा अध्याय पढ़ने के लिए कहा तो विद्यार्थी हिचकिचाने लगा। इस पर सीएम ने शिक्षक से कड़ी नाराजगी भी जतायी थी और शिक्षा को सुधारने की सख्त नसीहत भी दे रखी थी। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान जो अनुभव हुआ वह प्राथमिक शिक्षा की हकीकत है। प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है और जो शिक्षक हैं भी वे शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेते हैं। हालांकि शिक्षकों की भर्ती हुई भी है लेकिन अभी भी शिक्षकों की कमी है। प्रदेश में लाखों युवक शिक्षण की योग्यता रखते हैं लेकिन उनको मौका नहीं मिलता है। अगर सबको रोजगार से जोड़ा जाये तो शिक्षा भी दुरुस्त होगी और रोजगार भी मिलेगा। जहां तक संसाधनों की बात है तो यह कोई बड़ा मसला नहीं है। प्राइवेट स्कूल में जो शिक्षक मामूली वेतन पर शिक्षण कार्य करते हैं उनको अगर सरकारी नौकरी में कुछ ज्यादा वतन दिया जाये तो खुशी-खुशी करने लगेंगे।

गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.

औद्योगिक विकास की गति

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कमी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

एकता महोत्सव में आज होंगे रंगारंग कार्यक्रम

प्रतापगढ़। उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में आज शनिवार की शाम राष्ट्रीय एकता से जुडी दिल्ली के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखेंगी। वहीं महोत्सव में सुश्री मीनू तिवारी एवं सांस्कृतिक दल द्वारा ढेढिया एवं अवधी लोकनृत्य का भी मनमोहक आगाज दिखेगा। महोत्सव में मथुरा की फूलों की होली एवं मयूर नृत्य एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम भी खासे आकर्षण में दिखेगे। उक्त जानकारी सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने दी है।

महोत्सव में आज शामिल होंगे प्रमोद व मोना

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को सायं चार बजे सांगीपुर के भैरवन बाबा का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना रात्रि आठ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में राष्ट्रीय एकता महोत्सव के तृतीय चरण के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

दो आरोपियों के खिलाफ धमकी व धोखाधड़ी का केस

प्रतापगढ़। नौकरी दिलाने के नाम पर पीड़ित के साथ धोखाधड़ी को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कल्यानपुर ढ़िगवस निवासी शिवबहादुर सरेज के पुत्र प्रदीप कुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि लीलापुर थाना के लीलापुर निवासी अभिलाष मिश्र के पुत्र राजेश मिश्र तथा विक्रम सिंह ने पीड़ित को सीआरपीएफ में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपियो ने नगर के एक मैरिज हाल में पीडित को बुलाकर उससे दो लाख पन्द्रह हजार रुपए की मांग करते हुए एक लाख रुपए ले लिया। पीडित ने जब आरोपियों से नौकरी दिलाने की मांग की तो आरोपियो ने शिकायत करने पर उसे जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात मार्च को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बाबा धाम में सई के मध्य होगा भव्य शिवप्रतिमा का जल्द दर्शन

प्रतापगढ़। हरिद्वार की तर्ज पर बाबा घुइसरनाथ धाम में सई नदी की अविरल धारा के बीच भगवान शंकर की भव्य प्रतिमा श्रद्धालुओं के बीच अनुपम छटा लिए दिखेगी। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के निजी संकल्प के तहत महाशिवरात्रि पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापना को लेकर वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आधारशिला रखी। विधायक मोना के पारिवारिक संकल्प के तहत बहुत जल्द बाबा धाम में आने वाले शिवभक्तों को बाबा के दर्शन के साथ अब सई नदी के मध्य में भगवान शिव के भी विराजमान होने का अलौकिक सुख मिलेगा। पूजन अर्चन कार्यक्रम में विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र तथा छोटी बहन डा. विजयश्री सोना भी मौजूद रहीं।

बच्चों को कराया गया भ्रमण

ललितपुर। मसौरा-सिन्दवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत निर्मित जल शोधन संयन्त्र के भ्रमण के दौरान प्राइमरी स्कूल सहरिया बस्ती ग्राम सिन्दवाहा के बच्चों को अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में भ्रमण कराया गया। एडीएम द्वारा बच्चों के लिए पेन पेंसिल नोट बुक इत्यादि एवं खाने पीने की सामग्री उपहारस्वरूप प्रदान किया गया एवं उनको जलशोधन संयन्त्र में जलउपचार हेतु की प्रक्रिया विस्तृत रूप से परिचय कराया गया। शुद्ध पेयजल के प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अवनीश सिंह, उपजिलाधिकारी महरौनी सैयद सानिया सना एजाज, प्रोजेक्ट मैनेजर जे.एम.सी. कॉन्स्ट्रेक्शन प्रा.लि. तपन कुमार बेरा, सहायक अभियन्ता मयंक अवस्थी, प्रधानाध्यापक रोहित जैन आदि उपस्थित रहे।

छात्र से लाखों की ठगी

नोएडा। गौतमबद्ध नगर जिले के बिसरख गांव में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर दो व्यक्तियों द्वारा एक छात्र से कथित तौर पर 12 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बिसरख थाना के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि दानिश ने बीती रात थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि 2023 में उसने एमबीबीएस में दाखिले के लिए परीक्षा दी थी। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार निखिल निरंजन और बिष्ट नामक दो लोगों ने छात्र से बाद में संपर्क किया और उसका दखिला एक चिकित्सा महाविद्यालय में कराने का भरोसा दिलाते हुए उससे 84 लाख रुपये मांगे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उससे जल्द पैसे देने के लिए कहा जिसके लिए छात्र के पिता ने अपना घर बेच दिया तथा उन्हें 21 लाख रुपये दिए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने पैसा लेने के बावजूद उसका दाखिला नहीं कराया और बार-बार पैसे वापस मांगने पर उन्होंने नौ लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन 12 लाख रुपये वापस नहीं किए। पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

मां काली की प्रतिमा तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छिब्बी गांव में देवी काली की प्रतिमा को तोड़ने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने शुक्रवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के छिब्बी गांव में गत छह मार्च को गांव के बाहर स्थित मंदिर में स्थापित देवी (मांच काली) की एक प्रतिमा को तोड़ दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में गांव के ही शत्रुघ्न चौहान की तहरीर पर गांव के ही रहने वाले सोहन यादव के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी सोहन यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया जिसे जेल भेज दिया गया है।

भारत-नेपाल सीमा पर तस्कर गिरफ्तार, चरस बरामद

बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर रूपईडीहा से नेपाल के एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पौने दो किलोग्राम चरस बरामद की गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम सशस्त्र सीमा बल व पुलिस का संयुक्त दल गश्त पर था। इस दौरान नेपाल के बांके जिले के निवासी 33 वर्षीय बाल बहादुर को पकड़ा गया और उसके पास से तस्करी कर लाई गयी 1.708 किलोग्राम चरस बरामद की गई। मामले की जांच की जा रही है।

खेत सींच रहे किसान पर हाईटेंशन तार गिरा, मौत

मथुरा। जिले के तिलकागढ़ी गांव में खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तिलकागढ़ी गांव निवासी वीरू (45) बृहस्पतिवार को अपने खेत में सिंचाई कर रहा था, तभी ऊपर से जा रहे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर उस पर गिर गया। करंट लगने से उसकी कुछ ही पलों में मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जानकारी मिलने पर उप मण्डल अधिकारी समर्थ श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं इलाके के जर्जर विद्युत तारों को बदलने का आश्वासन दिया।

एसएसबी जवान का शव फंदे से लटका मिला

बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के एक जवान का शव बटालियन परिसर में स्थित उसके आवास में शुक्रवार सुबह एक फंदे से लटका पाया गया। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है।

सूत्रों ने बताया कि बागपत जिले के छपरौली थानांतर्गत राठौरा गांव निवासी जवान रवि आर्या (35) की तैनाती बहराइच जिले में भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी की 42वीं वाहिनी में थी। जवान का सरकारी आवास बहराइच जनपद के नानपारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अगैया स्थित 42वीं वाहिनी एसएसबी परिसर में है। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक रवि अपने कमरे से बाहर नहीं निकले तो अर्द्धसैनिक बल के उनके साथियों ने आवाज लगाई। दरवाजा न खुलने पर साथियों ने खिड़की से कमरे में देखा तो पाया कि जवान का शव छत के पंखे से जुड़े एक फंदे से लटका है। एसएसबी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस व मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक राहुल पांडेय व नानपारा के कोतवाल मिथलेश कुमार राय पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। नानपारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि एसएसबी जवान का शव फंदे से लटका पाया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। मृतक जवान के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

दरोगा के नशे में होने का वीडियो वॉयरल, निलंबित

सहारनपुर। जिले में एक पुलिस उपनिरीक्षक के नशे में होने का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित होने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि सहारनपुर जिले के तीतरो थाना क्षेत्र के बहलोलपुर चौकी पर तैनात दरोगा की ड्यूटी बरसी महादेव मंदिर पर लगी थी, लेकिन पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा की गयी जांच के दौरान उक्त दरोगा ड्यूटी पर न होकर अपने कमरे में नशे की हालत में मिला। क्षेत्राधिकारी गंगोह ओर थाना तीतरो के प्रभारी निरीक्षक जब दरोगा को मेडिकल के लिये ले जाने लगे तो उक्त दरोगा ने वहां से भागने का प्रयास भी किया। भागने के दौरान दरोगा गिर पड़ा जिससे उसे मामूली चोट भी लगी। जैन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा ने उक्त दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और इसकी जांच एएसपी को सौंपी गयी है। जांच के बाद इस मामले में अगली कार्यवाही की जाएगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मोना ने सशक्तीकरण में लोक कला के लिए सौंपा सम्मान

प्रतापगढ़। उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सशक्तीकरण की भी मजबूत गूंज दिखी। सशक्तीकरण के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मानों से नवाजी जा चुकी क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंच से महिला कलाकारों को विशेष सम्मान प्रदान किया। विधायक मोना ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ महोत्सव की प्रातःकाल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भजन तथा भाव नृत्य को लेकर मौजूद महिला कलाकारों को माल्यार्पण कर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया। विधायक आराधना मिश्रा ने इन कलाकारों को स्वयं की ओर से प्रशस्ति पत्र भी सौंपा। उन्होने कहा कि देश का मान बढ़ाने में आज बहन-बेटियां सीमा की रक्षा से लेकर कला संस्कृति तथा शिक्षा व प्रशासन एवं राजनीति के साथ समाज सेवा में भी सशक्त भूमिका का निर्वहन कर रही है। सम्मान कार्यक्रम के समय लालगंज एसडीएम प्रवीण द्विवेदी भी मौजूद रहे। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक के हाथों सम्मानित होकर कलाकारों को स्वयं में गौरवान्वित होते हुए देखा गया।

बाबा धाम में मनोरंजन के साथ खरीददारी का भी आनन्द उठाते दिखे शिवभक्त

प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम मे महाशिवरात्रि के मेले मे भी लोगो ने खरीददारी के साथ महोत्सव मे हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर आनंद उठाया। वहीं मेले मे महिलाओं तथा बच्चों ने जलेबी तथा चाट का जायका लिया। सांस्कृतिक रंगमंच के पार्श्व छोर मे लगी विकास प्रदर्शनी मे भी बडी संख्या मे युवा तथा किसान शासन की कल्याणकारी योजनाओ को देखने व समझने मे उत्सुक दिखे। जिला प्रशासन के द्वारा लगाई गयी विकास प्रदर्शनी मे विभिन्न विभागो की ओर से जनता के बीच अपनी उपलब्धियो को रखा गया। वहीं सांस्कृतिक रंगमंच के नीचे लगाए गए स्वास्थ्य कैम्प मे भी चिकित्सा टीम मौजूद दिखी। प्रशासनिक कैम्प मे भी मेले की व्यवस्था की अफसर निगरानी करते दिखे। श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन पूजन कर परिक्रमा भी किया और मंदिर के समीप हो रहे देर ऊँ नमः शिवाय के जाप में भी शामिल हुए। सई नदी के तट पर बने दोनों पैदल यात्री सेतु पर भी श्रद्धालुओं का आवागमन जारी दिखा। श्रद्धालुओं ने सई में संरक्षित मछलियों को दाना भी डाला। बाबा धाम में देर शाम तक जलचढ़ी की आस्था भी उमंग लिये रही। वहीं प्रातःबेला में अपने कार्यक्रमों को प्रस्तुती देने के बाद बाहर से कलाकारो ने भी बाबा के समक्ष मत्था टेका।

आम आदमी पार्टी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

ललितपुर। कचहरी प्रांगण में आम आदमी पार्टी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। गोष्ठी की गई जिसमें नारी सशक्तिकरण के संबंध में तथा महिलाओं के अधिकारों के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस गोष्ठी की अध्यक्षता कर रही महिला प्रकोष्ठ आप जिलाध्यक्ष हरिबाई राजपूत ने कहा कि हमारे देश में भी हमारी बहनें आकाश, समुद्र, थल में भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर देश की सरहद की रक्षा कर रही हैं। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर ही नहीं साल के पूरे वर्ष हमें अपनी माता बहनों का सम्मान करना चाहिए और आज हम संकल्प लेते हैं कि हमेशा की तरह हम अपनी बहन बेटी मां का सम्मान करते रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस गोष्ठी में हजारीलाल राजपूत, गणेशराम रजक, नानाजी, गजानंद, मीना आदि मौजूद रहे।

शिव बारात में झूमे बाराती

ललितपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तालाबपुरा डोंडाघाट पर सुबह शिवाभिषेक पूजन अर्चन के तदोपरांत भगवान शिव की बारात निकली गई। बारात विजय बजरंगी वली मंदिर डोंडाघाट से प्रारम्भ हुई, जिसमें सभी मोहल्लेवासी शिव के गानों पर झूमते नजर आये तथा सभी जगह शिव बारात का स्वागत आरती पुष्पवर्षा की गई। बारात श्रीनृसिंह मन्दिर पहुँची, वहां बारात का स्वागत वरमाला पांव पखार कर व प्रसाद वितरित के साथ किया गया। मौके पर दुर्गाप्रसाद पाठक, छक्कीलाल साहू, सुबोध गोस्वामी, पार्षद रामकिंकर पटैरिया, रमेश नगाइच, भरत पुरोहित, राजकुमार साहू, संतोष गोस्वामी, कृष्णकांत तिवारी, अजय रावत, दिवाकर शर्मा समस्त मोहल्लावासी उपस्थित रहे।

50 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

बटन दबाकर मोना से महाशिवरात्रि पर परम्परागत सौगात पाकर मगन दिखे श्रद्धालु

प्रतापगढ़। बाबा धाम में महाशिवरात्रि पर विकास योजनाओं की सौगात का परम्परागत उल्लास उन्तीसवें महोत्सव में भी दिखा। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के हाथों पचास करोड से जुडी इक्यावन परियोजनाओं के एकमुश्त लोकार्पण व शिलान्यास को लेकर श्रद्धालु मगन दिखे। विधायक मोना ने सांसद प्रमोद तिवारी के साथ जैसे ही इन परियोजनाओं के लिए बटन दबाया वहां मौजूद हजारों लोग बाबा घुइसरनाथ के जयकारे लगाते दिखे। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा ने बाबा धाम में घुइसरनाथ मंदिर से सई नदी के पुल तक दो करोड की लागत से बनने वाले रीवर फ्रन्ट की सौगात सौपी। वहीं बावन लाख पचीस हजार की लागत से धर्मसम्राट स्वामी करपात्री मार्ग से मोहनपुर वाया चौरिहन का पुरवा सीसी रोड का लोकार्पण किया। विधायक व राज्यसभा सदस्य ने आठ करोड बाइस लाख की लागत से जगदीशपुर अठेहा, अझारा के इक्कीस किलोमीटर हाइवे के नवीनीकरण की परियोजना की भी आधारशिला रखी। इसके अलावा लालगंज नगर पंचायत से जुडी पेयजल एवं मार्गो की परियोजनाओं की भी प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना द्वारा आधारशिला एवं लोकार्पण किया गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा कि बाबा धाम मे अभी लगातार अन्य बड़ी योजनाएं भी संचालित होती रहेगीं। जिससे पर्यटन की दृष्टि से यह धाम सबसे सुविकसित जन-सुविधाओं का आदर्श धाम कहलायेगा।

ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

सुल्तानपुर। जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात टेलर (ट्रक) ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात रामतीरथ व संतोष कुमार एक कार्यक्रम में खाना बनाने का कार्य करके बिरसिंहपुर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर बेथरा लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों दोस्तपुर थाना क्षेत्र के वंशराजी इंटर कॉलेज गोसैसिंगपुर के पास पहुंचे थे कि अज्ञात टेलर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे।

हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

प्रतापगढ़। महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे सुबह की किरण फूटी तो मुख्य मंदिर के सामने शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भोले नाथ के जयकारे के बीच जब भक्त भगवान घुइसरनाथ के दर्शन को आतुर हुए तो भक्तिमय नजारा अदभुत हो उठा। भीड़ के सैलाब को देख व्यवस्था मे लगे स्वयंसेवको के साथ पुलिस व पीएसी के जवानो की भी मशक्कत बढ़ गयी। वहीं श्रद्धालुओ के सुगम दर्शन को लेकर प्रशासन की भी धड़कन तब तक बढ़ी दिखी जब तक दोपहर बाद आस्था व विश्वास की बाबा धाम में उठी लहर कुछ थमी न। एसडीएम प्रवीण द्विवेदी, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह व सीओ रामसूरत सोनकर भी शिवभक्तों के महादेव के दर्शन पूजन को लेकर प्रशासनिक दीर्घा छोड धाम परिसर मे व्यवस्थाओं की नब्ज टटोलने लगे। मंदिर के प्रवेश द्वार पर श्रद्धालु महिलायें भी बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए ऊँ नमः शिवाय के जाप मे मगन दिखी। शिवभक्तों ने बाबा को प्रसन्न करने के लिए बेल पत्र व धतूरा, पुष्प आदि चढ़ाते हुये घुइसरनाथ बाबा के गगनभेदी जयघोष मे रमें दिखे। श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन मे सुरक्षाबलों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओ के कार्यकताओं के द्वारा भी व्यवस्था सुगम बनाने मे कडी मशक्कत करते देखा गया। सई नदी मे पुलिस ने बैरीकेटिंग के साथ गोताखोरो की भी ऐहतियातन व्यवस्था भी कर रखी थी। वहीं लालगंज-सांगीपुर हाईवे पर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए डभियार तथा देउम के पास बैरियर लगाकर भारी वाहनों को बाबा धाम मे प्रवेश करने से रोकने मे पसीना-पसीना हो रही थी। पूरे धाम मे पुलिस तथा पीएसी के साथ महिला पुलिस बिंग व पुलिस की खुफिया एजेंसी को हाई अलर्ट मे देखा गया। वहीं धाम में खोया पाया शिविर का भी सराहनीय प्रबन्ध दिखा।

विधायक व सांसद प्रमोद ने टेका बाबा को मत्था

प्रतापगढ़। महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ जी का दर्शन पूजन तथा सदभावना सभा मे शामिल होने आये राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी सुबह सबसे पहले अपनी विधायक पुत्री एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा छोटी सुपुत्री डा. विजयश्री सोना एवं पौत्र राघव तथा वालीबुड स्टार रवि त्रिपाठी के साथ बाबा का दर्शन करने पहुंचे। धाम मे श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को देख प्रशासन भी सतर्क हो उठा। पुलिस अफसरो के कई बार अनुरोध के बावजूद विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी अपनी विधायक बेटी मोना तथा छोटी बेटी सोना व नाती राघव के साथ आम श्रद्धालुओं की पंक्ति मे काफी देर तक दर्शन के लिए प्रतीक्षारत दिखे। प्रमोद तिवारी व मोना को भी अपने साथ दर्शन के लिए मौजूद देख श्रद्धालुओ मे मुस्कुराहट तैर उठी दिखी। युवा लाबी प्रमोद तिवारी तो महिलाएं विधायक मोना के साथ दर्शन की लाइन मे सेल्फी भी लेने मे उत्साहित दिखीं। इस बीच सांसद प्रमोद तिवारी व एमएलए मोना ने कुछ देर बाद मंदिर के गर्भगृह मे पहुंचकर बाबा के समक्ष मत्था टेका। प्रमोद व मोना ने यहां बाबा के साथ भगवान बेंकटेश्वर का भी वैदिक पूजन के साथ दर्शन कर लोक कल्याण की सुमंगल कामना की।

बाबा धाम की आध्यात्मिक ऊर्जा से मजबूत होती हमारी एकता

विधायक एवं सीएलपी नेता मोना ने मानवीय मूल्यों की मजबूती पर दिया जोर

प्रतापगढ़। महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रातः बेला में लखनऊ से आये कलाकारों के द्वारा भजन व संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखी। वहीं सांस्कृतिक मंच से सदभावना सभा में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश की एकता तथा सदभाव के माहौल की मजबूती पर लोगों से संकल्पबद्ध बने रहने का आहवान किया। उन्होने कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम से हमें विकास तथा शांति व अमन के माहौल को यहां बनाए रखने में ऊर्जा मिला करती है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परिवेश में विकास तथा सदभावना की मजबूती बनाये रखने के लिए ही यह महोत्सव प्रतिवर्ष हमारे संकल्पों को मजबूत बनाया करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भगवान शिव लोकमंगल के लिए विषपान करते हुए हमें मिल जुलकर आगे बढ़ने की सदैव प्रेरणा दिया करते हैं। उन्होने कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम उनके स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के लगातार संकल्पों से देश का सबसे विकसित एवं दर्शनीय पर्यटन धाम बनेगा।

समारोह में शिक्षामनीषी डॉ. विजयश्री सोना तथा एसडीएम लालगंज प्रवीण द्विवेदी तथा सीओ रामसूरत सोनकर विशिष्ट अतिथि रहे। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने महोत्सव में आये श्रद्धालुओं का स्वागत तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

वहीं सदभावना सभा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को लखनऊ से आये प्रख्यात भजन गायक श्रीराम द्विवेदी संदीप के गणपति बप्पा मोरया, हे शंभु नाथ तथा वतन परस्ती के भी जुड़े एक से एक गीतों ने उन्तीसवें महोत्सव की शुरूआत को यादगार बना दिया। वहीं श्रीराम द्विवेदी के सांस्कृतिक दल में आयीं लोक कलाकारों भी शिवभजनों पर शानदार भाव नृत्य प्रस्तुत कर हजारों हजार लोगों को शिव महिमा से जोड़ने में सफलता लेती दिखीं। सुप्रसिद्ध भजन गायक संदीप द्विवेदी को राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने महोत्सव की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लोक कला में सशक्तीकरण के लिए महिला कलाकारों का माल्यार्पण कर सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी, लल्लन सिंह, अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा, अवर अभियंता लालचन्द्र पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल, आशुतोष मिश्र, छोटे लाल सरोज, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, पप्पू तिवारी, त्रिभु तिवारी, अतुल शुक्ल आदि मौजूद रहे। सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। सदभावना सभा का संयोजन प्रधानाचार्य अमिताभ शुक्ल एवं आशीष उपाध्याय ने किया।

रफ्तार के सौदागर वीराने में चला रहे थे असलहा फैक्ट्री, दो गिरफ्तार

बरेली। बॉलीवुड की धूम और बंटी बबली के कलाकारों से प्रेरित होकर स्टंटबाज युवा पुलिस का स्टीकर लगाकर पलक झपकते ही लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस की पहुंच से दूर हो जाते थे। दोनों युवा तमंचे बनाकर बेचने के काम कर रहे थे। अपने और अपनी गर्लफ्रेंड के महंगे शौक पूरे करनें के लिये चुनाव सें पहले मंहगे असलहे बेचकर मुनाफा कमा रहे थे। पुलिस ने स्टंटबाज युवा के सहारे अवैध असला फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर, एक तमंचा 32बोर, 315 बोर के तमंचे के बैरल व तमंचा बनाने के उपकरण बरामद किये है। थाना इज्जतनगर पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह ने बताया पुलिस टीम को सूचना मिली बैकवुड्स होटल के सामने सुनसान जंगल में एक कोठरी में अवैध असलाह फैक्ट्री संचालित की जा रही है। पुलिस ने अवैध फैक्ट्री पर दबिश दी इस बीच पुलिस नें अवैध असलहा बनाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में थाना किला के चंदन नगर रामपुर रोड निवासी आकाश पुत्र महेंद्र कुमार दूसरा आरोपी थाना किला के मलूकपूर के चमन की मढैय्या निवासी करन पुत्र अशोक कश्यप को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में गिरोह के सरगना करन ने बताया कि वो अपने और अपनी गर्लफ्रेंड के महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करता हैं। करन जो बाइक चोरी करता था उसी बाइक से मोबाइल और लूट के काम को अंजाम देता था। करन ने बताया इसके अलावा वह अपने दोस्त आकाश के साथ मिलकर एक असलहा फैक्ट्री भी चलता है। शौक पूरे करने के लिए एक तमंचे को चार से पांच हजार में नई उम्र के लड़कों को बेचते थे। अपनें असलहो कों बेचने के लिए शादी व अन्य आयोजनों में यह अवैध असलहो का प्रदर्शन करते थे। बीते तीन माह पूर्व करन की गर्लफ्रेंड अवैध असलहें की फायरिंग को लेकर जेल जा चुकी हैं। पुलिस को आरोपी ने बताया कि बीते वर्ष सुनगढ़ी थाना क्षेत्र से एक हीरो स्प्लेंडर बाइक चोरी हुई थी। आरोपी उसका उसका नंबर प्लेट बदलकर लूट की घटनाओं के साथ असलहा फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे। बाइक पर पुलिस का स्टीकर लगाकर पलक झपकते ही पुलिस के सामने से भाग जाते थे। लोकसभा चुनाव को लेकर असलहें की मांग बढ़ जाती है आरोपी एक असलहे को बेचकर चार सें पांच हजार रुपए कमा रहे थे। दोनों आरोपी देहात से शहरों तक तमंचे बेच भी चुके हैं।

सदर हवालात की सरिया काटकर फरार होने वाला बंदी गिरफ्तार

बरेली। लोकसभा चुनाव सें पहले जहां पुलिस अपराधियों की धरपकड़ रही हैं वही दूसरी ओर सदर हवालात की सरिया काट कर फरार आरोपी पुलिस के लिए सिर दर्द बन गए। 20 हजार के इनामी अपराधी गैंगस्टर सचिन सैनी मालगोदाम रोड पर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसके बाद कोतवाली पुलिस नें राहत थोड़ी राहत की सांस ली हैं लेकिन अभी -भी दूसरा आरोपी अंकित अभी भी फरार हैं। पुलिस टीम आरोपी को पकड़ने के लिए काफी जद्दों-जहद कर रही है। फिलहाल बंदी गैंगस्टर सचिन सैनी कों कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने फरार बंदी पर 20 हजार रुपए इनाम की घोषणा भी की थी। बीते 23 फरवरी को सीबीगंज के पस्तौर निवासी गैंगस्टर सचिन सैनी पेशी के दौरान सदर हवालात की सरिया काटकर अपनें साथी अंकित यादव के साथ फरार हो गया था। इस बीच पुलिस दोनों फरार मुजरिमों को तलाश कर रही थी। कई बार पुलिस दोनों अपराधियों के करीब पहुंची मगर दोनों अपराधी चकमा देकर फरार हो चुके थे।

संक्षेप

स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से शुरू होगी

नयी दिल्ली। स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से शुरू होगी। दूरसंचार विभाग के शुक्रवार को आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस से यह जानकारी मिली। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के साथ ही इस साल खत्म होने वाली फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा।

एसबीआई ने वृद्धाश्रम को दिया वाटरकूलर, गीजर

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, लखनऊ के उप महाप्रबंधक आर. नटराजन ने गुरुवार को समर्पण, वृद्धजन परिसर, आदिल नगर, लखनऊ में रहने वाले वृद्धजनों के लिए ब्लोवर, गीजर, आलमारी और वाटरकूलर बैंक की सीएसआर नीति के तहत भेंट किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की महिला क्लब की अध्यक्षा अंजू चाण्डक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। महिला क्लब से मिनी साहू , विद्या नटराजन एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे। समर्पण, वृद्धजन परिसर के प्रबंधक डॉ. यू.सी. वाजपेयी ने प्रदान की गई वस्तुओं के लिए बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वृद्धजनों के लिए बैंक का बड़ा सहयोग है।

निदेशक मंडल में महिलाओं की संख्या पिछले पांच वर्षों में बढ़ी

नयी दिल्ली। भारतीय कंपनियों के निदेशक मंडल में पिछले पांच वर्षों के दौरान महिलाओं की संख्या धीरे-धीरे बढ़ी है। एक रिपोर्ट में बताया कि 2023 में कंपनियों के बोर्ड में उनकी हिस्सेदारी 18.3 प्रतिशत थी। निदेशक मंडल में महिलाएं: एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में हालांकि कहा गया है कि यह आंकड़ा वैश्विक औसत 23.3 प्रतिशत से कम है। अपनी इस रिपोर्ट के लिए 50 देशों की 18,000 से अधिक कंपनियों का विश्लेषण किया गया। इसमें भारत की 400 कंपनियां शामिल हैं। निदेशक मंडल की विविधता में एक आदर्श बदलाव जरूरी है। चूंकि कई कंपनियां सीईओ या सीएफओ का अनुभव वालों को बोर्ड में शामिल करना चाहती हैं, इसलिए ये आंकड़े भविष्य के लिए आशावादी नजरिए को नहीं दर्शाते हैं। भारतीय कंपनियों को ऐतिहासिक रुझानों को तोड़ना चाहिए और पिछली भूमिकाओं के मुकाबले क्षमताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए।

ओएमजी 2 का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 10 को

नई दिल्ली। तुम भी रखो विश्वास, क्योंकि तुम हो शिव के दास यह डायलॉग आज भी पूरे देश में गूंज रहा है। कलर्स सिनेप्लेक्स 10 मार्च, रविवार को रात 8 बजे इसी चर्चित डायलॉग से सजी फिल्म ओएमजी 2 का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ओएमजी के पहले पार्ट को शानदार सफलता मिली थी। ओएमजी 2 हास्य, ड्रामा और आंखें खोलने वाले पलों का एक संयोजन है, यह फिल्म सामाजिक नियमों को चुनौती देती है और आध्यात्म के बारे में महत्वपूर्ण सवाल पूछती है। अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम अभिनीत एवं अमित राय द्वारा निर्देशित ओएमजी 2 आपको सोचने और महसूस करने पर मजबूर कर देगी और आपके मन पर प्रभाव छोड़ती है। ओएमजी 2 कांति शरण मुद्गल की कहानी है और इस किरदार को बेहद शानदार तरीके से पर्दे पर उतारा है प्रतिभाशाली अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने। कांति शरण भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त है।

तीन गानों की लॉन्चिंग रहा आकर्षण का केंद्र

लखनऊ। राजधानी के लोगों में फैशन फीवर 2024 को लेकर बेहद उत्साह देखने को मिला। लोग इसका खूब आनंद लेते नजर आए। उनका मन था कि ऐसे आयोजनों से भी युवा मॉडल के लिए एक हब बन सकता है। इसी से प्रेरणा लेकर हमने फैशन इंडस्ट्री को भी यहां स्थापित करने की सोच के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया है जिसे लोगों का बहुत सारा प्यार और उत्साह मिल रहा है। इस दौरान तीन गाने की लॉन्चिंग भी की गई। ये तीन गाने हैं- बम बम भोले, साढ़े साती और भारत की बेटियां। यह तीनों गाने एक से बढ़कर एक है और इसे बेहद खूबसूरती से बनाया गया है।

डीपफेक, भ्रामक सूचना पर कानूनी प्रावधान चुनाव के फौरन बाद : वैष्णव

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने डिजिटल मंचों से समाज और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाली भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रक्रिया समाधान मुहैया कराने को कहा है।

वैष्णव ने कहा कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद डीपफेक और गलत सूचना के खिलाफ एक सुविचारित कानूनी ढांचे को अंतिम रूप दिया जाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को वीडियो में गलत ढंग से पेश करने को डीपफेक कहा जाता है। भारत में चुनाव का मौसम नजदीक आने के साथ डिजिटल मंचों ने चुनावी सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की कोशिशें बढ़ा दी हैं। इस दौरान सरकार ने भी सलाह और संदेशों के माध्यम से सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर प्रसारित होने वाले डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रति अपने कठोर रुख को दर्शाया है। वैष्णव ने पिछले दिनों बातचीत में इस मसले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में गलत सूचना वास्तव में बहुत हानिकारक हो सकती है। भ्रामक सूचना समाज, लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया के लिए हानिकारक हो सकती है और यह हमारे भविष्य एवं समाज के सद्भाव को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकती है। उन्होंने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि हम डिजिटल मंचों के साथ चर्चा के दौरान बहुत स्पष्ट रहे हैं। हालांकि मंचों ने कई कदम उठाए हैं और वे लगातार कदम उठा रहे हैं। चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद हम निश्चित रूप से बेहद सुविचारित कानूनी ढांचा खड़ा करेंगे। वैष्णव ने इस मुद्दे को प्रस्तावित डिजिटल इंडिया अधिनियम में ही समाहित किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि या तो उसके हिस्से के रूप में या डीपफेक और भ्रामक सूचना पर एक अलग कानून के बारे में भी सोचा जा सकता है। पिछले हफ्ते, सरकार ने सोशल मीडिया एवं अन्य डिजिटल मंचों के लिए परीक्षण के दौर से गुजर रहे एआई मॉडल को चिह्नित करने और गैरकानूनी सामग्री पर रोक लगाने के लिए एक सलाह जारी की थी। इसके कुछ दिन पहले ही गूगल के एआई टूल जेमिनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक प्रतिक्रिया दी थी।

सीबीआई ने संदेशखाली में शाहजहां शेख के आवास, कार्यालय पर की छापेमारी

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के संदेशाखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल पर हमले की जांच के सिलसिले में निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास और कार्यालय पर शुक्रवार को छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई के अधिकारी हमले के संबंध में सबूत इकट्ठा करने के लिए संदेशखालि स्थित सरबेरिया के अकुंचीपारा इलाके में शाहजहां के आवास के पास के इलाकों में भी गए।

इसके बाद अधिकारी उसके कार्यालय गए। शेख को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कर दिया गया है। उसे पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा उस समय हमला किए जाने संबंधी मामले में गिरफ्तार किया गया जब अधिकारी कथित राशन घोटाले से जुड़े मामले के सिलसिले में उसके आवास परिसर गए थे। इस छापेमारी में फोरेंसिक और प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों ने भी सीबीआई टीम को सहयोग दिया। छापे मारने वाली 14-सदस्यीय टीम में सीबीआई के छह कर्मियों और छह केंद्रीय फोरेंसिक अधिकारियों के अलावा प्रवर्तन निदेशालय के वे दो कर्मी भी शामिल थे, जो पांच जनवरी को किये गये हमले में घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों के कर्मियों की सुरक्षा के लिए इलाके में केंद्रीय बलों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई है। सीबीआई अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा शेख के आवास पर लगाई गई सील को परिसर में प्रवेश करने के लिए खोल दिया। वे जांच के लिए इलाके की वीडियोग्राफी भी कर रहे हैं और उसका नक्शा भी तैयार कर रहे हैं। संदेशखालि से तृणमूल कांग्रेस के विधायक सुकुमार महता ने एक बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि पांच जनवरी को उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने में सहायता का अनुरोध करते हुए शेख को फोन किया था, लेकिन शेख ने कहा था कि वह क्षेत्र में नहीं हैं।

14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आकर झुलसे

कोटा/जयपुर। राजस्थान के कोटा में महाशिवरात्रि के मौके पर शुक्रवार को शिव बारात में भाग लेने वाले 14 बच्चे बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गये।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे के घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन को उचित निर्देश दिए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सगतपुरा इलाके में 10 से 16 साल की उम्र के बच्चे कम ऊंचाई वाले हाई टेंशन तार की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि एक बच्चा 100 फीसदी तक झुलस गया जबकि दूसरा बच्चा करंट लगने से 50 फीसदी तक झुलस गया। अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को आनन-फानन में कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान ने पीटीआई-भाषा को बताया कि घटना शुक्रवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे से 12 बजे के बीच उस समय हुई, जब शिव बारात कालीबस्ती से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी दौरान यात्रा में शामिल एक लड़का, जिसने 22 फुट ऊंचा डंडा पकड़ा हुआ था, ऊपर से गुजर रहे हाई-टेंशन तार के संपर्क में आ गया। डंडे के ऊपर एक झंडा भी लगा हुआ था।

महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 90 लाख टन

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के चीनी आयुक्त अनिल कवाडे ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में चीनी का उत्पादन पेराई सत्र 2023-24 में अब तक 90 लाख टन तक पहुंच गया है और यह देश भर के उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि देश में चीनी का उत्पादन अब तक लगभग 264 लाख टन है।

कवाडे ने कहा, महाराष्ट्र का चीनी उत्पादन लगभग 90 लाख टन तक पहुंच गया है, जो राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत है। राज्य में चीनी उत्पादक कारखाने अभी भी चालू हैं और पांच लाख टन और चीनी का उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चालू पेराई सत्र में राज्य की 204 मिलों ने चीनी का उत्पादन

किया। अब तक 15 कारखानों ने उत्पादन बंद कर दिया है लेकिन शेष कारखानों में काम मार्च के अंत तक जारी रह सकता है। आयुक्त ने कहा, इस साल राज्य में चीनी उत्पादन लगभग 5-10 लाख टन कम हो सकता है क्योंकि कम बारिश से गन्ने की फसल प्रभावित हुई है। पिछले पेराई सत्र के दौरान यह उत्पादन 105 लाख टन रहा था।

भाजपा ने ममता पर लगाया शेख को बचाने का आरोप

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शुक्रवार को विपक्ष पर हमला बोला और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार अपनी पार्टी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को बचा रही है।

शेख पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप है। पूनावाला ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक तरफ प्रधानमंत्री बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ममता दीदी पश्चिम बंगाल के संदेशखालि से शाहजहां बचाओ का संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) लड़की हूं लड़ सकती हूं जैसे अभियान चलाते हैं लेकिन महिला सशक्तीकरण के लिए कुछ नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलेचना करते हुए पूनावाला ने कहा कि अभियान और नारे लगाने के बजाय, उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होना चाहिए। वह जांच में सहयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। वह केंद्रीय एजेंसियों के सामने पेश होने में इतना संकोच क्यों कर रहे हैं? आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल के नारे के साथ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की।

शाकाहारी थाली महंगी, मांसाहारी हुई सस्ती

मुंबई। प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई जबकि चिकेन सस्ता होने से मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने रोटी चावल कीमत पर शुक्रवार को जारी अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि फरवरी में पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट के कारण मांसाहारी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हो गई है। शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। इस थाली में रोटी, सब्जी (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है। इसके अलावा चावल और दाल भी महंगी हुई हैं। हालांकि जनवरी के 28 रुपये की तुलना में पिछले महीने की शाकाहारी थाली सस्ती है। मांसाहारी थाली के मामले में कीमत एक साल पहले की अवधि में 59.2 रुपये की तुलना में घटकर 54 रुपये हो गई। हालांकि जनवरी के 52 रुपये की तुलना में अधिक है। इस थाली में शाकाहारी थाली वाली दाल की जगह चिकन ने ले ली है। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 20 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका कुल मूल्य में 50 प्रतिशत भारांश है।

सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण यही है। रिपोर्ट के मुताबिक, आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू फैलने से रमजान के पवित्र महीने से पहले आपूर्ति प्रभावित होने और मांग बढ़ने से फरवरी में ब्रॉयलर की कीमतों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जैप एक्स, ब्रेन ट्यूमर उपचार में लायेगा क्रांति

नई दिल्ली। महज 30 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का इलाज संभव है। यह एक ऐसी अत्याधुनिक तकनीक से मुमकिन हुआ है जिसे पूरे दक्षिण एशिया में पहली बार भारत में अपोलो हॉस्पिटल्स ने लॉन्च किया है। 30 मिनट के सत्र में मरीज को इस प्रक्रिया के तहत न कोई दर्द और न किसी तरह का दुष्प्रभाव होने वाला है।

जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का काम करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तकनीक आने वाले दिनों में ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। जानकारी के अनुसार, भारत के सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप ने जैप-एक्स जाइरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी प्लेटफॉर्म का अनावरण किया है। यह



एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह दक्षिण एशिया में पहली बार उपलब्ध हुई है। जैप एक्स के साथ अपोलो हॉस्पिटल्स न सिर्फ भारत ब?ल्कि दुनिया भर में मरीजों के लिए विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल समाधान प्रदान करने के लिए नवाचार और प्रतिबद्धता की अपनी विरासत को जारी रखे हुए है। जैप-एक्स तकनीक ब्रेन ट्यूमर के इलाज में एक नए युग की शुरूआत कर रही है। यह मरीजों को केवल 30 मिनट तक चलने वाले सत्र के साथ एक गैर-आक्रामक, दर्द-मुक्त विकल्प प्रदान करता है। यह परिवर्तनकारी तकनीक न्यूनतम विकिरण जोखिम के साथ परिशुद्धता को फिर से परिभाषित करती है, जिससे प्रभावशीलता और रोगी आराम में नए मानक सक्षम होते हैं। पारंपरिक तरीकों के विपरीत जैप-एक्स हजारों संभावित कोणों से रेडियो सर्जिकल बीम को निर्देशित करने के लिए एक स्व-परिरक्षित, जाइरोस्कोपिक रैखिक त्वरक डिजाइन का उपयोग करता है। यही कारण है कि यह तकनीक सीधे ट्यूमर पर विकिरण को सटीक रूप से केंद्रित करती है।

पेज एक का शेष

योगी ने बांसगांव

बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है।

सीएम योगी शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात भी दी। सीएम ने 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं पेयजल, सड़क और बाढ़ बचाव कार्यों से संबंधित हैं।

सीएम योगी ने कहा कि यह सीबीजी प्लांट वेस्ट को वेल्थ में बदलने और किसानों की आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा उदाहरण है। यह आम के आम और गुठलियों के दाम कहावत को चरितार्थ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले धुरियापार में लगी चीनी मिल, गन्ना न मिलने से एक सत्र भी नहीं चल पाई थी। तब लोगों ने यह मान लिया और कि यहाँ कुछ हो नहीं सकता है। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप यहां उद्योग बनकर तैयार हो गया है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की मंशा भी यही है कि अन्नदाता किसानों की आय बढ़े। उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा।

सीएम ने कहा कि दक्षिणांचल को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से गीडा से जोड़ा जा रहा है। इसका कार्य अंतिम चरण में है। लिंक एक्सप्रेसवे के साथ ही रामजानकी मार्ग का काम तेजी से चल रहा है। गीडा के विस्तार से दक्षिणांचल नए युग में प्रवेश कर जाएगा। तब यहां के नौजवानों को नौकरी और रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा बल्कि देश दुनिया के लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। स्किल डेवलपमेंट से यहां युवाओं को और अवसर मिलेंगे।

गोरखपुर। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की पहचान विकास के साथ आस्था का सम्मान करने से जुड़ी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया एक नए भारत का दर्शन कर रही है। यहां विकास है, आस्था का सम्मान है, सुरक्षा का वातावरण है, नौजवानों के लिए आजीविका है। विरासत के सम्मान और विकास के अद्भुत समन्वय से देश दुनिया की तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन रहा है। अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आपके घर की चिंता करती है तो आपकी आस्था का भी सम्मान करती है। उन्होंने सांसद और विधायक का आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र की महिलाओं को श्री रामलला के दर्शन कराएं।

यूपी में होंगे

की दिशा में बड़ा प्रयास है। इंडियन ऑयल की तरफ से यह प्लांट 165 करोड़ रुपये की पूंजी निवेश से स्थापित हुआ है। इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा। बायोगैस प्लांट में प्रतिदिन लगभग 20 मीट्रिक टन बायोगैस और 125 मीट्रिक टन जैविक खाद का उत्पादन होगा। जैविक खाद से कृषि की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलेगी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लाई गई ग्रीन हाइड्रोजन नीति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेक्टर में तेजी से निवेश होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में उनके गोद लिए जिले सोनभद्र में भी ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट लगाने की व्यवस्था कराई जाएगी।

घर बैठे वोट

वर्ग सें ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा। भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर सम्बंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ की ओर से घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा। भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा। फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट ६६६.ीूं.ङ्क५.ल्ल के होम पेज पर मीनू के अन्तर्गत लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा। बता दें कि केंद्र सरकार ने हाल ही में पोस्टल बैलेट के जरिए वोट करने के लिए उम्र सीमा 80 से बढ़ाकर 85 साल कर दिया है। यानी अब 85 से नीचे उम्र के बुजुर्गों को वोट डालने के लिए अनिवार्य तौर पर मतदान केंद्रों पर आना होगा। इससे पहले 80 साल से ऊपर के बुजुर्गों को पोस्टल बैलेट की सुविधा मिली हुई थी। केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग से विचार-विमर्श करने के बाद चुनाव संचालन नियम (1961) में संशोधन किया है। सरकार ने ये बदलाव पिछले 11 विधानसभा चुनावों में बुजुर्गों के वोटिंग पैटर्न को देखते हुए किया है। इन चुनावों में 80 साल से ऊपर के 97 से 98 फीसदी बुजुर्गों ने पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करने के बजाय मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालना पसंद किया था। इसे देखते हुए ही सरकार ने 2020 में किए गए इस प्रावधान में संशोधन किया है। मालूम हो कि चुनाव संचालन नियमों के नियम 27ए के अनुसार, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, विकलांग व्यक्तियों, चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मियों और सेना के कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट यानी डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है।

अंतरराष्ट्रीय महिला

का लक्ष्य परिवारों की भलाई और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए इज ऑफ लिविंग (सुगमता से जीवनयापन) सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

इससे पहले, मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को बधाई दी, उनकी ताकत, साहस और दृढ़ता को सलाम किया और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पिछले दशक की हमारी उपलब्धियों में भी परिलक्षित होता है। प्रधानमंत्री ने आज के दिन यह घोषणा भी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाजसेवी और लेखिका सुधा मूर्ति को शुक्रवार को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है।

मोदी ने कहा कि उच्च सदन में उनकी मनोनयन नारी शक्ति का एक सशक्त प्रमाण है, जो राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण भी है। उन्होंने कहा मुझे खुशी है कि भारत की राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति जी को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान असीम और प्रेरणादायक रहा है।

इंफोसिस के सह-संस्थापक एन. आर. नारायणमूर्ति की पत्नी मूर्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष भी हैं और उन्होंने कई किताबें लिखी हैं। मूर्ति 73 वर्ष की हैं और संसद के उच्च सदन के लिए उनका मनोनयन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन हुआ है। उन्हें वर्ष 2006 में पद्मश्री और 2023 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इसके बाद प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक पोस्ट में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और छोटे-छोटे वीडियो साझा करते हुए इनसे महिलाओं को मिल रहे लाभ को रेखांकित किया। पीएम स्वनिधि योजना का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इससे गरीब से गरीब कामगारों के जीवन में भी खुशियां आई हैं और इनमें बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना देशभर में महिलाओं को सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बन रही है। उन्होंने कहा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हमारी माताएं-बहनें और बेटियां विकसित भारत के निर्माण की एक मजबूत कड़ी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा एक घर सम्मान का आधार होता है। यह वह जगह है जहां सशक्तीकरण शुरू होता है और सपने उड़ान भरते हैं। पीएम-आवास योजना महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक गेम-चेंजर रही है।

प्रधानमंत्री ने क्रिएट

को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, शीर्ष अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। साथ ही, आयोग को अपनी वेबसाइट पर 13 मार्च तक यह जानकारी प्रकाशित करने को कहा था। एसबीआई ने चार मार्च को, राजनीतिक दलों द्वारा भुनाये गए चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। अपनी अर्जी में, एसबीआई ने दलील दी है कि प्रक्रिया को पूरा करने में समय लगेगा। अर्जी में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड को डीकोड (कूट रहित) करना और चंदे का मिलान इसे देने वालों से करना एक जटिल प्रक्रिया होगी। अर्जी में दलील दी गयी है, बॉण्ड जारी करने से जुड़े आंकड़े और बॉण्ड को नकदी में परिवर्तित करने से संबद्ध आंकड़े दो अलग-अलग स्थानों पर हैं।

वायनाड से फिर

हैं कि राहुल गांधी एक बार फिर अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। पिछली बार उन्हें केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार का सामना करना पड़ा था। यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे तो वेणुगोपाल ने कहा, इस सूची के बारे में सीईसी ने बृहस्पतिवार को फैसला किया था...सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च हो होगी। अगली बैठक के बाद हम सूची के बारे में बताएंगे। सूची का इंतजार करिए। वेणुगोपाल ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस अधिक से अधिक सीटें जीतने की कोशिश में है ताकि केंद्र से फासीवादी सरकार को हटाया जा सके। उन्होंने कहा, इस लोकसभा चुनाव से देश के भविष्य का फैसला होगा। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक सीट जीतने का है। कांग्रेस के संगठन महासचिव का कहना था कि आने वाली सूचियों में और भी वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल होंगे। कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 उम्मीदवार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। 12 उम्मीदवार 50 साल से कम उम्र के हैं। आठ उम्मीदवार 50 से 60 वर्ष के बीच के और 12 उम्मीदवार 61 से 70 साल के बीच के जबकि सात उम्मीदवार 71 से 76 साल के बीच के हैं।

125 देशों ने

आज भी भारत के कुछ हिस्सों पर एक अन्य देश का कब्जा है, लेकिन हमने इस पर दुनिया को यह कहते नहीं देखा कि चलो हम सभी भारत का साथ दें। जयशंकर ने कहा आज हमें बताया जा रहा है कि यह सिद्धांतों का मामला है। काश, मैं यह सिद्धांत पिछले 80 वर्ष में देखता। मैंने इन सिद्धांतों को मनमाने ढंग से इस्तेमाल करते हुए देखा है। उन्होंने कहा मैं कहूंगा कि हमारे साथ अन्याय किया गया। मैं इसकी पैरवी नहीं कर रहा हूं कि हर किसी के साथ ऐसा किया जाना चाहिए। हमारा रुख बहुत स्पष्ट रहा है। मेरे प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बगल में खड़े होकर कहा है कि हम इस संघर्ष को खत्म होते देखना चाहते हैं। एशियाई पड़ोसी देश होने के नाते भारत के सामरिक महत्व पर जयशंकर ने कहा, यूक्रेन में हो रहे संघर्ष के कारण ऊर्जा की कीमतें बढ़ गयी हैं।

रोहित-गिल के शतक से भारत को 255 रन की लीड

डेब्यू टेस्ट में देवदत्त पड़िक्कल ने जड़ा शानदार अर्धशतक, सरफराज खान ने भी 56 रन की पारी खेली

धर्मशाला। शोएब बशीर की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन आखिरी सत्र में विकेट चटकाये लेकिन भारत ने पहली पारी में आठ विकेट पर 473 रन बना लिये। भारत के पास 255 रन की बढत है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर कुलदीप यादव 27 और जसप्रीत बुमराह 19 रन बनाकर खेल रहे थे। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने शतक जड़े। इसके अलावा भारत के पांच शीर्ष बल्लेबाजों ने अर्धशतक पूरा किया। वहीं,इंग्लैंड के लिए बशीर ने सर्वाधिक चार विकेट लिये।

शुभमन गिल ने जड़ा शतक : पहले दिन भारत ने केवल एक विकेट गंवाया था। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 57 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। भारत को पहला झटका 104 के स्कोर पर लगा था।उसके बाद रोहित और गिल के बीच दूसरे विकेट के लिए 171 रनों की साझेदारी हुई।

रोहित शर्मा ने 13 चौके और 3 छक्के की मदद से 103 रन बनाए, जबकि गिल 12 चौके और 5 छक्के की मदद से 110 रन बनाकर आउट हुए। गिल के बल्ले से काफी समय बाद शतक निकला है।

डेब्यू टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल ने जड़ा अर्धशतक, पारी के दौरान शॉट खेलते हुए

डेब्यू टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल ने जड़ा शानदार पचासा : इसी मैच में टेस्ट डेब्यू करने वाले भारतीय युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए 103 गेंदों पर 65 रन बनाए।उनका साथ सरफराज खान ने दिया, जिन्होंने 60 गेंद पर 56 रनों की तेज पारी खेली।रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल बड़ी पारी खेलने से चुके, लेकिन भारत के लिए शीर्ष बल्लेबाजों ने काफी रन जोड़ दिए है।भारत तीसरे दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में जल्दी-जल्दी आउट करने की कोशिश करेगा।

शोएब बशीर ने चटकाए 4 विकेट : इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार विकेट अपने नाम किये। बशीर ने जायसवाल, पडिक्कल, सरफराज और जुरेल का विकेट लिए। कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंदबाजी का मोर्चा संभाला और अपने स्पैल की पहली ही गेंद पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बोल्ड कर दिया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दूसरे दिन भारत की ओर से क्रीज पर जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव जमे हुए हैं. जसप्रीत 19 और कुलदीप 27 रन बनाकर खेल रहे हैं।

रोहित शर्मा ने की तेंदुलकर व द्रविड की बराबरी : भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का यह इंटरनेशनल क्रिकेट में 48वां शतक है, मगर इनमें से 35 शतक उन्होंने 30 की उम्र के बाद लगाए हैं।उन्होंने भारत के लिए 30 की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है।दोनों ही खिलाड़ियों के नाम इस दौरान 35-35 शतक दर्ज हैं।दूसरी ओर,रोहित शर्मा इस टेस्ट शतक के साथ भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ की बराबरी की है।दोनों के नाम भारत के लिए 48-48 शतक दर्ज है। इस सूची में विराट कोहली 80 शतकों के साथ दूसरे और सचिन तेंदुलकर 100 शतकों के साथ पहले पायदान पर हैं।

हेजलवुड के पंजे से आस्ट्रेलिया मजबूत

क्राइस्टचर्च । जोश हेजलवुड के पांच विकेट के दम पर आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड को 162 रन पर आउट कर दिया। केन विलियमसन और टिम साउदी के सौवे टेस्ट का जश्न इससे फीका पड़ गया। विलियमसन अपने सौवे टेस्ट में 17 रन पर आउट हो गए। न्यूजीलैंड के लिये सर्वाधिक 38 रन टॉम लाथम ने बनाये। साउदी ने 26 रन बनाये और मैट हेनरी (29) के साथ नौवे विकेट के लिये 55 रन जोड़े जो उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 124 रन बना लिये थे और वह सिर्फ 38 रन पीछे है।मार्नस लाबुशेन 45 और नाथन लियोन एक रन बनाकर खेल रहे थे। आस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय दो विकेट पर 32 रन था जब बेन सियर्स ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी तीसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ (11) को आउट किया। उस्मान ख्वाजा को हेनरी ने बोल्ड किया। पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले कैमरन ग्रीन 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हेजलवुड ने विलियमसन, लाथम, रचिन रविंद्र, डेरिल मिशेल और हेनरी के विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने विल यंग (14) और ग्लेन फिलिप्स (दो) के अलावा स्कॉट कुग्लेजिन (0) को पवेलियन भेजा।

संक्षेप

आईपीएल के पहले दो मैचों से बाहर रहेंगे वेड

मेलबर्न । मैथ्यू वेड आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस के लिए पहले दो मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि यह विकेटकीपर बल्लेबाज 21 से 25 मार्च तक शेफील्ड शील्ड फाइनल में तस्मानिया के लिए खेलेगा। आईपीएल का यह सत्र 22 मार्च से शुरू होगा। पिछली उपविजेता टाइटंस 25 मार्च को मुंबई इंडियंस से पहला मैच खेलेगी। इसके बाद 27 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है लेकिन वेड दोनों मैचों के लिये उपलब्ध नहीं हैं। वह 31 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के लिये आईपीएल के तीसरे मैच में उपलब्ध रहेंगे। तस्मानिया के मुख्य कोच जैफ वॉन ने होबार्ट में पत्रकारों से कहा , उसने अपनी आईपीएल टीम से बात कर ली है और उन्हें कोई ऐतराज नहीं है। हमें खुशी है कि उसके जैसा अनुभवी खिलाड़ी हमारी टीम में है। वेड ने 2022 में टाइटंस के लिये 10 मैचों में 157 रन बनाये थे लेकिन पिछले साल वह एक भी मैच नहीं खेल सके क्योंकि रिधिमान साहा को तरजीह दी गई।

अली जादरान का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

नयी दिल्ली । अफगानिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे उनका एक दशक से भी अधिक समय तक चले करियर का अंत हो गया।इस 35 वर्षीय बल्लेबाज ने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा इस मैच में 28 गेंद पर 45 रन बनाए थे। उन्होंने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच टेस्ट मैच के रूप में आयरलैंड के खिलाफ पिछले सप्ताह खेला था। फगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को ट्वीट किया कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नूर अली जादरान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने अफगानिस्तान की तरफ से दो टेस्ट, 51 वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें उन्होंने 1930 रन बनाए। उनके नाम पर 11 अर्धशतक और एक शतक दर्ज है। इस सलामी बल्लेबाज ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 2010 में खेला था जो अफगानिस्तान का इस प्रारूप में दूसरा मैच था।

ओडिशा के सात प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में 80,125 करोड़ रुपये के निवेश वाली सात प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से इस्पात, हरित ऊर्जा, दवा और रसायन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 24,552 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं खुर्दा, जगतसिंहपुर, झारसुगुड़ा, गंजम और भद्रक जिलों में हैं। इनमें ग्रैन्यूल्स लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैन्यूल्स सीजेडआरओ प्राइवेट लिमिटेड, ईजी सोलविन हाइब्रिड प्राइवेट लिमिटेड, एसीएमई ग्रीनटेक ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड, वारी क्लीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, एक्शन इस्पात और ओएफबी टेक प्राइवेट लिमिटेड की परियोजनाएं शामिल हैं।

केंद्र ने अतिरिक्त उधार लेने के केरल के अनुरोध को खारिज किया

नयी दिल्ली। केंद्र ने शुक्रवार को केरल से कहा कि वह 19,370 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उधार लेने की राज्य की मांग को लेकर सहमति नहीं दे सकता। केंद्रीय वित्त सचिव ने केरल के मुख्य सचिव वी वेणु की अगुवाई में आए अधिकारियों के एक दल को नयी दिल्ली में बैठक के दौरान यह जानकारी दी। बाद में वेणु ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार केंद्र सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे 19,370 करोड़ रुपये उधार लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय को यह बताया गया है कि राज्य को अतिरिक्त उधारी की क्यों जरूरत है। हमारे अनुरोध पर केंद्रीय वित्त सचिव ने विचार किया। हालांकि, वह इस पर सहमत होने के लिए तैयार नहीं थे। राज्य वित्त मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि केरल वास्तव में 19,370 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उधार लेने के लिए पात्र है। एक सूत्र ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उधार लेने के लिए आवंटित राशि को केंद्र सरकार ने गलती से कम कर दिया था।

कोहली के लंबे कॅरिअर का राज फिटनेस

● युवा क्रिकेटरों के लिए उदाहरण : डु प्लेसी

बेंगलुरू । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि फिटनेस को लेकर विराट कोहली का जुनून शीर्ष स्तर पर उनके लंबे कैरियर का राज है और युवा क्रिकेटरों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिये। कोहली ने बतौर कप्तान आरसीबी के ड्रेसिंग रूम में काफी बदलाव लाते हुए फिटनेस को खिलाड़ियों के जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाया। डु प्लेसी ने स्टार स्पोटर्स से कहा कि वह जबर्दस्त है। काफी मेहनत करता है और बहुत फिट है। अगर आज के दौर में लंबा कैरियर चाहिये तो यह करना ही होगा। वह शानदार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर लंबा कैरियर बनाने के लिये सिर्फ प्रतिभा से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा कि युवाओं को लगता होगा कि वे आकर सिर्फ प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक खेलते रहेंगे। लेकिन लंबे समय तक खेलने के लिये फिटनेस बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में विराट और मैं एक जैसे हैं। हम खेल के बारे में एक जैसा सोचते और देखते हैं। इसके अलावा कड़ी मेहनत करते हैं, फिट रहते हैं और अच्छा खाते हैं। इसी वजह से हमारा तालमेल भी शानदार है।

मुक्केबाज निशांत देव प्री क्वार्टर फाइनल में

बुस्तो अर्सिजियो (इटली)। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत देव जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को हराकर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरूषों के 71 किलोवर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने 5 . 0 से जीत दर्ज की। तोक्यो ओलंपिक क्वार्टर फाइनल खेलने वाले मेदीयेव के पास निशांत के मुक्कों का कोई जवाब नहीं था। इस बीच युवा विश्व चैम्पियन अंकुशिता बोरो (66 किलो) और राष्ट्रीय चैम्पियन संजीत (92 किलो) को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी। अंकुशिता को फ्रांस के सोंविको एमिली ने 3 . 2 से हराया। वहीं संजीत को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5 . 0 से मात दी। टूर्नामेंट में 590 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं जिनसे पेरिस ओलंपिक के लिये 49 कोटा (28 पुरूष और 21 महिला) हासिल होने हैं। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिये चार कोटे हासिल किये हैं जो निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति (54 किलो), परवीन हुडा (57 किलो) , लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) को मिले हैं।

सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू हारी

पेरिस । भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के मान वेइ चोंग और केइ वू ती को सीधे गेम में हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाया लेकिन क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैम्पियन चेन यू फेइ से हार गई। चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधू ने करीब डेढ घंटे तक चले मुकाबले में अपनी फिटनेस और कौशल की बानगी पेश की लेकिन 24 . 22, 17 . 21, 18 . 21 से पराजय झेलनी पड़ी।

सिंधू ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण जीता था। उसके बाद से पिछले दो मुकाबलों में वह चेन से हार चुकी है। चाइना ओपन 2023, मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 में उपविजेता रही सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी को 21 . 13, 21 . 12 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 32 मिनट तक चला। अब उनका सामना थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के से होगा। महिला क्वार्टर फाइनल में पी वी सिंधू की टक्कर चीन की चेन यू फेइ से होगी। घुटने की चोट से उबरकर वापसी कर रही सिंधू ने दुनिया की दसवें नंबर की खिलाड़ी झांग को पहले मैच में हराया था। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

मैच के दौरान भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

उन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोता को 21 . 18, 21 . 13 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त किंग चेन चेन और यि फान जिया की चीनी जोड़ी से होगा।

नागपुर ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त : सहजा यमलापल्ली के एकल तथा श्रीवल्ली भामिदिपति और वैदेही चौधरी के युगल में हारने के साथ ही शुक्रवार को यहां डब्ल्यू35 नागपुर ओपन आईटीएफ महिला टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पांचवी वरीयता प्राप्त सहजा को गैरवरीय डेयोन बैक से 4-6, I-6 से हार का सामना करना पड़ा इसके बाद युगल के वर्ग के सेमीफाइनल में कोरिया की येनवू कू और लिथुआनिया की जस्टिना मिकुलस्काइट ने श्रीवल्ली और वैदेही की स्थानीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 6-2, 2-6, 10-8 से हराया।

फरवरी में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 23 महीनों में सर्वाधिक

नयी दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ अपनी बढ़त जारी रखी जो पिछले 23 महीनों का सर्वाधिक मासिक निवेश है।

क्षेत्र आधारित कोषों के लिए बड़े पैमाने पर दिलचस्पी दिखाने और नई फंड पेशकश (एनएफओ) की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश बढ़ा है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश का फरवरी का आंकड़ा जनवरी के 21,780 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 23 प्रतिशत अधिक है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये योगदान जनवरी के 18,838 करोड़ रुपये को पार करते हुए फरवरी में 19,186 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के मुख्य कार्यपालक वेंकट चलसानी ने कहा, "हमने फरवरी 2024 में देखा कि 49.79 लाख नए एसआईपी पंजीकरण के साथ कुल 8.20 करोड़ एसआईपी खाते हो गए हैं। यह अनुशासित धन संचय के लिए निवेशकों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया, जो जनवरी के लगभग बराबर ही था। इसमें ऋण-उन्मुख योजनाओं में 63,809 करोड़ रुपये, इक्विटी योजनाओं में 26,866 करोड़ रुपये और हाइब्रिड योजनाओं में 18,105 करोड़ रुपये का योगदान रहा। मजबूत प्रवाह ने फरवरी के अंत में प्रबंधन-अधीन शुद्ध संपत्ति (एयूएम) को जनवरी के 52.74 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 54.54 लाख करोड़ रुपये कर दिया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर उछलकर 625.63 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.63 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर रहा था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को रोकने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, एक मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्राभंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.04 अरब डॉलर बढ़कर 554.23 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.18 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के मुताबिक समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत की आरक्षित जमा भी 4.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.79 अरब डॉलर रहा।

भारत में आम चुनाव से पहले एफटीए संभव

लंदन। ब्रिटेन की व्यापार मंत्री केमी बडेनोच ने कहा कि भारत के साथ जिस व्यापार समझौते पर चर्चा जारी है, उसे देश में आम चुनाव से पहले पूरा किया जा सकता है। उन्होंने हालांकि कहा कि ब्रिटेन, भारत के आम चुनाव को इस समझौते के लिए एक समय सीमा नहीं बनाना चाहता है।

केमी दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के लिए प्रभारी मंत्री हैं। एफटीए पर इस वक्त 14वें दौर की बातचीत जारी है। व्यापार मंत्री ने इशारा किया कि बातचीत लंबी चलने की एक वजह ब्रिटेन में उदार शासन की तुलना में भारत की संरक्षणवादी अर्थव्यवस्था है। बडेनोच बृहस्पतिवार को थिंक टैंक चैथम हाउस में एक वैश्विक व्यापार सम्मेलन के दौरान बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि वह चुनाव से पहले सिर्फ एक तस्वीर खिंचवाने की जगह व्यावसायिक रूप से एक सार्थक समझौता करना चाहती हैं। बडेनोच ने कहा, भारत अभी भी बहुत संरक्षणवादी है, जबकि हम बहुत, बहुत उदार हैं। उन्होंने कहा, मुझे सिर्फ एक तस्वीर लेने और आगे बढ़ने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसे व्यावसायिक रूप से सार्थक होना चाहिए... उदाहरण के लिए जैसा समझौता हमने ऑस्ट्रेलिया या जापान के साथ किया। भारत के साथ समझौते की समय सीमा के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, हम वास्तव में भारतीय चुनाव से पहले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। हालांकि, जरूरी नहीं कि ऐसा ही हो, क्योंकि मैं किसी भी चुनाव का समय सीमा के रूप में इस्तेमाल नहीं करना चाहती।

लैंगिक विविधता, समावेशन सिर्फ आदर्शवादी बातें नहीं, बल्कि एक रणनीतिक जरूरत: आईटी उद्योग

नयी दिल्ली। भारतीय आईटी उद्योग में शुरुआती और मध्य स्तर के कार्यबल में अब अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ लैंगिक विविधता में महत्वपूर्ण प्रगति देखी जा रही है।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज हस्तियों के अनुसार हालांकि शीर्ष स्तर और पुरुष प्रधान कॉरपोरेट निदेशक मंडलों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है और इस दिशा में बहुत काम करने की ज़रूरत है। विशेषज्ञों ने कहा कि अगर कोई संगठन लैंगिक समानता की दिशा में सक्रिय रूप से काम नहीं करता है तो उसके लंबे व्यावसायिक जीवन काल की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के साथ ही व्यावसायिक जिम्मेदारियां भी अच्छी तरह निभा रही हैं। महिलाओं की शिक्षा के लिहाज से भारत का प्रदर्शन बुरा नहीं है। आज हमारे देश में 29.5 प्रतिशत इंजीनियर महिलाएं हैं, जो ऑस्ट्रेलिया (14.5 प्रतिशत) और ब्रिटेन (16.9 प्रतिशत) जैसे देशों की तुलना में बहुत अधिक है। बिड़लासॉफ्ट की सीएफओ कामिनी शाह का मानना है कि भारतीय आईटी उद्योग ने लैंगिक विविधता में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है और 20 लाख से अधिक महिलाएं अब कार्यबल में योगदान दे रही हैं। ज्यादातर संगठनों में वरिष्ठ कार्यकारी स्तर और बोर्ड स्तर पर महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अब हमारे पास कनिष्ठ और मध्य कार्यकारी स्तरों पर पहले से कहीं अधिक संख्या में महिलाएं हैं। ये प्रतिबद्ध, नवोन्वेषी और महत्वाकांक्षी हैं। आज यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हो। उन्होंने कहा कि अगर किसी संगठन में समान लैंगिक प्रतिनिधित्व नहीं है, तो उसका जीवन काल लंबा नहीं हो सकता है। दूसरी ओर जोहो कॉरपोरेशन की कार्यक्रम प्रबंधक श्यामला रमेश ने कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई महिलाएं बीच में ही करियर छोड़ देती हैं, क्योंकि उन्हें वैसा समर्थन नहीं मिलता, जिसकी उन्हें जरूरत है। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं की जिम्मेदारियां पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से कई गुना बढ़ गई हैं। महिलाओं को यह साबित करने के लिए दोगुनी मेहनत करने की जरूरत है कि वे अपने पुरुष समकक्ष से कम नहीं हैं।

146 देशों के एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 29.2 प्रतिशत है। इस अंतर को भरना बहुत जरूरी है।

लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। सरकार ने एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिये विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। वित्त मंत्रालय ने इस संदर्भ में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत मिलेगा। पीपीएफ और बचत जमा पर भी ब्याज दरें क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर एक अप्रैल से 30 जून, 2024 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत होगी। मासिक आय योजना के लिए ब्याज दर चालू तिमाही की तरह 7.4 प्रतिशत होगी। सरकार हर तिमाही में मुख्य रूप से डाकघरों में संचालित छोटी बचत योजनाओं पर देय ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

डार्क सीरीज में नयी नेक्सॉन.ईवी नेक्सॉन, हैरियर और सफारी लॉन्च

मुंबई। टाटा मोटर्स ने न्यू फॉरएवर की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरते हुए आज अपने आईसीई और ईवी दोनों वैरिएंट में फ्लैगशिप #डार्क अवतार में भारत के सबसे ज्यादा बिकने वाले नंबर #1 एसयूवी ब्रांडनेक्सॉन का अनावरण किया है। इस सफल रेंज को आगे बढ़ाते हुए कंपनी ने अपनी प्रीमियम एसयूवी - नई सफारी और नई हैरियर को उनके #डार्क एडिशंस में भी लॉन्च किया है। नई नेक्सॉन सीरीज में 11.45 लाख की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध, #डार्क रेंज अपने लॉन्च के बाद से ही इंडस्ट्री में एक ट्रेंडसेटर रही है। # डार्क संस्करण ने वास्तव में नई पीढ़ी की कल्पना को कैद किया है, जो उनकी लगातार बदलती पसंद और प्राथमिकताओं को दर्शाता है। आकर्षक बाहरी डिजाइन और सुविधाओं से भरपूर इंटीरियर के साथ, नेक्सॉन, हैरियर और सफारी से मिलकर बना नया #डार्क परिवार वापस आ गया है।

सहकारिता क्षेत्र पर डाटाबेस शुरू

नयी दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी जानकारी को लेकर आंकड़ों की सूची (डाटाबेस) जारी की। यह कदम सहकारी क्षेत्र की दक्षता और प्रभावशीलता में योगदान देगा। शाह ने डाटाबेस शुरू करते हुए कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि डाटाबेस को विकसित करने में लगभग दो साल लग गए और अब कोई भी कंप्यूटर पर माउस के एक क्लिक के साथ सहकारी क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि डाटाबेस की पेशकश, सहकारी क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय डाटाबेस के तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैली 29 करोड़ से अधिक की सामूहिक सदस्यता वाली आठ लाख सहकारी समितियों के बारे में जानकारी एकत्र की गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस केंद्रीय मंत्रालय, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों और सहकारी समितियों के बीच कुशल संचार के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में कार्य करता है। इससे सहकारी क्षेत्र के सभी अंशधारकों को लाभ होता है।

बिहार में ओबीसी सम्मेलन में भाग लेंगे शाह

पटना। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पिछड़े वर्गों के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों के बारे में शनिवार को बिहार में होने वाले एक सम्मेलन में भाग लेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के अध्यक्ष के. लक्ष्मण ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशभर में ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित किए जा रहे 10,000 सामाजिक सम्मेलनों के तहत यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रहे हैं। ओबीसी और ईबीसी (अत्यधिक पिछड़ा वर्ग) की संख्या आबादी की 50 फीसदी से अधिक है और उन्हें यह बताने की आवश्यकता है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में उनके लिए क्या किया है। लक्ष्मण ने बताया कि शनिवार को पटना के बाहरी इलाके पालीगंज में आयोजित होने वाला कार्यक्रम इसी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने और नीट परीक्षाओं तथा नवोदय विद्यालयों में कोटा देने जैसे कदम पिछड़ा वर्ग की बेहतरी के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी समुदाय की महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण पर विपक्षी दलों की मांग के बारे में पूछे जाने पर लक्ष्मण ने कहा, पहले उन्हें हमें यह बताना चाहिए कि पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में लाए विधेयक के मसौदे में उप-आरक्षण को जगह क्यों नहीं दी गयी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की ओबीसी जाति को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों से ओबीसी के प्रति कांग्रेस की शत्रुता झलकती है।

महिलाएं जन्म से ही नेतृत्व की भूमिका में रहती हैं : उप राष्ट्रपति

बेंगलुरु। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के साथ मनाया।

इस अवसर पर उन्होंने लैंगिक विविधता और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समावेशी संस्कृति के लिए अंतरिक्ष एजेंसी की प्रशंसा की और इसे अन्य संगठनों के लिए एक उपयुक्त उदाहरण बताया।बेंगलुरु स्थित इसरो के यू आर राव उपग्रह केंद्र पर वैज्ञानिक समुदाय से संवाद करते हुए धनखड़ ने कहा, भारत की रॉकेट वुमेन हमें आकाश और उससे भी आगे ले जा रही हैंअ उन्होंने अपने लिए और हमारी प्रगति के लिए पूर्व तय मानकों से आगे जाने की सीमाएं तोड़ दी हैं। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ महिला दिवस भी मनाया और कहा, एक महिला हमेशा जन्म से ही नेतृत्व की भूमिका में होती है। उपराष्ट्रपति ने कहा, यह ध्यान दिये जाने वाली बात है कि वर्तमान में इसरो में वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षेत्रों में करीब 20 प्रतिशत महिलाएं हैं तथा प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक मामलों में 500 से अधिक महिला कर्मचारी विभिन्न स्तर पर नेतृत्व भूमिका निभा रही हैं।

संक्षेप

भारतीयों की भर्ती को मजबूती से उठाया गया है: विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि रूसी सेना के साथ काम करने के लिए कई भारतीय नागरिकों के साथ धोखाधड़ी मामले को भारत ने रूस के समक्ष मजबूती से उठाया है ताकि उन लोगों की शीघ्र रिहाई हो सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि झूठे प्रलोभन और वादों पर भारतीयों को भर्ती करने वाले एजेंट और ऐसे कृत्यों में संलिप्त तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्वाई शुरू की गई है। जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कल कई शहरों में तलाशी लेकर और सबूत इकट्ठा करते हुए एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

गाजा के लिए रवाना होगा एक जहाज

निकोसिया (साइप्रस)। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा है कि साइप्रस से फलस्तीनी क्षेत्र तक सीधे सहायता पहुंचाने वाले एक नए मानवीय समुद्री गलियारे का परीक्षण करने के एक अभियान के तहत एक जहाज शुक्रवार को गाजा के लिए रवाना होगा। लेयेन ने कहा कि मानवीय आपदा का सामना कर रहे गाजा को बड़ी मात्रा में सहायता पहुंचाने के लिए यूरोपीय संघ, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर समुद्री गलियारा शुरू कर रहा है। उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गलियारे को रविवार की सुबह खोल दिया जायेगा।

बाइडन ने ट्रम्प पर साधा निशाना

कहा-अमेरिका और दुनिया भर में लोकतंत्र खतरे में

वाशिंगटन। दूसरे कार्यकाल की मांग करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने प्रतिद्वंद्वी और पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ तीखा हमला किया है और उन पर देश के भीतर और विश्व स्तर पर लोकतंत्र को खतरे में डालने, रूस के सामने घुटने टेकने और नाराजगी, बदला और प्रतिशोध का समर्थन करने का आरोप लगाया है। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने अंतिम स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बाइडन ने ट्रम्प का नाम लिए बिना, उनका उल्लेख अपने पूर्ववर्ती के रूप में किया। बाइडन ने एक घंटे से अधिक समय तक चले अपने भाषण में 13 बार ट्रम्प का उल्लेख किया।

सुपर ट्यूज़डे के बाद, नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में बाइडन और ट्रम्प के बीच दोबारा मुकाबले का रास्ता साफ हो गया है। इक्यासी वर्षीय बाइडन अमेरिका के सबसे उम्रदराज़ राष्ट्रपति हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के संबंध में हालिया टिप्पणी से लेकर आव्रजन, 6 जनवरी के विद्रोह, गर्भपात और बंदूक नियंत्रण जैसे कई मुद्दों पर 77 वर्षीय ट्रम्प

की आलोचना की। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडन ने कहा, एक राष्ट्रपति, मेरे पूर्ववर्ती, जो सबसे बुनियादी कर्तव्य में विफल रहे। किसी भी राष्ट्रपति का अमेरिकी लोगों की देखभाल करने का कर्तव्य है। यह अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि अब, मेरे पूर्ववर्ती, एक पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति, पुतिन से कहते हैं, जो कुछ भी आप करना चाहते हैं, वह करें। दरअसल एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक रूसी नेता के आगे झुकते हुए ऐसा कहा था। यह अपमानजनक है, यह खतरनाक है। यह अस्वीकार्य है। ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि वह रूस को किसी भी नाटो सदस्य देश के खिलाफ जो कुछ भी वे चाहते हैं करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जो रक्षा पर खर्च संबंधी दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करता है। एक चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति में कि ट्रम्प ने कहा था कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बनते हैं, तो गठबंधन के सामूहिक रक्षा संबंधी प्रावधान का पालन नहीं करेंगे। बाइडन ने कहा कि वह देश के इतिहास में सबसे कठिन दौर में से एक से अमेरिका को बाहर निकालने के दृढ़ संकल्प के साथ सत्ता में आए थे। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति लिंकन के समय से और गृह युद्ध के बाद से यहां घरेलू स्तर पर स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर वैसा हमला नहीं हुआ, जैसा कि आज हो रहा है। जो बात हमारे इस दौर को दुर्लभ बनाती है, वह यह है कि एक ही समय में, देश और विदेश दोनों जगह स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। विदेश में, रूस के पुतिन आगे बढ़ रहे हैं, यूक्रेन पर हमला कर रहे हैं और पूरे यूरोप और उसके बाहर अराजकता फैला रहे हैं।

भारत ने यूएनएससी सुधार के लिए जी4 देशों की ओर से पेश किया विस्तृत मॉडल

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए जी4 देशों की ओर से एक विस्तृत मॉडल पेश किया, जिसमें महासभा द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से नए स्थायी सदस्यों को चुने जाने और वीटो के मामले पर लचीलेपन को अपनाए जाने का प्रावधान है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) के दौरान कहा कि अगले साल होने वाली संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ काफी समय से लंबित विषय पर ठोस प्रगति करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। कंबोज ने ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बहस, संवाद और अंततः बातचीत के लिए जी4 मॉडल पेश किया। इन प्रस्तावों को बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र सदस्यों से मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ। कंबोज ने महासभा में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के साथ विस्तृत जी4 मॉडल साझा करते हुए कहा, जब 1945 में परिषद की स्थापना की गई थी, तब की वास्तविकताएं, आधुनिक युग और नई सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं से काफी समय पहले बदल गई हैं और इसमें बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन नई वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए जी4 मॉडल का प्रस्ताव है कि छह स्थायी और चार या पांच गैर-स्थायी सदस्यों को जोड़कर सुरक्षा परिषद की सदस्यता मौजूदा 15 से बढ़कर 25-26 की जाए।सुरक्षा परिषद में दो अफ्रीकी देशों और दो एशिया प्रशांत देशों, एक लातिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई देश तथा पश्चिमी यूरोपीय एवं अन्य क्षेत्रों से एक देश को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। जी4 मॉडल के अनुसार, सदस्यता की दोनों श्रेणियों में प्रमुख क्षेत्रों के स्पष्ट रूप से कम प्रतिनिधित्व और गैर-प्रतिनिधित्व के कारण सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना इसकी वैधता और प्रभावशीलता के लिए हानिकारक है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि संघर्षों से निपटने और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में परिषद की असमर्थता सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। कंबोज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जी4 मॉडल यह नहीं बताता कि कौन से देश नए स्थायी सदस्य होंगे।

आयकर अधिकरण ने कांग्रेस की अपील को खारिज किया

नयी दिल्ली। आयकर अपीलीय अधिकरण ने पिछले वर्षों के टैक्स रिटर्न में विसंगतियों के लिए जुर्माना लगाने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की अपील को शुक्रवार को खारिज कर दिया। पार्टी ने कहा कि वह सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रही है और बहुत जल्द इसके खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख करेगी। सूत्रों ने बताया कि अधिकरण ने शुक्रवार को यहां आयकर विभाग द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाए जाने के खिलाफ कांग्रेस की अपील खारिज कर दी। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि पार्टी सभी कानूनी विकल्प तलाश रही है और बहुत जल्द उच्च न्यायालय का रुख करेगी। भाजपा सरकार ने जानबूझकर यह समय चुना जब आम चुनाव होने हैं।

पिता ने जिम प्रशिक्षक बेटे की कैंची घोंपकर की हत्या

नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली में एक पिता ने जिम प्रशिक्षक बेटे की उसकी शादी से एक दिन पहले कथित रूप से कैंची घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी पिता ने बार-बार किए गए अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात रंगलाल सिंघल को गिरफ्तार किया। सिंघल ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसने अपने बेटे गौरव की उसकी शादी से एक दिन पहले हत्या कर दी। दक्षिणी दिल्ली के देवली एक्सटेंशन में पिछली रात को 29 वर्षीय गौरव सिंघल की उसकी शादी से कुछ घंटे पहले ही उसके घर में चेहरे और सीने पर 15 बार कैंची से वार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने कहा कि रंगलाल सिंघल को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक उसने अपने बेटे की हत्या की साजिश सावधानीपूर्वक रची थी ताकि किसी को इसकी खबर न लगे। इस मामले की जांच से जुड़े अधिकारी ने कहा कि उसने अपने बेटे की हत्या करने के लिए जानबूझकर रात साढ़े 10 से 11 बजे के आसपास का समय चुना था।

ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री थेरेसा 27 साल के बाद राजनीति से लेंगी संन्यास

लंदन। ब्रिटेन की 2016 से 2019 तक प्रधानमंत्री रहीं थेरेसा मे ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले रही हैं। 27 साल तक संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कामन्स की सदस्य रहीं मे ने अगला आम चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। थेरेसा मे (67) को जून 2016 के जनमत संग्रह के मद्देनजर संसद के माध्यम से ब्रेक्जिट समझौता कराने में मुश्किल का सामना करना पड़ा और अंततः 2019 में उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि दक्षिण पूर्व इंग्लैंड के मैडनहेड निर्वाचन क्षेत्र से अगला चुनाव नहीं लड़ने का फैसला मुश्किल था। वह कंजर्वेटिव पार्टी की ओर से 1997 से सांसद थीं और बर्कशायर सीट से सात बार निर्वाचित हुई थीं। थेरेसा मे ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद मैंने फिर से संसद में पिछली सीट पर बैठने का आनंद लिया और इस दौरान मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों एवं अपना पसंदीदा काम करने का मौका मिला जिसमें आधुनिक दासता और मानव तस्करी पर एक वैश्विक आयोग की शुरुआत भी शामिल है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com